वर्ष-07 · अंक 283
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
सोमवार,20 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

गोंडा में एफएसडीए की बड़ी कार्रवाई, तीन अवैध गोदामों से ......... 3
देश सरकार ने विशेष प्रवर्तन अभियान से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण ...... 4
खेल प्रतियोगिताएं में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, टीम भावना........ 11

# मानसून सत्र में सरकार लाएगी पांच नए विधेयक




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान केंद्र सरकार कई महत्वपूर्ण विधायी प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखेगी। सरकार ने इस बार पांच नए विधेयक पेश करने की तैयारी की है, जिनमें आयकर सुधार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को मजबूती, सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कानून में संशोधन तथा राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े प्रावधानों में बदलाव शामिल हैं। इन विधेयकों को सरकार आर्थिक सुधार, न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े कानूनों को और प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम मान रही है। सबसे अधिक चर्चा राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 को लेकर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्यसभा में यह विधेयक पेश करेंगे। प्रस्तावित संशोधन के तहत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को भी राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान कानूनी संरक्षण प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई व्यक्ति 'वंदे मातरम्' के गायन में बाधा डालता है, उसके सम्मान को ठेस पहुंचाता है या किसी भी रूप में उसका अपमान करता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी। वर्तमान में राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 के तहत राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान को दंडनीय अपराध माना गया है, जिसके लिए अधिकतम तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। प्रस्तावित संशोधन के बाद राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' को भी इसी कानूनी सुरक्षा के दायरे में शामिल किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है, जब देशभर में 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय सभी राज्यों को निर्देश जारी कर चुका है कि जहां भी सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान का गायन हो, वहां राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का गायन या वादन भी सुनिश्चित किया जाए। मानसून सत्र में सरकार आयकर (संशोधन) विधेयक, 2026 भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य पहले जारी किए गए अध्यादेश को कानून का रूप देना है। सरकार का कहना है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता के बीच भारत के सॉवरेन डेट मार्केट को मजबूत करना आवश्यक है। प्रस्तावित संशोधन के तहत विदेशी निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों से मिलने वाले ब्याज और पूंजीगत लाभ पर आयकर में छूट देने की व्यवस्था को कानूनी स्वरूप दिया जाएगा, जिससे विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 भी सदन में लाएगी। इस विधेयक का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना है। सरकार का मानना है कि इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण में मदद मिलेगी। इसके अलावा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 के माध्यम से पंजीकरण व्यवस्था को अधिक प्रभावी और डिजिटल बनाने का प्रस्ताव है। सरकार का लक्ष्य जन्म और मृत्यु संबंधी रिकॉर्ड को आधुनिक तकनीक से जोड़कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सरल बनाना है। एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 भी पेश किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस संशोधन से छोटे और मध्यम उद्योगों को बेहतर सुविधाएं, निवेश के नए अवसर तथा कारोबार को आसान बनाने वाली नीतियों का लाभ मिलेगा।

# हेमंत सोरेन ने दिए सख्त निर्देश, 15 दिन में सक्रिय होगा विश्वविद्यालय सेवा आयोग




**रांची(एजेंसी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की उच्च एवं तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। सोमवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले 15 दिनों के भीतर झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। साथ ही हायर एजुकेशन और रोजगारपरक कोचिंग संस्थानों की निगरानी के लिए कोचिंग रेगुलेटरी अथॉरिटी को भी इसी अवधि में कार्यरत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को 'माइनिंग से माइंड' की दिशा में आगे बढ़ाने में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 2,888 विद्यार्थियों को ऋण स्वीकृत किया गया है, जबकि 243 छात्र-छात्राओं को विभिन्न बैंकों के माध्यम से लगभग 64 करोड़ रुपये का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। बैठक में BIT सिंदरी को यूनिटरी यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने पर सैद्धांतिक सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आवश्यक विधेयक तैयार करने और संस्थान के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सरकारी पॉलिटेक्निक और तकनीकी संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ), इलेक्ट्रिक व्हीकल, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल डिजाइन और अन्य उभरती तकनीकों से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही नौ जिलों में तकनीकी शिक्षा क्लस्टर विकसित करने की योजना में तेजी लाने को कहा। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालयों में लाइव ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने की तैयारियां तेज करने तथा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा विदेश छात्रवृत्ति, मानकी मुंडा छात्रवृत्ति सहित अन्य छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्य में पहली बार झारखंड रोबोटिक्स फेस्टिवल की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए इसके दायरे को और व्यापक बनाने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आंध्र प्रदेश में भीषण सड़क हादसा, लॉरी-कार की टक्कर में चार की मौत, एक गंभीर

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना आनंदपुरम राष्ट्रीय राजमार्ग पर सत्तरावु जंक्शन के पास लॉरी और कार की आमने-सामने की टक्कर से हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही आनंदपुरम पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भारत दौरे पर पहुंचे पनामा के विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत और पनामा के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पनामा के विदेश मंत्री जेवियर एडुआर्डो मार्टिनेज-आचा वास्केज पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत पहुंचे हैं। उनका दौरा 19 से 23 जुलाई तक चलेगा, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार, समुद्री सुरक्षा, निवेश और आतंकवाद निरोधक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि पनामा के विदेश मंत्री नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पनामा साझा मूल्यों, पारस्परिक हितों और सद्भावना पर आधारित मजबूत साझेदारी साझा करते हैं तथा यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। दौरे के दौरान सोमवार को पनामा के विदेश मंत्री सबसे पहले नई संसद भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श होगा। इसके बाद हैदराबाद हाउस में उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता होगी। दोनों नेता वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग तथा विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और विस्तार देने पर चर्चा करेंगे।

# भारी बारिश को लेकर उत्तराखंड सरकार अलर्ट

## सीएम धामी ने दिए 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश



**देहरादून(एजेंसी)।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और खराब मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव आनंद बर्धन और सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन को प्रदेशभर की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां कहीं भी भारी वर्षा, भूस्खलन, सड़क अवरुद्ध होने या अन्य आपदा की स्थिति उत्पन्न हो, वहां जिला प्रशासन बिना किसी देरी के कार्रवाई करे। राहत एवं बचाव दलों को पूरी तरह तैयार रखा जाए और प्रभावित लोगों को समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, बिजली, पेयजल और संचार जैसी आवश्यक सेवाएं बाधित होने पर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र बहाल किया जाए। साथ ही चारधाम यात्रा मार्ग सहित सभी प्रमुख सड़कों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और आवागमन प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों और उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से मौसम विभाग और प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने की अपील की। उन्होंने खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा उफनते नदी-नालों के आसपास नहीं जाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या असुविधा की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और सभी संबंधित विभागों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा गया है, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# नगालैंड में भारी बारिश से तबाही, भूस्खलन में आठ की मौत



**कोहिमा/मोन(एजेंसी)।** नागालैंड के मोन जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। रविवार सुबह हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। आशंका है कि कई अन्य लोग अब भी मलबे में दबे हो सकते हैं। हादसे के बाद प्रशासन, सेना और आपदा राहत एजेंसियों ने युद्धस्तर पर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मोन जिले के डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में सुबह अचानक पहाड़ी का बड़ा हिस्सा खिसक गया, जिससे 10 से 15 मकान मलबे में दब गए। इनमें 13 मकानों को गंभीर क्षति पहुंची है। लगातार बारिश और अस्थिर पहाड़ी ढलानों के कारण राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोन के उपायुक्त वेन्येई कोन्याक ने बताया कि अब तक आठ लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। हादसे में 12 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई लोगों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका है और उनकी तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मोन टाउन और तिजित हैं। भारी बारिश रात करीब एक बजे शुरू हुई थी और सुबह छह से सात बजे के बीच भूस्खलन की सूचना मिली। इसके बाद राहत एजेंसियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। राहत एवं बचाव अभियान में असम राइफल्स, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), नागालैंड पुलिस, जिला प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवक संयुक्त रूप से जुटे हुए हैं। मलबा हटाने के लिए भारी मशीनों की भी मदद ली जा रही है। भारी बारिश के चलते मोन शहर के अन्य हिस्सों में भी जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। कई स्थानों पर नदी किनारे कटाव बढ़ने से मकानों पर खतरा मंडरा रहा है।

# 15 मौतों वाली इमारत होगी ध्वस्त

**लखनऊ(एजेंसी)।** राजधानी के अलीगंज सेक्टर-डी स्थित उस इमारत को ध्वस्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है, जिसमें 22 जून को भीषण आग लगने से 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने भवन स्वामी को इमारत स्वयं गिराने के लिए 10 जुलाई को नोटिस जारी कर 15 दिन का समय दिया था। अब इस अवधि के समाप्त होने में केवल कुछ दिन शेष हैं। रविवार को भवन से शेष सामान निकालने का कार्य जारी रहा। भूतल पर संचालित पेट शॉप का सामान भी बाहर निकाला गया। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। एलडीए अधिकारियों के अनुसार, यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर भवन स्वामी स्वयं इमारत नहीं गिराता है, तो प्राधिकरण अपने स्तर पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा और इसकी लागत भी भवन स्वामी से वसूली जाएगी। गौरतलब है कि 22 जून को इस इमारत में लगी भीषण आग में 15 लोगों की जान चली गई थी। हादसे के बाद भवन की निर्माण गुणवत्ता, अग्नि सुरक्षा मानकों और अन्य नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। मामले की जांच जारी है, जबकि एलडीए ने भवन को असुरक्षित मानते हुए उसे ध्वस्त करने का निर्णय लिया है।

# टीएमसी के 20 सांसद एनसीपीआई में शामिल, संसद में सियासी हलचल तेज



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 सांसदों के अपनी पार्टी में विलय की आधिकारिक घोषणा कर दी है। पार्टी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि विलय स्वीकार किए जाने के बाद सभी सांसद अब औपचारिक रूप से एनसीपीआई का हिस्सा बन गए हैं। पार्टी का दावा है कि इन नेताओं के शामिल होने से जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति उसका संकल्प और अधिक मजबूत होगा। एनसीपीआई द्वारा जारी सूची में सुदीप बंद्योपाध्याय, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार, शताब्दी रॉय, माला रॉय, मिताली बाग, पार्थ भौमिक, दीपक देव अधिकारी, डॉ. शर्मिला सरकार, सयानी घोष, बापी हलदार, कालीपद सारेन खेरवाल, जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया, प्रसून बनर्जी, अरूप चक्रवर्ती, असित कुमार मल, यूसुफ पठान, जून मालिया, खलीलुर रहमान, मोहम्मद अबू ताहेर खान और रचना बनर्जी के नाम शामिल हैं। पार्टी ने अपने बयान में कहा कि इन सांसदों के जुड़ने से संगठन की ताकत बढ़ेगी और देश के विकास तथा जनहित के कार्यों को नई गति मिलेगी। एनसीपीआई ने इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। इधर, संसद के मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में भी यह मुद्दा गरमा गया। विपक्षी दलों ने एनसीपीआई के नेताओं को बैठक में बुलाए जाने का विरोध करते हुए प्रतीकात्मक वॉकआउट किया। विपक्ष का कहना था कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अंतिम निर्णय से पहले बागी सांसदों को अलग राजनीतिक इकाई के रूप में मान्यता देना उचित नहीं है। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि 20 सांसदों को बैठक से बाहर नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को नई पार्टी में शामिल होने और सदन में अलग बैठने के लिए आवेदन दिया है, जो नियमों के अनुसार विचाराधीन है।

# छात्रों के भविष्य से न करें खिलवाड़ : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने की छात्रों और अभिभावकों की मुहिम में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। भाजपा सरकार बदले की भावना से विश्वविद्यालय को अपनी संकीर्ण राजनीति का शिकार बनाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय में किसी प्रकार की कागजी कमी है तो उसे पूरा कराकर संस्थान को बचाया जाना चाहिए, न कि हजारों छात्रों के भविष्य पर संकट खड़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं, जिनके लिए महंगे निजी संस्थानों या विदेश में शिक्षा प्राप्त करना संभव नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और इसे बचाने के लिए देशभर के लोगों से आगे आने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां शिक्षा विरोधी हैं और शिक्षित, जागरूक तथा प्रगतिशील समाज से भाजपा डरती है। इसी कारण शिक्षा संस्थानों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रोजगार और भर्ती के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए शिक्षा संस्थानों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पहले प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की कोशिश की गई, जिसका जवाब समाजवादी पार्टी ने 'पीडीए पाठशाला' अभियान चलाकर दिया था और अब भाजपा की नजर विश्वविद्यालयों पर है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि जौहर यूनिवर्सिटी पर की जा रही कार्रवाई प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि एकतरफा कार्रवाई कर हजारों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, जो पूरी तरह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता, समर्थक और नेता छात्रों तथा उनके अभिभावकों के साथ खड़ा है और शिक्षा के इस संस्थान को बचाने के लिए हर लोकतांत्रिक संघर्ष में भागीदारी करेगा।

# विक्रम-1 की सफलता से बढ़ेगी भारत की सामरिक ताकत

## सेना के लिए ऑन-डिमांड सैटेलाइट लॉन्च का रास्ता खुला



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 की सफलता ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र के साथ-साथ रक्षा क्षमताओं को भी नई मजबूती दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि भविष्य में सेना की जरूरत के अनुसार कम समय में जासूसी और निगरानी उपग्रहों (टैक्टिकल सैटेलाइट) के ऑन-डिमांड लॉन्च का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसे भारत की अंतरिक्ष सुरक्षा और आधुनिक युद्ध क्षमता के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वर्तमान समय में युद्ध केवल जमीन, हवा और समुद्र तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि अंतरिक्ष भी रणनीतिक लड़ाई का अहम मोर्चा बन चुका है। सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार यदि युद्ध के दौरान किसी देश के संचार या निगरानी उपग्रह को एंटी-सैटेलाइट मिसाइल से नष्ट कर दिया जाए, तो उसकी सैन्य क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। ऐसे में विक्रम-1 जैसे छोटे और तेजी से लॉन्च होने वाले रॉकेट भारत के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसरो के बड़े रॉकेटों को प्रक्षेपण के लिए लंबी तैयारी की आवश्यकता होती है, जबकि विक्रम-1 ठोस ईंधन तकनीक पर आधारित होने के कारण कम समय में लॉन्च के लिए तैयार किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### दुबौला चौकी प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**हेलमेट पहनने और यातायात नियमों के पालन की अपील**


**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र की दुबौला चौकी अंतर्गत चौकी प्रभारी विवेकानंद तिवारी के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई तथा कारों की डिक्की की भी तलाशी ली गई।चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। चौकी प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने लोगों से कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि वाहन की डिक्की में किसी भी प्रकार की अवैध या संदिग्ध वस्तु रखना कानूनन अपराध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को प्रेमपूर्वक यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित यात्रा करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नियमित अभियान अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### नाली की सफाई नहीं होने से पानी निकास बाधित



**फतेहपुर बाराबंकी** आदर्श नगर पंचायत फतेहपुर जिला बाराबंकी के पटेल रोड जाने वाली रोड के किनारे बंधन बैंक के पास नाली पूरी तरह सफाई नहीं होने के कारण कूड़े और मलबे से भरी हुई है जिससे पानी का निकास नहीं होने के कारण रोड के किनारे गंदा पानी बरसात होने पर भर जाता है जिससे स्थानीय नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मातमाली बाग में रहने वाले राहुल सैनी ने बताया कि बरसात के समय पानी भर जाने से दुकान खोलने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । जबकि नगरपंचायत के अधिशाषी अधिकारी द्वारा बरसात से पूर्व सभी नालियों को गहराई से साफ करवाने के निर्देश सफाई नायक/सुपरवाइजर को दिए गए थे उसके बावजूद मुख्य रोड के किनारे की नाली की सफाई सही से नहीं होने से पानी निकास नहीं हो पा रहा है हल्की बरसात होने पर ही पानी का भराव हो जाता है।

### एनटीए को भंग करने की मांग को लेकर माकपा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन




**भदोही।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की भदोही जिला इकाई ने रविवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भेजकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने तथा नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। जिला सचिव भानुश्री मौर्य द्वारा जारी ज्ञापन में कहा गया कि नीट परीक्षा में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। पार्टी ने आरोप लगाया कि एनटीए पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा कराने में विफल रही है, जिससे अभ्यर्थियों का विश्वास कमजोर हुआ है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। साथ ही केंद्र सरकार से एनटीए को भंग कर नई और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग भी की गई। इस अवसर पर माकपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 03 महीने से लगातार धड़ल्ले से धोबही में जारी है फर्जीवाड़ा, ज़िम्मेदार कुंभकर्णी नींद में मस्त

**» ग्राम पंचायत धोबही में फर्जी भुगतान में ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा को मिल रही पूर्ण सफलता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के परसरामपुर 03 महीने से लगातार ग्राम पंचायत धोबही पर विकास कार्यों के नाम पर सरकारी खजाने को लूटने में ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा जुटी हुई है अर्थात् ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा को जुगाड़ फर्जीवाड़ा करने में सफल दिखाई दे रहा है। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा सचिव , टीए व मनरेगा एपीओ को मुंहमांगा कमीशन देकर धड़ल्ले से विकसित भारत जी राम जी के कार्यों की फर्जी भुगतान कराने में सफल है। रोजगार सेवक/महिला मेट, ग्राम प्रधान, सचिव, टीए व मनरेगा एपीओ की लापरवाही से प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है ।

आपको बता दें कि विकासखंड परसरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबही में लगातार 03 महीने से बड़े पैमाने पर विकास कार्य के नाम पर फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है जिसमें रोजगार सेवक/महिला मेट , सचिव , तकनीकी सहायक , एपीओ मनरेगा व बीडीओ अहम भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा का मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में लगातार सफल होने पर मनोबल दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है और ग्राम पंचायत धोबही में विकास कार्य धीरे- धीरे बन्द हो रहा है। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा ने 03 महीने से लगातार कई बार चार तालाबों की खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर फर्जी मस्टर रोल जारी करवाई थी और फर्जी फोटो के सहारे चारों फर्जी मस्टर रोल को पूर्ण कर लिया है और सचिव, तकनीकी सहायक, एपीओ मनरेगा व खंड विकास अधिकारी को मुंहमांगा कमीशन का लालच देकर फर्जी भुगतान भी प्राप्त कर ली है।

बड़ी बात यह है कि ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा के मनरेगा भ्रष्टाचार पर क्यों नहीं कार्यवाही हो पा रही है? तेज तर्रार सीडीओ सार्थक अग्रवाल के कड़े निर्देश के बाद भी ग्राम पंचायत धोबही के मनरेगा भ्रष्टाचार मामले में जांच न हो पाना एवं कार्यवाही न हो पाना जांच का विषय बना हुआ है। जांच एवं कार्यवाही के नाम पर लीपा-पोती किया जा रहा है। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा पंचायत चुनाव नजदीक देखकर सरकारी खजाने को पूरी तरह लूटने में अपार सफलता प्राप्त की है यदि ऐसे ही जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों का ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा को सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में कभी भी ग्राम पंचायत धोबही का समुचित विकास नहीं होगा और ग्राम पंचायत में विकास कार्यों हेतु आई धनराशि सरकारी खाते में नहीं बचेगी। अर्थात् ग्राम प्रधान की जेब गर्म होगी और सरकारी खाता खाली होगा। उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने जांच के कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### मारपीट में महिला सहित तीन घायल



**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे रघुनाथ गांव में आपसी विवाद को लेकर के दो पक्षों में हुई मारपीट में सुनीता देवी 30 वर्ष पत्नी दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार 23 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राजपति, अजय कुमार 19 वर्ष घायल हो गए, घायल अवस्था में गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया मारपीट की रिपोर्ट गोपीगंज कोतवाली में दर्ज कराई गई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

### बस्ती में अवैध सागौन कटान पर कार्रवाई ठप, वन विभाग पर मिलीभगत के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केविकास खंड दुबौलिया के ग्राम पंचायत ऊँजी के राजस्व गांव कैथोलिया में बिना परमिट सागौन के पेड़ों की कटान का मामला एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई के इंतजार में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना दिए जाने के बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के हवाले से यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि अवैध कटान के मामलों में पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत के कारण कार्रवाई प्रभावित हो रही है। कुछ स्थानीय सूत्रों ने प्रति पेड़ अवैध वसूली के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

रेंजर राजू प्रसाद के सख्त निर्देशों के बावजूद दुबौलिया क्षेत्र में अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले ग्राम पंचायत सरैया बक्सी के राजस्व गांव रमवापुर में आम तथा रमवापुर राजा में महुआ के पेड़ों की कटान के मामलों में भी कार्रवाई को लेकर सवाल उठ चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही अवैध कटान से पर्यावरण और सरकारी राजस्व दोनों को भारी नुकसान हो रहा है। अब क्षेत्र के लोग मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विशेषसर गंज पर लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**डा0 धर्मेन्द्र कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आये मरीजों का किया इलाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केदुबौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विशेषसर गंज पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र से आये हुए सभी प्रकार के मरीजों का इलाज हुआ। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में सभी प्रकार की जांच निःशुल्क होती है और सभी प्रकार की दवाइयां सभी मरीजों को निःशुल्क वितरित की जाती है। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक लगता है। उसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। स्वास्थ्य मेला में मरीजों की लम्बी कतार लगी हुई थी। मरीजों का निःशुल्क जांच हुआ और हर प्रकार की दवाइयां मरीजों को निःशुल्क वितरित की गई। डा0 धर्मेन्द्र कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला में आये हुए मरीजों को अन्य रोगों के बारे में जानकारी दी तथा रोगों से बचाव हेतु उपचार के बारे में भी जानकारी दी गई। डा0 धर्मेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही मानव का सबसे बड़ा धन है जब शरीर ही स्वस्थ नहीं है तो सब कुछ बेकार है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य जन स्वास्थ्य मेला गरीब व असहाय मरीजों के लिए रामबाण औषधि की तरह लाभदायक है क्योंकि पहले रविवार को प्रत्येक सरकारी अस्पताल बन्द रहता था और मरीजों को इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ता था लेकिन अब रविवार को



मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला लगने के कारण मरीजों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है और आसानी से चिकित्सा सुविधाएं मिल रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में लगभग 25 मरीजों ने निःशुल्क जांच एवं इलाज कराया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला के दौरान डा0 धर्मेन्द्र चौधरी, एल टी अनूप कुमार, फार्मासिस्ट श्री धर वर्मा, वार्ड आया शंकुन्तला देवी समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुबौला चौकी प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान




**हेलमेट पहनने और यातायात नियमों के पालन की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र की दुबौला चौकी अंतर्गत चौकी प्रभारी विवेकानंद तिवारी के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई तथा कारों की डिक्की की भी तलाशी ली गई।चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। चौकी प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने लोगों से कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चालकों को समझाया कि वाहन की डिक्की में किसी भी प्रकार की अवैध या संदिग्ध वस्तु रखना कानूनन अपराध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को प्रेमपूर्वक यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित यात्रा करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नियमित अभियान अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भदोही में निकली साइकिल जागरूकता रैली



**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब ने पर्यावरण योद्धा अताउल्ल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली। यात्रा बड़ा चौराहा से विभिन्न मार्गों से होते हुए 100 शैय्या अस्पताल सरपतहां पहुँची, जहां मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने साइकिल यात्रियों का स्वागत किया। डॉ. चक ने कहा कि साइकिल चलाना बेहतर स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने 'साइकिल चलाएँ, ईंधन बचाएँ' वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' और करो योग, रहो निरोग' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रवीण श्रीवास्तव, सरफराज अहमद, बनारसी बिंद, अशोक राजभर, अरुण बिंद, विपिन चौधरी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा

**चोरी की 01 ट्रैक्टर व 02 ट्राली के साथ व 02 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर सवार अभियुक्त मोहम्मद शाहिल पुत्र असलम निवासी राजघाट सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब 22 वर्ष, मोहम्मद जहीर पुत्र मुन्ना निवासी सिदौली रामपुर थाना बछरांवा जनपद रायबरेली उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 ट्रैक्टर 02 ट्राली को बरामद किया गया ।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ट्रैक्टर-ट्राली के बारे में पूछने पर बताया कि हम दोनों ने 01 सफेद रंग की ट्राली दिनांक 03/04.07.2026 की रात्रि को पूरे रघु शुक्ला का पुरवा मवैया रहमतगढ़ से चोरी किया था, 01 नीले रंग की ट्राली को दिनांक 08/09.07.2026 को ग्राम पाताल पुरवा बाराबंकी से चोरी किया था तथा 01 नीले रंग का ट्रैक्टर ACE DI 450 यूपी 32 जेबी 6496 को कमालपुर लखनऊ से चुराया था। उक्त चोरी के संबन्ध में थाना बाजारशुक्ल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### शहीद पार्क में मनाई गई अमर शहीद मंगल पांडेय की जयंती

**ज्ञानपुर।** नगर स्थित शहीद पार्क में रविवार को जय बाबा बर्फानी ग्रुप के तत्वावधान में 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद मंगल पांडेय की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। ग्रुप के अध्यक्ष ब्रह्मा मोदनवाल ने कहा कि मंगल पांडेय ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे महान क्रांतिकारियों की जयंती मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को उनके संघर्ष और बलिदान से परिचित कराना है, ताकि युवाओं में राष्ट्रप्रेम और देश सेवा की भावना मजबूत हो। कार्यक्रम में देशभक्ति के नारों के बीच शहीदों के योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर राकेश देवांशी, आकाश गुप्ता, मोनू सैनी, बच्चा पेंटर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़क बनी मुसीबत, हजारों स्कूली बच्चों और राहगीरों का सफर जोखिम भरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार (अमेठी)।** विकासखंड शुकुल बाजार कस्बे में महावीरन हनुमान मंदिर से पोस्ट ऑफिस, सेंट जॉन इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज होते हुए शुकुल बाजार-हैदरगढ़ संपर्क मार्ग को जोड़ने वाली लगभग 500 मीटर लंबी सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी है। गहरे गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यह मार्ग कस्बे का अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग माना जाता है। इसी सड़क पर पोस्ट ऑफिस, सेंट जॉन इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित कई शैक्षणिक संस्थान एवं सरकारी कार्यालय स्थित हैं। सुबह और दोपहर के समय इस मार्ग पर विद्यार्थियों की भारी आवाजाही रहती है, लेकिन सड़क की जर्जर हालत उनके लिए खतरा बन गई है।बरसात के मौसम में सड़क के गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पानी में गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण आए दिन बच्चे फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सड़क की मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और उनकी सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मार्ग है। लोगों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों, शिक्षकों और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के दौरान किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## बिना परमिट के तिवारी पुर में आम व कैथोलिया में सागौन के पेड़ों की हुई कटान

**» चिलमा वीट में एक महीने से लगातार धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की कटान**

**» वन दरोगा अभिषेक यादव व वन रक्षक शाश्वत दूबे की लापरवाही से नहीं रुक रही अवैध हरे पेड़ों की कटान आखिर कैसे रुकेगी? चिलमा वीट में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड दुबौलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शुक्लापुर के राजस्व गांव तिवारी पुर में बिना परमिट के आम के पेड़ की कटान हुई है जिसको लेकर वन दरोगा अभिषेक यादव व वन रक्षक शाश्वत दूबे अंजान बने हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ दुबौलिया पुलिस वन विभाग का मामला बता कर चुप्पी साधे हुई है। आपको बता दें कि विकासखंड दुबौलिया के अन्तर्गत ग्राम ऊँजी के राजस्व गांव कैथोलिया में बीते पिछले सप्ताह में बड़े पैमाने पर सागौन के पेड़ों की कटान हुई थी जिसकी सूचना हल्का वन दरोगा व वन रक्षक को दी गई थी। वन दरोगा व वन रक्षक ने जांच के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी अभी तक कार्यवाही नहीं हो पाई है।

सूत्रों की माने तो जब से चिलमा वीट का प्रभार वन दरोगा अभिषेक यादव व वन रक्षक शाश्वत दूबे ने संभाला है तब से लगातार चिलमा वीट में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान बड़े पैमाने पर हो रही है। लकड़ी माफिया पर वन विभाग की शिथिलता से कार्यवाही नहीं हो पा रही है जिससे लकड़ी



माफिया का मनोबल बढ़ता जा रहा है। दुबौलिया क्षेत्र में यदि ऐसे ही चिलमा वीट प्रभारियों का रवैया रहा तो कभी भी चिलमा क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान नहीं रुक पायेगी। चिलमा व दुबौलिया क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की कटान को लेकर रेंजर कप्तानगंज राजू प्रसाद ने कड़ी नाराजगी जताई है और उक्त प्रकरण में तत्काल जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

## टोरंटो की तर्ज पर रॉबर्ट्सगंज पुल के नीचे विकसित की जाएंगी नगरीय सुविधाएं

**» सोनभद्र को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अनूठी पहल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** शहरों को साफ-स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सोनभद्र जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। जिला प्रशासन ने सोनांचल नगरी को और भव्य बनाने के लिए कनाडा के सबसे बड़े शहर टोरंटो में फ्लाई ओवर के नीचे बने विश्व प्रसिद्ध अंडरपास पार्क की तर्ज पर रॉबर्ट्सगंज फ्लाई ओवर के नीचे भी नगरीय सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है। यहां बच्चों के लिए झूले, खेलने का स्थान, फूड कोर्ट व ग्रीन जोन विकसित करने के साथ ही मनमोहक वॉल पेंटिंग से सजावट की जाएगी। इन सभी कार्यों को पूर्ण करने में लगभग चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि सोनभद्र को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रॉबर्ट्सगंज फ्लाई ओवर के नीचे के स्थान को संवारने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि फ्लाई ओवर के नीचे लगभग 1 किलोमीटर में नगरीय सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इन सुविधाओं को तीन जोन में बांटा गया है। स्पोर्ट्स जोन में बच्चों के खेलने के लिए अत्याधुनिक झूले लगाए जाएंगे, बैडमिन्टन कोर्ट, बॉस्केट बॉल कोर्ट व




क्रिकेट नेट का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही एक ओपेन जिम की स्थापना भी की जाएगी जहां नगरवासी शारीरिक व्यायाम कर खुद को स्वस्थ्य रख सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि फ्लाई ओवर के नीचे फूड जोन भी विकसित किया जाएगा, जहां पर नगरवासी लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। इसके अलावा एक ग्रीन जोन भी विकसित किया जाएगा। ग्रीन जोन में सजावटी पौधे लगाए जाने के साथ ही आमजन को 'ट्रिपल आर' (रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल) के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से प्रदूषण का कारक बनने वाले प्लास्टिक, रबर इत्यादि का इस्तेमाल कर बनाए गए मनमोहक स्कल्प्चर लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं, पुल के नीचे के स्थान को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए सुंदर वाल पेंटिंग भी कराई जाएगी और नगर वासियों के बैठने के लिए आरामदायक और सुंदर स्थान भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यातायात किसी भी तरह से बाधित न होने पाए इसके लिए फ्लाई ओवर के नीचे ही समुचित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी। बताया कि फ्लाई ओवर के नीचे विकसित होने वाले स्पोर्ट्स, फूड और ग्रीन जोन को रंग-बिरंगी लाइटों से भी सजाया जाएगा ताकि यह स्थान नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बने। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त कार्य नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के सीएसआर मद के तहत कराए जाएंगे। विकसित की जाने वाली सभी सुविधाओं की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## शक्तिनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की घटना का सफल अनावरण

**» दो अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 04 अदद मोटर एवं कॉपर तार बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शक्तिनगर/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चोरी की घटना का सफल अनावरण करने तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सतेन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 132/2026 धारा 305 ई-बीएनएस पंजीकृत से संबंधित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।दिनांक 19.07.2026 को समय 03:32 बजे थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के 04 अदद लोहे के मोटर एवं 01 अदद मोटर का कॉपर तार सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार* किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने एनसीएल क्षेत्र से मोटर एवं कॉपर तार चोरी कर अपने पास छिपाकर रखा था तथा उसे बेचने की तैयारी कर रहे थे।



अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल बरामद होने के फलस्वरूप मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उन्हें मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार राय, थाना शक्तिनगर, उपनिरीक्षक सदाशिव राय, मुख्य आरक्षी दिनेश भारती, थाना शक्तिनगर, आरक्षी सचिन तिवारी, आरक्षी कमल शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

# गोंडा में एफएसडीए की बड़ी कार्रवाई, तीन अवैध गोदामों से 1.13 करोड़ रुपये की दवाएं सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ/गोंडा।** उत्तर प्रदेश में अवैध और नशीली दवाओं के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने गोंडा जिले में बड़ी कार्रवाई की है। तीन दिनों तक चले संयुक्त अभियान में बिना लाइसेंस संचालित तीन अवैध गोदामों पर छापेमारी कर करीब 1.13 करोड़ रुपये मूल्य की एलोपैथिक एवं नारकोटिक्स श्रेणी की दवाएं जब्त की गई। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार है। एफएसडीए मुख्यालय, लखनऊ के निर्देशन में 16 से 18 जुलाई तक गोंडा के बरियार पुरवा, सोनार गली और बड़गांव क्षेत्र में नौ जनपदों के औषधि निरीक्षकों तथा स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने लगातार अभियान चलाया। कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की गई। जांच के दौरान गोंडा-बलरामपुर रोड स्थित अमन फार्मास्युटिकल्स निर्धारित पते पर संचालित नहीं मिली। पूछताछ के बाद टीम संचालक अमन कसौधन के घर पहुंची, जहां उसके भाई शिवम कसौधन ने स्वीकार किया कि दोनों भाई बिना किसी वैध औषधि लाइसेंस के बरियार पुरवा स्थित गोदामों से दवाओं का कारोबार कर रहे हैं। जांच के दौरान दो अन्य अवैध गोदामों का भी पता चला, जहां से बड़े पैमाने पर दवाओं का भंडारण किया गया था। छापेमारी के दौरान संचालक दवाओं के खरीद-बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज, बिल या स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद टीम ने गोदामों में रखी समस्त दवाओं को सीज कर दिया। कार्रवाई में कोडीन फॉस्फेट सिरप, ट्रामाडोल इंजेक्शन, अल्प्राजोलम टैबलेट, ट्रामाडोल, सेम्प्लेक्स, प्रोक्सीफास और अन्य मनःप्रभावी दवाओं का भारी जखीरा बरामद हुआ। जब्त दवाओं का अनुमानित मूल्य 1 करोड़ 13 लाख रुपये आंका गया है। इसके अलावा 19 औषधियों के नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। मौके से पुलिस ने शिवम कसौधन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी अमन कसौधन फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एफएसडीए अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से नशीली दवाओं का कारोबार कर युवाओं में नशे को बढ़ावा देने के गंभीर आरोपों के चलते आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 की धारा 8/21 के तहत गोंडा के कोतवाली नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में नकली, अवैध और नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# मड़ियांव पुलिस का बड़ा खुलासा, पांच शातिर चोर दबोचे, लाखों का माल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले पांच शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये कीमत का चोरी का सामान, जिसमें लैपटॉप, आईपैड, मोबाइल फोन, चांदी की पायल, कलाई घड़ियां समेत अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं, बरामद की हैं। इसके अलावा चोरी की वारदातों में इस्तेमाल किया जाने वाला ई-रिक्शा भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। मड़ियांव थाना प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए हर्ष, कृष्णा, सुमित, अभिषेक और राजा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी दिन के समय ई-रिक्शा से विभिन्न कॉलोनियों और मोहल्लों में घूमकर बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। जब यह



सुनिश्चित हो जाता था कि मकान में कोई मौजूद नहीं है, तब रात के समय या सुनसान अवसर का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह ने लखनऊ के कई थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। हाल ही में मड़ियांव थाना क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान के पास एक बंद मकान में हुई चोरी की घटना का भी खुलासा इन्हीं आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अन्य वारदातों में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है। थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस लगातार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही थी। कई दिनों की पड़ताल के बाद संदिग्धों की पहचान की गई और मुखबिर की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, बरामद सामान में लैपटॉप, आईपैड, कई महंगे मोबाइल फोन, चांदी की पायल, कलाई घड़ियां तथा अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं। बरामद सामान की पहचान कर उसे उसके वास्तविक मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी चोरी के सामान को कम कीमत पर बेचकर आसानी से पैसा कमाने की फिराक में रहते थे। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि चोरी का सामान खरीदने वाले लोग कौन हैं और इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्य अभी फरार तो नहीं हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। यदि इनके खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज मिले तो उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बुजुर्गों के आदर्शों पर चलकर ही बन सकते हैं अच्छे इंसानः हाफ़िज़ सैय्यद शारिक किरमानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद, सीतापुर।** स्थानीय दरगाह हज़रत मकबूल मियां में स्थित दादा मियां की मस्जिद में नमाज़ के दौरान उपस्थिति लोगों को संबोधित करते हुए मस्जिद दादा मियां के पेश इमाम हाफ़िज़ सैय्यद शारिक किरमानी ने कहा कि आज समाज में हर तरफ़ मन मुटाव और आपसी झगड़े बढ़ते जा रहे हैं उसकी असल वजह यह है कि हमने अपने बुजुर्गों के आदर्शों पर चलना छोड़ दिया है और उनकी शिक्षाओं को नज़र अंदाज़ कर रखा है उस पर हमारी कोई तवज्जेह ही नहीं है बस एक दूसरे का विरोध एक दूसरे की बुराई में लगे रहते हैं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी नहीं दिलवाने की कोशिश करते और हमारे नौजवान और छोटे बच्चों का हाल यह है कि जो पढ़ाई का वक्त होता है उसमें मोबाइल चलाना और देर रात तक सड़कों के किनारे बैठ कर दुनिया की तमाम खुराफात में अपने को शामिल करना जैसे फैशन समझ लिया है रात में देर से सोना और सुबह देर से उठना अपनी जीविका बना लिया है इसी वजह से हम किसी भी क्षेत्र में कामियाब नहीं हो पा रहे हैं। श्री किरमानी ने आगे कहा कि अल्लाह और उसके रसूल के बताए नियमों का पालन करें और औलिया अल्लाह से मोहब्बत करें, नमाज़ की पाबन्दी करें तथा बड़ों को चाहिए कि अपने छोटों से प्यार और मोहब्बत से पेश आएं और छोटों को चाहिए कि अपने बड़ों का आदर और सम्मान करें तभी हमारी तरक्की हो सकती है। क्योंकि यही शिक्षा हमारे और आपके आका हुजूर अकरम मोहम्मद मुस्तफा साहब ने दुनिया में दी थी जिसका पालन हमें और आपको करना चाहिए।

# लखनऊ में AI in Action सेमिनार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य और चुनौतियों पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश स्टेट सेंटर, लखनऊ की ओर से शनिवार को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी में AI in Action: From Concepts to Reality विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के सिद्धांतों, व्यावहारिक उपयोग, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और भविष्य की तकनीकी संभावनाओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार साझा किए। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, अभियंताओं, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीनतम विकास, व्यावहारिक अनुप्रयोगों, लाभ, चुनौतियों और जिम्मेदार उपयोग पर जानकारी प्राप्त की। सेमिनार की अध्यक्षता आईईआई उत्तर प्रदेश स्टेट सेंटर के पूर्व अध्यक्ष इं. मसर्रत नूर खान ने की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, परिवहन और प्रशासन सहित



विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव का प्रमुख माध्यम बन चुकी है। उन्होंने युवाओं और अभियंताओं से AI तकनीकों के सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार उपयोग पर विशेष बल दिया। मुख्य वक्ता डॉ. उपेंद्र कुमार, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, आईईटी लखनऊ ने कहा कि AI भविष्य की अर्थव्यवस्था और उद्योग की आधारशिला बन चुका है। उन्होंने मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, जनरेटिव ढ्ढ और स्मार्ट ऑटोमेशन के व्यावहारिक उपयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शोभित मणि तिवारी ने कहा कि AI शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर रहा है। वहीं, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार चौरसिया ने जनरेटिव AI, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली, साइबर सुरक्षा और डिजिटल नवाचार में AI की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार के संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार शुक्ला ने कहा कि AI के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को समाज, शिक्षा और उद्योग से जोड़ना समय की आवश्यकता है, ताकि तकनीक का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। कार्यक्रम के अंत में आईईआई उत्तर प्रदेश स्टेट सेंटर के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद ने सभी वक्ताओं, अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार तकनीकी ज्ञान के प्रसार और युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बारिश में ब्राह्मणी टोला की सड़क बन जाती है तालाब, वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर।** नगर में हर बार बारिश होते ही उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने स्थित ब्राह्मणी टोला की सड़क तालाब का रूप ले लेती है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे स्थानीय लोगों, राहगीरों और स्कूली बच्चों का आवागमन बाधित हो जाता है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का आज तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। क्षेत्रीय नागरिकों बच्चू अवस्थी, संतोष गुप्ता, सरोज शाह, विकास शाह, शिवकुमार, विभव अवस्थी, फिरोज, अनमोल गुप्ता, रामजी मिश्रा, श्यामजी मिश्रा आदि का कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या हर वर्ष उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है और छोटे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी असुविधा होती है। सड़क पर पानी भरा रहने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।इसी मार्ग से नगर के दो प्रमुख विद्यालयों का आवागमन भी होता है। बारिश के दौरान जलभराव होने से इन विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे अभिभावकों की चिंता भी बढ़ जाती है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र स्थायी जलनिकासी व्यवस्था कराए जाने की मांग की है, ताकि हर वर्ष बरसात में होने वाली इस समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### हर परिषदीय विद्यालय में लगेंगे निपुण लक्ष्य पोस्टर, 31 जुलाई तक पूरा होगा अभियान

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने निपुण भारत मिशन के तहत 31 जुलाई तक सभी परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका से कक्षा-5 तक के निपुण लक्ष्य पोस्टर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। पोस्टर बीआरसी, बीएसए कार्यालय और डायट में भी लगाए जाएंगे। विभाग के अनुसार, पोस्टरों के माध्यम से कक्षा-वार अधिगम लक्ष्यों को दैनिक शिक्षण का हिस्सा बनाया जाएगा। इनके प्रदर्शन को निरीक्षण व्यवस्था और सपोर्टिव सुपरविजन ऐप से भी जोड़ा जाएगा। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी निपुण लक्ष्यों पर विशेष जोर दिया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि निपुण लक्ष्य प्रत्येक बच्चे की सीखने की प्रगति का स्पष्ट मानक हैं। इनके अनुरूप शिक्षण से विद्यार्थियों का बेहतर मूल्यांकन और आवश्यक शैक्षणिक सहयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### सस्टेनेबल सिटी चैलेंज से काशी में आधुनिक शहरी प्रबंधन को मिलेगी नई दिशा

**लखनऊ/वाराणसी।** काशी की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखते हुए भीड़ प्रबंधन और सतत शहरी परिवहन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वाराणसी में 'सस्टेनेबल सिटी चैलेंज' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि काशी की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक मोबिलिटी और स्मार्ट शहरी प्रबंधन विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिससे पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। ऐसे में आधुनिक तकनीक, डेटा आधारित प्रबंधन और नवाचार के माध्यम से भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मंडलायुक्त एस. राजलिंगम और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि बनारस की तंग गलियों और बढ़ती आबादी को देखते हुए विरासत संरक्षण के साथ आधुनिक शहरी प्रबंधन का संतुलित मॉडल विकसित करना आवश्यक है।

# आदर्श नगर पंचायत तंबौर की मुख्य सड़क बनी खेत

## धान की रोपाई कर स्थानीय लोगों ने किया अनोखा विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तंबौर सीतापुर।** सीतापुर जनपद के कस्बा तंबौर में बदहाल सड़क से परेशान स्थानीय लोगों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा विरोध का तरीका ऐसा जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया लोगों ने सड़क को ही खेत बना दिया और बीच सड़क पर ही धान की रोपाई शुरू कर दी तथा स्थानीय लोगों का सवाल यह भी है कि आखिरकार शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार क्यों नहीं जागे तस्वीर में सीतापुर जनपद के आदर्श नगर पंचायत तंबौर के अहमदाबाद वार्ड पूर्वी की है जहां पर सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि सड़क और खेत में फ़र्क करना मुश्किल हो गया है। जगह जगह पर गहरे गड्ढे जल भराव और कीचड़ ने लोगों का जीना दुभर कर दिया है राहगीरों, स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों को रोज़ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार नगर पंचायत वा जिम्मेदार अधिकारियों से सड़क की मम्मत की मांग की लेकिन हर बार सिर्फ़ आश्वाशन ही मिला जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो लोगों ने अनोखा विरोध करने का फैसला कर लिया स्थानीय मुख्य सड़क पर धान पौध लेकर पहुंचे और वहीं पर रोपाई शुरू कर दी देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई और यह विरोध चर्चा का विषय बन गया स्थानीय लोगों का साफ़ तौर पर कहना है। कि अगर जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो आंदोलन करने पर हम लोग बाध्य होंगे लोगों का यह भी कहना है कि वर्षो से बदहाल सड़क की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं यह विरोध एक सड़क का मुद्दा नही बल्कि व्यवस्था की अनदेखी के खिलाफ जनता की नाराजगी का प्रतीक बन चुका है अब देखना होगा इस अनोखे प्रदर्शन के बाद प्रशासन हरकत में आएगा या फिर लोगों को अपने अधिकारों के लिए ऐसे ही सड़क पर उतरना पड़ेगा स्थानीय नागरिक अकीब अंसारी का कहना है पिछले हफ्ते प्रार्थना पत्र अधिशासी अधिकारी को दिया गया था जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई यह समस्या लगभग एक महीने से जस की तस बनी हुई है इस मौके पर आकिब अंसारी, अतहर अंसारी, रिजवान, सोनू, इरफान, इमरान, मंसूर अंसारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

# औद्योगिक निवेश को मिलेगी नई रफ्तार, उद्यमी मित्र नेटवर्क के विस्तार के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में इन्वेस्ट यूपी ने मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के तहत 25 अतिरिक्त उद्यमी मित्रों की भर्ती के लिए रविवार को लिखित परीक्षा आयोजित की। इस पहल का उद्देश्य राज्य में निवेश परियोजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारना, निवेशकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (Ease of Doing Business) व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। यह परीक्षा लखनऊ के जानकीपुरम स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के सहयोग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 752 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 438 अभ्यर्थी शामिल हुए। ओएमआर आधारित 90 मिनट की परीक्षा में कुल 75 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिनके लिए 300 अंक निर्धारित थे। प्रत्येक गलत उत्तर पर एक अंक की निगेटिव मार्किंग का प्रावधान रखा गया। प्रश्नपत्र में कंप्यूटर कौशल एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आधारभूत जानकारी, तार्किक क्षमता तथा उत्तर प्रदेश की औद्योगिक एवं निवेश नीतियों से संबंधित प्रश्न शामिल थे। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने विशेष समिति का गठन किया था, जिसकी निगरानी में पूरी भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। गौरतलब है कि जनवरी 2023 में 105 पदों के साथ शुरू की गई मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना आज राज्य के निवेश तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। उद्यमी मित्र निवेशकों के लिए सिंगल पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट के रूप में कार्य करते हैं और विभिन्न सरकारी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर निवेश परियोजनाओं की स्वीकृतियों को गति देने, प्रशासनिक व कानूनी बाधाओं को दूर करने तथा परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्वेस्ट यूपी का मानना है कि उद्यमी मित्र नेटवर्क के विस्तार से निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे आकर्षक निवेश गंतव्यों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# जंतर मंतर पर भूख हड़ताल को लेकर शहीद पार्क पर बरसात के चलते दूसरे दिन भी क्रमिक अनशन रहा जारी

**बिसवां सीतापुर।** प्रसिद्ध पर्यावरण विद सोनम वांगचुक द्वारा पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर भूख हड़ताल को लेकर उनके समर्थन में शहीद पार्क पर दूसरे




दिन बरसात के बावजूद भी क्रमिक अनशन जारी रहा। जिसमे समर्थन देने के लिए सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता दिग्विजय सिंह देव ने भी क्रमिक अनशन पर अपनी सहभागिता की।क्रमिक अनशन पर अश्वनी कुमार त्रिपाठी,इंद्रपाल वर्मा,षिक्षिज मिश्रा, अनुग्रह गुप्ता,अनवर हबीब,माज शब्बीर ने भी अपनी सहभागिता दी।

# वाराणसी में 76 दिवसीय वार्ड प्रवास अभियान शुरू जनप्रतिनिधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/वाराणसी।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को वाराणसी के शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र स्थित सूरजकुंड से 76 दिवसीय वार्ड प्रवास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत जनप्रतिनिधि वार्डों में पहुंचकर नागरिकों से संवाद करेंगे, जनसमस्याओं का समाधान करेंगे और स्वच्छता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंपर्क और जनसेवा के विजन को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने



कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। प्रधानमंत्री ने स्वयं काशी की गलियों में झाड़ू लगाकर पूरे देश को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी ने अभूतपूर्व विकास देखा है। काशी विश्वनाथ धाम, नमो घाट, रिंग रोड, अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रोपवे और बनास डेयरी जैसी परियोजनाएं इसकी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर देश के लिए एक मॉडल परियोजना साबित होगा। मंत्री ने कहा कि वार्ड प्रवास कार्यक्रम केवल स्वच्छता अभियान नहीं, बल्कि जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की पहल है। इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी। शहर दक्षिणी के विधायक नीलकंठ तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान सभी वार्डों में जनसंपर्क के साथ लाभार्थी शिविर, चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण और विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य 'स्वच्छ काशी, सुंदर काशी' के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से साकार करना है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर स्वच्छ, सुंदर और विकसित काशी के निर्माण का संकल्प दोहराया।

# युवाओं और किसानों को मिलेगा फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण, बढ़ेंगे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं, युवतियों और किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) क्षेत्र में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्रों और सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्रों पर इच्छुक अभ्यर्थियों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रशिक्षण की गुणवत्ता की नियमित निगरानी करने और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं एवं किसानों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के प्रभावी प्रयास करने को कहा गया है। विभाग के अनुसार, प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रशिक्षार्थी फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी अपनी इकाई स्थापित कर स्वरोजगार शुरू कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान और अन्य सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने आगरा, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, कानपुर, झांसी, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या और गोरखपुर स्थित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्रों के प्रधानाचार्यों तथा मिर्जापुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, सहारनपुर, चित्रकूट धाम और लखनऊ के संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित रोस्टर के अनुसार समय से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

# संपादकीय

## आखिर सरकार क्यों नहीं ले रही जिम्मेदारी?

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नागरिक अधिकार संगठन सिटिज़न्स फॉर जस्टिस एंड पीस (CJP) और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित धरना केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह सरकार से जवाबदेही की मांग का प्रतीक भी था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि लोग अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएं, तो यह शासन व्यवस्था के सामने गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इस धरने ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी कि क्या सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों पर पर्याप्त संवेदनशीलता दिखा रही है, या फिर विरोध प्रदर्शनों को केवल राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखने का अधिकार देता है। जंतर-मंतर लंबे समय से लोकतांत्रिक विरोध का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां किसान, छात्र, कर्मचारी, महिलाएं और विभिन्न सामाजिक संगठन अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे हैं। सीजेपी के धरने का उद्देश्य भी सरकार का ध्यान उन मुद्दों की ओर आकर्षित करना था जिन्हें प्रदर्शनकारी लंबे समय से अनदेखा किया जाना मानते हैं। लोकतंत्र में असहमति किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि व्यवस्था की मजबूती का संकेत मानी जाती है। इसलिए सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच संवाद होना आवश्यक है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की पहली जिम्मेदारी नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान निकालना होती है। यदि किसी मुद्दे पर बड़ी संख्या में लोग विरोध कर रहे हैं, तो केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। सरकार को यह भी देखना चाहिए कि आखिर लोग विरोध क्यों कर रहे हैं। सरकार की जिम्मेदारी केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि उनका लाभ लोगों तक पहुंचे। यदि किसी नीति या प्रशासनिक निर्णय से लोगों में असंतोष है, तो सरकार को संवाद के माध्यम से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता जनता से आती है। इसलिए सरकार की जवाबदेही भी जनता के प्रति होती है। संसद, न्यायपालिका, मीडिया और नागरिक समाज सभी इस जवाबदेही को मजबूत करने का कार्य करते हैं। जब नागरिक संगठन धरना या प्रदर्शन करते हैं, तो वे केवल विरोध नहीं कर रहे होते, बल्कि सरकार को उसकी संवैधानिक जिम्मेदारियों की याद भी दिला रहे होते हैं। यदि सरकार संवाद से बचती है, तो लोगों में अविश्वास बढ़ सकता है। भारत में लगभग हर बड़ा विरोध राजनीतिक रंग ले लेता है। सत्ता पक्ष कई बार ऐसे आंदोलनों को विपक्ष से प्रेरित बताता है, जबकि प्रदर्शनकारी स्वयं को स्वतंत्र नागरिक बताते हैं। सच्चाई यह है कि किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसकी मांगों के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल उसके आयोजकों या समर्थकों के आधार पर। यदि मांगें जनहित से जुड़ी हैं, तो उन पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। सरकार का पक्ष भी समझना जरूरी- दूसरी ओर सरकार का भी यह तर्क होता है कि हर मांग को तुरंत स्वीकार करना संभव नहीं होता। कई मामलों में कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक सीमाएं होती हैं। सरकार यह भी कह सकती है कि संबंधित विषय पर पहले से कार्रवाई की जा रही है या जांच चल रही है। इसलिए लोकतंत्र में संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। न तो सरकार को हर विरोध को नजरअंदाज करना चाहिए और न ही हर आंदोलन को अंतिम सत्य मान लेना चाहिए। संवाद ही समाधान- भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति संवाद है। जब सरकार और नागरिक समाज आमने-सामने बैठकर बातचीत करते हैं, तो कई विवादों का समाधान निकल सकता है। इतिहास गवाह है कि अनेक बड़े सामाजिक आंदोलनों का समाधान बातचीत के माध्यम से ही संभव हुआ है। यदि सरकार समय रहते संवाद स्थापित करती है, तो विरोध की तीव्रता भी कम हो सकती है और जनता का विश्वास भी मजबूत होता है। सरकार को चाहिए कि वह नागरिक संगठनों की बात सुने, तथ्यों के आधार पर उनकी मांगों की समीक्षा करे और जहां संभव हो, समाधान प्रस्तुत करे। वहीं सामाजिक संगठनों की भी जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण और तथ्यपरक तरीके से अपनी बात रखें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान करें। सीजेपी का जंतर-मंतर धरना केवल एक संगठन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र में जवाबदेही, पारदर्शिता और संवाद की आवश्यकता पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की मजबूती इस बात से नहीं मापी जाती कि विरोध कितना कम हुआ, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि उसने विरोध की आवाज को कितनी गंभीरता से सुना और उसका समाधान खोजने का कितना प्रयास किया। सरकार और नागरिक समाज दोनों का साझा उद्देश्य जनता का हित होना चाहिए। यदि संवाद, संवेदनशीलता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाए, तो ऐसे विवाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने के बजाय उसे और अधिक मजबूत कर सकते हैं।

राजीव शुक्ला -(संपादक)




**मेष राशि-** इस राशि के जातकों के लिए वर्तमान समय साढ़ेसाती के प्रथम चरण का संकेत दे रहा है। इस अवधि में आपके व्यय में आकस्मिक वृद्धि होने की संभावना है। आपके दैनिक और व्यावसायिक कार्य अपेक्षा से कुछ धीमी गति से आगे बढ़ेंगे। किसी भी नए उद्यम अथवा कार्य की शुरुआत करने में जल्दबाजी करने से बचें।

**वृषभ राशि-** इस राशि के लोगों के लिए यह समय कठिन परिश्रम करने का है। आजीविका और कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे आपकी स्थिति सुदृढ़ होगी। धन से जुड़े मामलों में कोई भी निर्णय लेने से पहले गहन विचार करना आपके लिए हितकर रहेगा।

**मिथुन राशि-**कार्यस्थल और व्यापार में आपको कुछ नए उत्तरदायित्व सौंपे जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों और मार्गदर्शकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी नई योजना को धरातल पर उतारने से पहले उसकी पूरी रूपरेखा तैयार कर लें, जिससे सफलता की संभावना बढ़ जाएगी।

**कर्क राशि-** इस राशि के जातकों के लिए आने वाला समय सामान्य रूप से फलदायी रहेगा। पारिवारिक जीवन और कार्यक्षेत्र के बीच उचित तालमेल बनाए रखना इस समय आपके लिए अत्यंत आवश्यक होगा।

**सिंह राशि-** आपकी राशि पर वर्तमान समय में ढैया का प्रभाव बना हुआ है। इसके कारण आपको अपने स्वास्थ्य और बढ़ते खर्चों पर विशेष नियंत्रण रखने की आवश्यकता होगी। नौकरी अथवा व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको अतिरिक्त श्रम करना पड़ सकता है।

**कन्या राशि-** व्यापारिक साझेदारी और आपसी संबंधों में अत्यंत समझदारी से काम लेने की आवश्यकता है। किसी भी महत्वपूर्ण दस्तावेज अथवा अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले उसे पूरी तरह से पढ़ और समझ लें। इस समय की गई छोटी सी असावधानी भी भविष्य में आपकी चिंताएं बढ़ा सकती है।

**तुला राशि:** आपके दैनिक कार्यों में व्यस्तता काफी अधिक रहने वाली है। समय का उचित नियोजन और प्रबंधन करने से आपके कई जटिल कार्य भी सुगमता से संपन्न हो जाएंगे। व्यस्तता के बीच अपने स्वास्थ्य और खानपान की आदतों पर ध्यान देना आपके लिए अनिवार्य रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** लंबे समय से रुके हुए अथवा अटके हुए कार्यों के पुनः गति पकड़ने की प्रबल संभावना है। आर्थिक विषयों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की जल्दबाजी करने से बचें।

**धनु राशि:** इस राशि के जातकों पर ढैया का प्रभाव देखा जा रहा है। इसके फलस्वरूप घरेलू और पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ आपके कंधों पर बढ़ सकता है। भूमि, भवन अथवा पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सोच-समझकर ही कोई कदम उठाएं।

**मकर राशि-** यह समय पूरी लगन और निष्ठा के साथ जीवन में आगे बढ़ने का है। इस दौरान की गई छोटी यात्राएं और नए लोगों से बढ़ाए गए संपर्क भविष्य में आपके लिए उन्नति के मार्ग खोल सकते हैं। किसी से भी बातचीत करते समय अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें।

**कुंभ राशि:** इस राशि के जातकों के लिए साढ़ेसाती का अंतिम चरण चल रहा है। विगत कई दिनों से चली आ रही मानसिक और व्यावहारिक परेशानियां अब धीरे-धीरे समाप्त होने लगेंगी।

**मीन राशि:** आपकी राशि पर इस समय साढ़ेसाती का दूसरा चरण प्रभावी है। इसके प्रभाव से आपके ऊपर कार्य और उत्तरदायित्वों का भार पहले की तुलना में अधिक बढ़ सकता है। मानसिक दबाव का अनुभव हो सकता है, परंतु निरंतर प्रयासरत रहने वाले लोगों को अंततः उत्तम परिणाम ही प्राप्त होंगे।

# देश सरकार ने विशेष प्रवर्तन अभियान से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों पर कसा शिकंजा

> दूषित पानी अनेक जलजनित रोगों का कारण बनता है और जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती उत्पन्न करता है। इसी सोच के साथ उर प्रदेश सरकार ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के माध्यम से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों के विरुद्ध व्यापक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रदेश के मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सभी मंडलों में अंतर्जनपदीय विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया। इस अभियान के अंतर्गत मंडलीय सहायक आयुत (खाद्य) के नेतृत्व में विशेष निरीक्षण दल गठित किए गए, जिन्होंने विभिन्न जनपदों में संचालित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों का व्यापक एवं वैज्ञानिक निरीक्षण किया। अभियान केवल औपचारिक जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया, स्वच्छता, गुणवाा नियंत्रण, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया गया। विशेष अभियान के दौरान प्रदेशभर में 362 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया।

स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल स्वस्थ जीवन की पहली आवश्यकता है। आज के समय में बढ़ते शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का उपयोग तेजी से बढ़ा है। घरों से लेकर विद्यालयों, अस्पतालों, कार्यालयों, होटल, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक आयोजनों तक बड़ी संख्या में लोग पैकेज्ड पेयजल पर निर्भर हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बन जाती है कि बाजार में उपलब्ध प्रत्येक पानी की बोतल और जार गुणवत्ता के निर्धारित मानकों पर पूरी तरह खरा उतरे तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हो। पेयजल की गुणवत्ता से समझौता किया जाए तो उसके दुष्परिणाम केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। दूषित पानी अनेक जलजनित रोगों का कारण बनता है और जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती उत्पन्न करता है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के माध्यम से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों के विरुद्ध व्यापक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सभी मंडलों में अंतर्जनपदीय विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया। इस अभियान के अंतर्गत मंडलीय सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व में विशेष निरीक्षण दल गठित किए गए, जिन्होंने विभिन्न जनपदों में संचालित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों का व्यापक एवं वैज्ञानिक निरीक्षण किया। अभियान केवल औपचारिक जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया, स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया गया। विशेष अभियान के दौरान प्रदेशभर में 362 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही 233 खाद्य नमूने संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए अधिकृत प्रयोगशालाओं में भेजे गए। इन नमूनों की वैज्ञानिक जांच के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बाजार में उपलब्ध पेयजल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है या नहीं। यदि परीक्षण में किसी प्रकार की कमी अथवा मिलावट पाई जाती है तो संबंधित इकाइयों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनेक निर्माण इकाइयों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं सामने आई। 56 निर्माण इकाइयों को सुधार सूचना जारी करते हुए निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। इस व्यवस्था का उद्देश्य ऐसे संचालकों को सुधार का अवसर देना है जो निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करने के इच्छुक हैं। वहीं दूसरी ओर गंभीर मामलों में विभाग ने बिना किसी शिथिलता के कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की। अभियान के दौरान यह भी पाया गया कि 38 निर्माण इकाइयां लंबे समय से बंद थीं, जबकि 21 इकाइयां स्थापना प्रक्रिया में थीं। इसके अतिरिक्त 38 इकाइयों द्वारा अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए गए थे। यह तथ्य इस बात को भी दर्शाता है कि विभाग केवल अभिलेखों के आधार पर कार्य नहीं कर रहा, बल्कि प्रत्येक इकाई की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित कर रहा है। गुणवत्ता मानकों के गंभीर उल्लंघन के मामलों में 41 निर्माण इकाइयों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। संबंधित इकाइयां निर्धारित मानकों का पालन किए बिना उत्पादन कार्य पुन: प्रारंभ नहीं कर सकेंगी। यह कार्रवाई स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि खाद्य सुरक्षा के मामलों में सरकार की नीति पूरी तरह 'जीरो टॉलरेंस' पर आधारित है। अभियान का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी रहा कि 57 निर्माण इकाइयों ने निरीक्षण से बचने के उद्देश्य से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। विभाग ने ऐसी सभी इकाइयों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें सील कर दिया तथा स्पष्ट निर्देश जारी किए कि विभागीय निरीक्षण एवं अनुमति प्राप्त किए बिना उत्पादन दोबारा प्रारंभ नहीं किया जा सकेगा। यह कार्रवाई उन इकाइयों के लिए भी सख्त संदेश है जो नियमों से बचने का प्रयास करती हैं। निरीक्षण के दौरान 37 निर्माण इकाइयों में गंभीर कमियां पाए जाने पर उनका उत्पादन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। इन कमियों में उत्पादन स्थल पर स्वच्छता का अभाव, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली में लापरवाही, तकनीकी उपकरणों की अनुपयुक्त स्थिति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन जैसी गंभीर अनियमितताएं शामिल थीं। ऐसी परिस्थितियों में उत्पादन जारी रहना सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता था। समग्र कार्रवाई के अंतर्गत विभाग ने 293 किलोलीटर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर को जब्त (सीज) किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5.06 लाख रुपये आंकी गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्माण में स्वच्छ वातावरण सबसे महत्वपूर्ण आधार होता है। यदि उत्पादन स्थल पर साफ-सफाई के मानकों का पालन नहीं किया गया तो पानी में हानिकारक सूक्ष्मजीव, बैक्टीरिया अथवा अन्य अशुद्धियों के प्रवेश की संभावना बढ़ जाती है, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। विशेष टीमों ने फूड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम (एफएसएमएस) के अनुपालन की भी विस्तृत जांच की। आधुनिक खाद्य उद्योग में केवल अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि उत्पादन की पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक, व्यवस्थित और मानक अनुरूप होना भी आवश्यक है। इसी कारण उत्पादन, शुद्धिकरण, पैकेजिंग भंडारण और अभिलेखों के रखरखाव तक प्रत्येक चरण का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया गया। यह अभियान उपभोक्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश लेकर आया है। केवल आकर्षक पैकेजिंग देखकर किसी भी ब्रांड का पानी खरीदना पर्याप्त नहीं है। उपभोक्ताओं को हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उत्पाद पर एफएसएसएआई लाइसेंस संख्या, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, बैच संख्या तथा अन्य आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से अंकित हों। यदि किसी उत्पाद की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत हो या कोई अनियमितता दिखाई दे तो उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को

आशिया खातून -सूचना विभाग

# प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी नीतियों से शाहजहाँपुर में समृद्धि की ओर बढ़ते गन्ना किसान

> **पेराई सत्र 2025-26 के दौरान शाहजहाँपुर जनपद की चीनी मिलों पर कुल 1029.11 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य देय हुआ, जिसके सापेक्ष अब तक 923.60 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे कृषकों के बैंक खातों में किया जा चुका है। यह रिकॉर्ड राशि कुल देय गन्ना मूल्य का 89.75 प्रतिशत है, जो जनपद में भुगतान व्यवस्था की उत्कृष्टता को प्रमाणित करती है। विशेष रूप से जनपद की निगोही, रोजा, तिलहर एवं पुवायाँ चीनी मिलों द्वारा कृषकों के शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान पूरा कर दिया गया है। यह उपलधि प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।**

उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास में गन्ना फसल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमि और तकनीक-आधारित व्यवस्थाओं के परिणामस्वरूप आज गन्ना उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समयबद्ध रूप से प्राप्त हो रहा है। शाहजहाँपुर जनपद में गन्ना विकास, तकनीकी आधुनिकीकरण और मूल्य भुगतान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस सफलता से जहां एक ओर कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, वहीं दूसरी ओर पूरे जनपद की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई और सकारात्मक गति मिली है। शाहजहाँपुर जनपद में गन्ने की खेती का दायरा अत्यंत व्यापक है और वर्तमान में यहाँ लगभग 1,03,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने का आच्छादन है। गन्ना विकास विभाग द्वारा रोजा, निगोही, पुवायाँ एवं तिलहर स्थित चार गन्ना विकास परिषदों के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपद में संचालित सहकारी गन्ना विकास समिति रोजा एवं पुवायाँ तथा चीनी मिल समिति तिलहर के माध्यम से लगभग 1.96 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता कृषक सदस्यों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि निवेश समय से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे कृषि कार्य सुगम और लागत-प्रभावी हुआ है। जनपद में वर्तमान में कुल पाँच चीनी मिलें पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रही हैं, जिनमें तिलहर एवं पुवायाँ सहकारी क्षेत्र की तथा निगोही, रोजा एवं मकसूदापुर निजी क्षेत्र की चीनी मिलें शामिल हैं। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के सतत मार्गदर्शन व समन्वय से ये सभी चीनी मिलें गन्ना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र बन चुकी हैं। जनपद में गन्ना खरीद से लेकर तौल और मूल्य भुगतान तक की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्णत: पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे किसानों का मिलों के प्रति विश्वास और भी अधिक गहरा हुआ है। पेराई सत्र 2025-26 के दौरान शाहजहाँपुर जनपद की चीनी मिलों पर कुल 1029.11 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य देय हुआ, जिसके सापेक्ष अब तक 923.60 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे कृषकों के बैंक खातों में किया जा चुका है। यह रिकॉर्ड राशि कुल देय गन्ना मूल्य का 89.75 प्रतिशत है, जो जनपद में भुगतान व्यवस्था की उत्कृष्टता को प्रमाणित करती है। विशेष रूप से जनपद की निगोही, रोजा, तिलहर एवं पुवायाँ चीनी मिलों द्वारा कृषकों के शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान पूरा कर दिया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। गन्ना मूल्य भुगतान में हुई इस ऐतिहासिक तेजी का मुख्य श्रेय प्रदेश सरकार द्वारा सख्ती से लागू की गई श्एस्क्रो अकाउंटश् व्यवस्था को जाता है। इस नवीन और पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत चीनी मिलों द्वारा चीनी बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का एक निश्चित हिस्सा केवल और केवल गन्ना मूल्य भुगतान के लिए सुरक्षित रखा जाता है। इस खाते से डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में धनराशि स्थानांतरित की जाती है, जिससे मध्यस्थता पूरी तरह समाप्त हो गई है। इसके साथ ही, किसानों की बढ़ती उत्पादन लागत को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) में की गई लाभकारी वृद्धि से कृषकों की आय में निरंतर और स्थायी इजाफा हुआ है। गन्ना आपूर्ति और विपणन व्यवस्था को पूरी तरह से पारदर्शी और बिचौलिया-मुक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 'स्मार्ट गन्ना किसान' परियोजना के तहत 'ई-गन्ना ऐप' और ऑनलाइन वेब पोर्टल की सुविधा शुरू की गई है। इस डिजिटल क्रांति के माध्यम से शाहजहाँपुर के लाखों किसानों को उनके मोबाइल फोन पर ही गन्ना सर्वेक्षण, सट्टा, बेसिक कोटा, पर्ची निर्गमन और तौल से संबंधित समस्त जानकारियां रीयल-टाइम में प्राप्त हो रही हैं। जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से पर्ची निर्गमन को पूर्णत: स्वचालित और पक्षपात-रहित बना दिया गया है, जिससे गन्ना माफियाओं पर पूर्ण अंकुश लगा है और वास्तविक कृषकों को अपनी उपज मिलों तक पहुंचाने में अभूतपूर्व सरलता मिली है। गन्ना किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए गन्ने को ऊर्जा के प्रमुख स्रोत के रूप में विकसित किया गया है। प्रदेश में लागू की गई व्यापक एथेनॉल नीति के तहत गन्ने के रस और शीरे से हरित ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इस दूरदर्शी नीति से चीनी मिलों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है और वे किसानों के मूल्य का भुगतान बिना किसी विलंब के करने में सक्षम हुई हैं। साथ ही, प्रदेश भर में पुरानी चीनी मिलों के पुनरुद्धार और पेराई क्षमता में विस्तार से किसानों के खेतों में खड़े गन्ने की समय से पेराई सुनिश्चित हुई है। कृषि क्षेत्र में लागत कम करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विकास योजनाओं के माध्यम से किसानों को विभिन्न आधुनिक यंत्रीकरण सुविधाएं अनुदानित दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को ट्रेंच प्लांटर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस और आधुनिक बुआई यंत्रों पर भारी अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जलवायु परिवर्तन और रोगों के प्रभाव से बचाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, शीघ्र पकने वाली एवं रोग-रोधी गन्ने की उन्नत किस्मों के बीज नि:शुल्क अथवा रियायती दरों पर वितरित किए जा रहे हैं। जल संरक्षण और बेहतर उत्पादकता के लिए ड्रिप सिंचाई पद्धति को अपनाने वाले कृषकों को विशेष वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। गन्ना उत्पादक किसानों को स्थानीय स्तर पर विपणन के वैकल्पिक अवसर उपलब्ध कराने और रोजगार सृजन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खांडसारी एवं गुड़ उद्योग को भी विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। नई ऑनलाइन खांडसारी लाइसेंसिंग नीति के तहत त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। इससे शाहजहाँपुर जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे और मध्यम स्तर के प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हुई है, जिससे किसानों को अपनी उपज की तत्काल खपत के लिए स्थानीय स्तर पर एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी वैकल्पिक बाजार प्राप्त हुआ है। शाहजहाँपुर जनपद में गन्ना विकास एवं समयबद्ध मूल्य भुगतान के क्षेत्र में मिली यह सफलता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी नीतियां और जिला प्रशासन की प्रभावी प्रशासनिक कार्यप्रणाली किसानों के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। किसानों की बढ़ी हुई आय से स्थानीय बाजारों में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिला है, जिससे ग्रामीण खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रदेश सरकार भविष्य में भी कृषकों की आय वृद्धि, उत्पादन क्षमता में सुधार और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता और संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनपद-शाहजहांपुर

# क्या बलूचिस्तान पाकिस्तान के नियंत्रण से फिसल रहा है?

पाकिस्तान का सबसे बड़ा और संसाधन संपन्न प्रांत बलूचिस्तान एक बार फिर गहरी अशांति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गया है। पिछले कुछ समय में इस क्षेत्र से छनकर आ रही खबरें, विद्रोही गुटों के दावे और पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान की प्रतिक्रियाएं इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि यह विवाद अब एक नए और अधिक हिंसक चरण में प्रवेश कर चुका है। बलूच राष्ट्रवादियों द्वारा पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमलों के दावे और इसके जवाब में सेना के व्यापक अभियानों ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस आधुनिक युग में दोनों पक्षों की ओर से सूचना और दुष्प्रचार का जो युद्ध लड़ा जा रहा है, उसने जमीनी हकीकत को समझना और भी चुनौतीपूर्ण कर दिया है। हालांकि यह विवाद केवल हालिया सैन्य झड़पों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें दशकों पुराने राजनीतिक असंतोष, आर्थिक वंचना और पहचान के संकट में गहराई तक समाहित हैं जो अब एक नासूर का रूप ले चुकी हैं। पाकिस्तान के निर्माण के समय से ही बलूचिस्तान का प्रश्न इस्लामाबाद के लिए गले की हड्डी बना रहा है। बलूच लोगों का एक बड़ा वर्ग यह मानता है कि वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में उनके तत्कालीन राज्य कलात का पाकिस्तान में विलय उनकी स्पष्ट इच्छा के विरुद्ध किया गया था। इसी ऐतिहासिक असंतोष ने समय के साथ एक मजबूत राष्ट्रवादी आंदोलन को जन्म दिया, जो हर गुजरते दशक के साथ अधिक उग्र और हिंसक होता गया। बलूच राष्ट्रवादियों की सबसे मुख्य शिकायत यह है कि उनके क्षेत्र को पाकिस्तान द्वारा केवल एक आर्थिक उपनिवेश के रूप में देखा जाता है। बलूचिस्तान प्राकृतिक गैस, तांबे, सोने और अन्य बहुमूल्य खनिजों का अथाह भंडार है। इसके बावजूद इन विशाल संसाधनों से प्राप्त होने वाले राजस्व का एक बहुत ही नगण्य हिस्सा स्थानीय विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है। स्थानीय निवासियों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से योजनाबद्ध तरीके से वंचित रखा गया है, जबकि इस्लामाबाद और पंजाब प्रांत के अभिजात्य वर्ग इन संसाधनों का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। यह घोर आर्थिक असमानता उस गुस्से को और भड़काती है जो अंततः आम युवाओं को मुख्यधारा से काटकर विद्रोही गुटों की ओर धकेलता है। हाल के वर्षों में बलूच लिबरेशन आर्मी जैसे कई विद्रोही संगठनों ने अपनी रणनीतिक क्षमता और मारक शक्ति में अप्रत्याशित वृद्धि की है। पहले जहां ये हमले केवल छिटपुट और प्रतीकात्मक होते थे, वहीं अब ये बेहद सुनियोजित और बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं। वर्तमान विद्रोह की एक और विशेष बात यह है कि इसकी कमान अब केवल पारंपरिक कबीलाई सरदारों के हाथों में नहीं रही है, बल्कि विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले शिक्षित मध्यवर्गीय युवा और यहां तक कि महिलाएं भी इसमें सक्रिय रूप से शामिल हो रही हैं। सैन्य ठिकानों, पुलिस चौकियों और संचार तथा यातायात के महत्वपूर्ण ढांचों पर होने वाले निरंतर हमले यह दर्शाते हैं कि विद्रोही अब सीधे तौर पर पाकिस्तानी राज्य की सत्ता और संप्रभुता को चुनौती दे रहे हैं। विद्रोही गुटों का दावा है कि उन्हें आम जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त है और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना और सरकार का रुख हमेशा की तरह बेहद कड़ा है। वे इन विद्रोहियों को केवल राज्य के दुश्मन और विदेशी ताकतों के मोहरे के रूप में चित्रित करते हैं और सैन्य बल के निर्दयी प्रयोग को ही एकमात्र समाधान मानते हैं। लेकिन बार बार होने वाले व्यापक सैन्य अभियानों के बावजूद समस्या का कोई स्थायी हल न निकल पाना यह साबित करता है कि ताकत के बल पर किसी भी जन आंदोलन को हमेशा के लिए नहीं कुचला जा सकता। इस संघर्ष का एक बेहद चिंताजनक पहलू मानवाधिकारों का निरंतर और घोर उल्लंघन है। स्थानीय और कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल बलूचिस्तान में व्यापक स्तर पर दमन चक्र चला रहे हैं। हजारों की संख्या में बलूच युवाओं, छात्रों, वकीलों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर जबरन गायब कर दिया गया है। इन लापता लोगों के परिवार वाले सालों से न्याय के लिए दर दर भटक रहे हैं और अदालतों से लेकर सड़कों तक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था उनकी पुकार सुनने को तैयार नहीं है। राज्य द्वारा की जा रही इस ज्यादती ने बलूच समाज में पाकिस्तान की केंद्र सरकार के प्रति अविश्वास की खाई को इतना चौड़ा कर दिया है कि उसे पाटना अब लगभग असंभव प्रतीत होता है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सोशल मीडिया पर महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** सोशल मीडिया पर महिलाओं के प्रति अत्यंत अशोभनीय, अश्लील और हिंसात्मक भाषा का वीडियो प्रसारित करने का मामला सामने आया है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों और समाजसेवियों में भारी आक्रोश है। नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर टोला कोहड़वल निवासी अमित शुक्ला पुत्र कृष्ण मुरारी शुक्ला ने इस मामले पर कड़ा विरोध जताया है। नौतनवा पुलिस को तहरीर देकर अमित शुक्ला ने बताया कि कुछ समय पूर्व ग्राम हथियहवा निवासी एक मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया था। इस वीडियो में महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बेहद अश्लील, यौन संबंधी गालियों और हिंसक भाषा का खुलकर इस्तेमाल किया गया था। इस तरह के कृत्य से समाज की समस्त महिलाओं की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा की भावना को गहरी ठेस पहुंची है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सरेआम इस तरह की अभद्रता फैलाना सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने की कोशिश है। क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की नई कार्यकारिणी गठित, पदाधिकारियों ने ली शपथ



**देवरिया।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जनपद शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के संविधान के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ ली। समारोह में पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। नई कार्यकारिणी में शौकत अली को अध्यक्ष, आनंद कुमार शर्मा को मंत्री, दुर्गेश शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा रत्नेश द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न पदों पर अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। मुख्य अतिथि आर.के. वर्मा ने कहा कि परिषद हमेशा कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। मुख्य वक्ता आर.के. निगम ने संगठन की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी को कर्मचारी हितों की सबसे बड़ी ताकत बताया। अध्यक्षीय संबोधन में अजय प्रकाश धर द्विवेदी ने संगठनात्मक अनुशासन, विश्वास और समन्वय को सफलता की कुंजी बताते हुए नई टीम से संगठन को और मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। समारोह के अंत में पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित कर्मचारियों ने नई कार्यकारिणी पर भरोसा जताते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## घोरावल पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 25,000 का इनामिया एवं कई थानों में वांछित शातिर अपराधी गिरफ्तार



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।थाना घोरावल पुलिस द्वारा 25,000 के पुरस्कार घोषित एवं जनपद सोनभद्र व अन्य जनपद के विभिन्न थानों में वांछित शातिर अपराधी राजेश सोनकर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त थाना शाहगंज पर पंजीकृत मु0 अ0सं0-01/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट में वांछित था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु मा. न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था तथा उस पर 25,000 का पुरस्कार भी घोषित था। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना घोरावल पुलिस द्वारा लगातार निगरानी, मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी/सर्विलांस साक्ष्यों के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 18.07.2026 को प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा शेरवानी लेगेसी, विनायक सेंट्रल पार्क, जनपद प्रयागराज से समय लगभग 19:30 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गोंडा में मेडिकल एजेंसियों की जांच की उठी मांग

**» करोड़ों की नशीली दवाओं की बरामदगी के बाद पूरे गोंडा जिले में मेडिकल एजेंसियों की जांच की मांग तेज**

**» रघुबाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोली दुबे बोले– हर मेडिकल एजेंसी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 1 करोड़ 13 लाख रुपये मूल्य की नकली एवं नशीली दवाओं की बरामदगी के बाद अब पूरे जिले में संचालित मेडिकल एजेंसियों, थोक दवा विक्रेताओं एवं मेडिकल स्टोरों की व्यापक जांच की मांग तेज हो गई है। रघुबाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे उर्फ गोली दुबे ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, औषधि प्रशासन आयुक्त, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से जिलेव्यापी विशेष अभियान चलाने की मांग की है। गोली दुबे ने कहा कि जनपद की प्रत्येक मेडिकल एजेंसी से स्थापना के बाद से अब तक की दवा खरीद, थोक बिक्री, स्टॉक, जीएसटी अभिलेख, बिल-वाउचर तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाए। यदि कोई प्रतिष्ठान अपने लाइसेंस की शर्तों के विपरीत कार्य करता पाया जाए या आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न कर सके, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विशेष जांच अभियान के दौरान प्रत्येक मेडिकल एजेंसी एवं मेडिकल स्टोर पर वैध औषधि लाइसेंस, पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता, दवाओं के भंडारण की व्यवस्था, खरीद-बिक्री के अभिलेख तथा प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं के वितरण से संबंधित नियमों के अनुपालन का भी सत्यापन किया जाना चाहिए। इससे दवा कारोबार में पारदर्शिता आएगी और आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोली दुबे ने मांग की कि जांच केवल शहर तक सीमित न रहे, बल्कि गोंडा सदर, मनकापुर, कर्नलगंज तथा तरबगंज तहसील के सभी कस्बों और ग्रामीण बाजारों तक पहुंचाई जाए।

उन्होंने विशेष रूप से रूपईडीह, इटियाथोक, झंझरी, मुजेहना, पंडरी कृपाल, मनकापुर, छपिया, बभनजोत , कर्नलगंज, हलधरमऊ, कटरा बाजार, परसपुर, बेलसर, तरबगंज, नवाबगंज और वजीरगंज विकास खंडों में अभियान चलाने की मांग की है। इसके अलावा खरगूपुर, धानेपुर, बाबागंज,



मनकापुर कस्बा, भवानीपुर उपाध्याय को करण नाथ शिवाला आर्य नगर कटरा बाजार, परसपुर, करनैलगंज, नवाबगंज, वजीरगंज, तरबगंज, उमरी बेगमगंज, मसकनवा, छपिया, इटियाथोक, टिकरी, कौड़िय बालपुर, बभनान तथा अन्य प्रमुख बाजारों में संचालित मेडिकल एजेंसियों एवं दवा प्रतिष्ठानों की भी जांच कराने की मांग की गई है।

गोली दुबे ने कहा कि जांच में हुई करोड़ों रुपये की बरामदगी यह संकेत देती है कि औषधि कारोबार में नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम तथा अन्य लागू कानूनों के तहत कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

**मुख्य मांगें**

» पूरे गोंडा जिले में मेडिकल एजेंसियों और मेडिकल स्टोरों का विशेष सत्यापन अभियान।





» स्थापना से अब तक की खरीद-बिक्री, स्टॉक और बिलों का ऑडिट।

» वैध लाइसेंस, पंजीकृत फार्मासिस्ट और अभिलेखों की जांच।

» थोक एवं फुटकर दवा कारोबार में लाइसेंस की शर्तों के अनुपालन का सत्यापन।

» अनियमितता मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई।

» नियमित निरीक्षण व्यवस्था लागू कर आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# पानी बहाने के विवाद में भाई ने भाई पर किया कुदाल से वार, हालत नाजुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार के साहनी टोले पर रविवार सुबह घरेलू विवाद को लेकर भड़के एक बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे भाई पर कुदाल से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। खून से लथपथ घायल को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से ही आरोपी भाई मौके से फरार है। जानकारी के अनुसार साहनी टोला निवासी हरिहर का 48 वर्षीय पुत्र रामबृक्ष साहनी रविवार सुबह करीब 8 बजे अपने दरवाजे पर जमा बरसात का पानी निकालने के लिए कुदाल से नाली बना रहा था। नाली खोदते हुए वह जैसे ही अपने बड़े भाई रामबिलोचन साहनी के दरवाजे के सामने पहुंचा कि दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। बड़ा भाई रामबिलोचन वहां से मिट्टी हटाने का विरोध करने लगा और देखते ही देखते गाली-गलौज करते हुए मारपीट हो गई। वहां मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते और बीच-बचाव की कोशिश करते तब तक तैश में आए रामबिलोचन ने हाथ में ली कुदाल से छोटे भाई रामबृक्ष की गर्दन पर सीधे वार कर दिया। गनीमत रही कि कुदाल गर्दन पर न लगकर सीधे उसके कंधे



पर जा धंसी, जिससे रामबृक्ष लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटने लगी, हमलावर रामबिलोचन मौके से भाग निकला।परिजनों ने आनन-फानन में घायल रामबृक्ष को रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद भी खून का बहाव न रुकने और हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी स्थिति नियंत्रण से बाहर देख चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए जिसके बाद परिजन उसे महराजगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मामले में सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश में रामजानकी मार्ग धंसा, निर्माण गुणवत्ता पर फिर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर;** गोला उप नगर के पश्चिम चौराहे पर गोला-उरुवा मार्ग स्थित नाथे बैट्री की दुकान के सामने रविवार सुबह हुई बारिश के बाद रामजानकी मार्ग की सड़क अचानक धंस गई। सड़क का लगभग तीन फुट चौड़ा और तकरीबन इतना लम्बा हिस्सा धंस जाने से गड्ढा बन गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला से होकर गुजरने वाले रामजानकी मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पहले भी कई बार सवाल उठ चुके हैं। कभी निर्माण कार्य की धीमी गति, कभी सड़क तैयार होने से पहले ही डिवाइडर निर्माण, तो कभी अधूरे मार्ग पर हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जाने जैसी घटनाओं को लेकर यह



मार्ग लगातार चर्चा में रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार रात हुई भारी बारिश ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल दी। उनका आरोप है कि यदि निर्माण मानकों के अनुरूप हुआ होता तो पहली ही तेज बारिश में सड़क इस तरह नहीं धंसती। लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की तकनीकी जांच कराकर दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त हिस्से की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग किया है।

## निर्माणाधीन मकान के उपरी मंजिल से गिरा राजमिस्त्री घायल




**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के घूरीपुर गांव मे निर्माणाधीन मकान में काम करते समय गिर जाने राजेश कुमार गौतम निवासी थानीपुर उत्तरान गंभीर रूप से घायल हो गया, इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया गया है। इब्राहिमपुर गांव निवासी एक व्यक्ति का घूरीपुर मे मकान बन रहा है, शनिवार को सायंकाल मकान के उपरी मंजिल पर काम करते समय बल्ली टूट जाने से राजमिस्त्री राजेश नीचे गिर जाने से गंभीर रुप से घायल हो गया, इलाज के लिए अस्पताल ले आया गया जहां हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

# वायरल वीडियो के 24 घंटे बाद विवाहिता की मौत

**पति-सास पर जहर देने का आरोप; पुलिस जांच तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र से एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए एक विवाहिता का वीडियो वायरल होने के महज 24 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है। मृतका के परिजनों ने पति और सास के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए गोला पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के अनुसार, मृतका तराना बानो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में वह बेहद कमजोर हालत में दिखाई दे रही थी और उसने आरोप लगाया था कि उसकी सास अक्सर उसके साथ मारपीट करती थी तथा उसके पति ने उसे जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। वीडियो में उसने कहा था कि जहर देने के बाद उसे गोरखपुर में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसके पिता उसे इलाज के लिए आजमगढ़ ले गए। उसने यह भी कहा था कि लगातार इलाज के बावजूद उसकी तबीयत ठीक नहीं हो रही है।

परिजनों के मुताबिक, वीडियो वायरल होने के बाद तराना की हालत और बिगड़ गई। उसे बेहतर उपचार के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 17 जुलाई की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका की मां जहरूननिशा, पत्नी सुभान अली, निवासी ग्राम कादीपुर, थाना रौनापार (जनपद आजमगढ़) ने गोला पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री की शादी नगर पंचायत गोला की टीचर कॉलोनी निवासी नाजिम अली पुत्र इन्नल खलीफा से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। तहरीर के अनुसार, 27 जून को पति और सास ने तराना के साथ मारपीट की और जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। पहले




उसका इलाज बड़हलगंज और गोरखपुर में कराया गया, बाद में मायके वाले उसे आजमगढ़ ले गए। इसके बाद इलाज के लिए लखनऊ के मेडबिल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उनके पास मृतका का वह वीडियो भी सुरक्षित है, जिसमें उसने स्वयं अपने पति और सास पर जहर देने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर, वायरल वीडियो, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दाह संस्कार के बाद सरयू में उतरे, गहरे पानी ने छीनी जिंदगी

**स्नान के दौरान डूबे महेंद्र कुमार, परिवार में मचा कोहराम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। गांव के ही एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए 46 वर्षीय महेंद्र कुमार की सरयू नदी में स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद अंतिम संस्कार का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया। सूचना मिलने पर गोला पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिरौली निवासी महेंद्र कुमार (46 वर्ष), पुत्र कोदई रविवार को गांव के एक मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बारानगर स्थित सरयू नदी तट पर गए थे। अंतिम संस्कार की सभी धार्मिक रस्में पूरी होने के बाद अन्य लोगों की तरह वह भी नदी में स्नान करने उतरे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्नान करते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। तेज बहाव और गहराई के कारण वह खुद को संभाल नहीं सके और देखते ही देखते नदी में डूब गए।

महेंद्र कुमार को डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण और स्थानीय लोग तुरंत नदी में कूद पड़े तथा काफी प्रयास के बाद उन्हें बाहर निकाल लिया। हालांकि जब तक उन्हें किनारे लाया गया, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

घटना की जानकारी मिलने पर गोला थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला स्नान के




दौरान पैर फिसलने से नदी में डूबने का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर बरसात के मौसम में नदियों में बढ़े जलस्तर और गहरे पानी में स्नान के खतरे को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान नदी में उतरते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

## पांच साल पूरे, ब्लॉक प्रमुख ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** क्षेत्र पंचायत खजनी की ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह का पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्षों में उन्होंने केवल एक जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि क्षेत्र की बहू-बेटी बनकर लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने का प्रयास किया। अंशु सिंह ने कहा कि उन्होंने हर समस्या को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए विकास कार्यों को गति देने और क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया। यदि इस दौरान उनसे अनजाने में कोई त्रुटि हुई हो तो क्षेत्र की जनता उन्हें अपनी छोटी बहन, बेटी या बहू समझकर क्षमा करे। उन्होंने कहा कि खजनी की जनता के स्नेह, विश्वास और सहयोग ने उन्हें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति दी। यही विश्वास उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और




इसके लिए वह सदैव क्षेत्रवासियों की ऋणी रहेंगी। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद एवं शासन के निर्देशानुसार वह आगामी छह माह तक प्रशासक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती रहेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार पिछले पांच वर्षों में क्षेत्रवासियों का सहयोग और आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा, उसी प्रकार आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास खंड खजनी के समग्र विकास, जनहित और पारदर्शी प्रशासन के लिए वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करती रहेंगी तथा क्षेत्र की सेवा को अपना सर्वोच्च दायित्व मानेंगी।

## जयगुरुदेव संगत की साइकिल यात्रा, पर्यावरण संरक्षण व शाकाहार का दिया संदेश

**भदोही।** जयगुरुदेव संगत भदोही के सैकड़ों सत्संगियों ने रविवार को साइकिल एवं ई-व्हीकल यात्रा निकालकर पर्यावरण संरक्षण, शाकाहार और मद्य निषेध का संदेश दिया। यात्रा जयगुरुदेव आश्रम चकपड़ौना से शुरू होकर कठौता, पड़ाव, सदर मोहाल, अंजही मोहाल, कबूतरनाथ मंदिर, खड़हट्टी मोहाल सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सत्संगियों ने यातायात व्यवस्था को प्रभावित किए बिना लोगों से शाकाहार अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल एवं ई-व्हीकल के उपयोग की अपील की। संगत भदोही के अध्यक्ष प्रेम शंकर मौर्य ने बताया कि श्रद्धेय पंकज जी महाराज के आह्वान पर यह जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शाकाहार अपनाना चाहिए। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस का आभार भी व्यक्त किया।

# जल, जंगल और जमीन बचाने की लड़ाई तेज

**आदिवासियों के हक की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी सपा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद्र-** समाजवादी पार्टी ने सोनभद्र के जल, जंगल और जमीन की रक्षा को लेकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के तरिया इलाके में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, जहां ग्रामीणों और आदिवासी परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान नेताओं ने स्पष्ट कहा कि आदिवासियों की पुश्तैनी जमीन, जंगल और प्राकृतिक संसाधनों को किसी भी कीमत पर उद्योगपतियों के हवाले नहीं होने दिया जाएगा। यदि स्थानीय लोगों के अधिकारों का हनन हुआ तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा, समाजवादी जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी गोंड, जिला अध्यक्ष रामनिहोर यादव, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ डॉ. रवि गोंड बड़कू, रमेश सिंह यादव तथा सुनील सिंह गोंड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तरिया क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं, विस्थापन की आशंका, भूमि अधिग्रहण तथा विकास



परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों को नेताओं के सामने रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सोनभद्र अपनी प्राकृतिक संपदा, घने जंगलों, पहाड़ों, जल स्त्रोतों और आदिवासी संस्कृति के कारण पूरे प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। यहां का पर्यावरण और प्राकृतिक संतुलन पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यदि हजारों हेक्टेयर वन एवं कृषि भूमि बड़े उद्योगों और पावर प्लांटों के लिए अधिग्रहित की जाती है तो इसका सीधा असर न केवल यहां के आदिवासी और ग्रामीण परिवारों पर पड़ेगा, बल्कि पर्यावरण, जलवायु और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि पावर प्लांट और अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के नाम पर आदिवासियों की भूमि तथा जंगलों को गलत तरीके से उद्योगपतियों को सौंपने की कोशिशें की जा रही हैं। इससे हजारों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, पहचान और जीवन का आधार हैं। इनकी रक्षा करना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि किसी भी विकास परियोजना से पहले ग्राम सभा की सहमति, वनाधिकार कानून और स्थानीय लोगों के अधिकारों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। बिना सहमति के किसी भी परिवार को उसकी पुश्तैनी जमीन से बेदखल करना न्यायसंगत नहीं है। पार्टी हर स्तर पर आदिवासियों की आवाज को बुलंद करेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक आंदोलन चलाएगी। प्रतिनिधिमंडल में सदर विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर जायसवाल, कोन ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पासवान, कचनरवा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य छविन्दर चेरो तथा चंदन शर्मा भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी सोनभद्र के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि सोनभद्र की प्राकृतिक धरोहर और आदिवासियों के अधिकारों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। पार्टी इस मुद्दे को गांव से लेकर विधानसभा और संसद तक मजबूती से उठाएगी तथा जनहित और पर्यावरण संरक्षण की लड़ाई लगातार जारी रखेगी।

# बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाहर 18 अवैध एम्बुलेंस सीज

**मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने और अवैध वसूली की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई, हिरासत में पांच चालक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आसपास सक्रिय अवैध एम्बुलेंस नेटवर्क के खिलाफ गोरखपुर पुलिस ने शनिवार रात बड़ा अभियान चलाते हुए 18 एम्बुलेंस सीज कर दीं। कार्रवाई के दौरान पांच चालकों को हिरासत में लेकर गुलरिहा थाने में पूछताछ की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध एम्बुलेंस संचालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि मेडिकल कॉलेज पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को कुछ निजी एम्बुलेंस चालक बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में भर्ती कराते हैं और इसके बदले कमीशन लेते हैं। साथ ही मरीजों से मनमाना किराया वसूलने और नियमों की अनदेखी कर एम्बुलेंस संचालन की शिकायतें भी सामने आ रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर विशेष अभियान चलाया गया। एसपी सिटी निमिष पाटिल, सीओ गोरखनाथ रवि सिंह तथा थाना



गुलरिहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज के आसपास देर रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस को देखकर कई एम्बुलेंस चालक वाहन छोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर कुछ चालकों को पकड़ लिया। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़ी कई एम्बुलेंस संदिग्ध हालत में मिलीं, जिन्हें कब्जे में लेकर थाने लाया गया। जांच में कई वाहनों के पास वैध पंजीकरण, फिटनेस, बीमा, परमिट और अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले। कुछ एम्बुलेंस किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल से संबद्ध भी नहीं थीं। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने 18 एम्बुलेंस को सीज कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मरीजों और तीमारदारों का आर्थिक शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी एम्बुलेंस संचालकों को परिवहन विभाग और शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है। फर्जी दस्तावेज, अवैध संचालन या मरीजों से मनमानी वसूली करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई एम्बुलेंस चालक अवैध वसूली करता है या मरीजों को गुमराह कर निजी अस्पतालों में ले जाने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस कार्रवाई को बीआरडी मेडिकल कॉलेज परिसर में व्यवस्था सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बूथ मजबूत करो और पीडीए की सरकार बनाओ: कानपुर में सपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक




**कानपुर।** आज नवीन मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय पर एक जरूरी बैठक हुई। इस बैठक में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, छावनी विधानसभा कमेटी और सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने की और संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव 'मिंटू' ने किया। बैठक में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि अगर पार्टी को मजबूत करना है, तो हम सबको अपने-अपने बूथ पर डटकर काम करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने बूथ की कमियों को देखें और उन्हें तुरंत ठीक करें। उन्होंने वोटर लिस्ट को लेकर कहा कि नए लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाएं। इसके साथ ही, जिन लोगों के नाम दो-दो जगह हैं या जो फर्जी नाम हैं, उन्हें लिस्ट से हटवाने का काम करें ताकि चुनाव में कोई गड़बड़ी न हो सके। हाजी फजल महमूद ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि 2027 के चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, इसलिए अपनी पूरी ताकत लगा दीजिए। अगर हर कार्यकर्ता रोज अपने बूथ पर 2 से 3 घंटे भी दे देगा, तो आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार पक्का बनेगी। उन्होंने सभी साथियों से कहा कि वे अपने-अपने इलाकों में जाएं और पीडीए की बैठकें करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पदयात्राएं निकालने और जनसभाएं करने को कहा, ताकि पीडीए का संदेश घर-घर तक पहुँच सके।

### अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान कोतवाली क्षेत्र की सागर चौकी इंचार्ज सुमित कुमार पांडे गश्त कर रहे थे, इसी दौरान उन्होंने ग्राम कैथी मोड़ स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से अजब सिंह दोहरे (22) निवासी मोहल्ला खण्डेराव, कस्बा एवं थाना जालौन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर उसे आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया, उसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### 236 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 236 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### नारायण पुर में बंदरों का तांडव, हफ्ते भर में एक दर्जन लोग ज़ख्मी



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत नारायण पुर गांव में पिछले सप्ताह से बंदरों का भीषण आतंक छाया हुआ है,इन हमलों में अबतक करीब 12 लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें से एक ग्रामीण छत से गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया,, घायलों में राजकुमार पासवान, राज देवी पत्नी संजीव गुप्ता,खुशी पुत्री रामकिशोर, प्रियांशी, राममनोहर, निरंजन यादव, लक्ष्मी नारायण,आदि लोग शामिल हैं चार दिन पहले बंदरों ने छत पर लक्ष्मी नारायण को दौड़ाया था, जिससे बचने के प्रयास में वह दूसरे खंड से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, आपको बताते चलें कि लाठी डंडे लेकर स्कूल जा रहें हैं बच्चे,,ग्राम प्रधान सोनम गुप्ता ने बताया कि बीतें तीन दिन में ही सात लोग बंदरों के हमलें में घायल हो गए हैं, आतंक इस क़दर हैं कि लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहें हैं, ग्रामीणों में रोष है कि शासन ने कोई कार्रवाई नहीं की हें।

# डीएम मेरी बात सुन लेंगे...

## इस भरोसे 18 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंची महिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई समाप्त हो चुकी थी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह अपनी गाड़ी की ओर बढ़ रहे थे। तभी एक महिला घबराई हुई उनके पास पहुंची और अपनी समस्या बताने लगी। उसने बताया कि उसका राशन कार्ड नहीं है और सास के नाम बने अंत्योदय राशन कार्ड का हस्तांतरण भी नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने आवेदन पत्र मांगा तो महिला ने बताया कि वह जल्दबाजी में प्रार्थना पत्र भी नहीं लिख पाई। रिंकी मिश्रा ने बताया कि उसकी समस्याओं को देखते हुए गांव के लोगों और शुभचिंतकों ने उसे सलाह दी थी कि वह जिलाधिकारी से मिले। उसकी एक ही बात थी, डीएम साहब मेरी बात सुन लेंगे। इसी भरोसे वह तहसील नरवल क्षेत्र के ग्राम बीर सिंहपुर से करीब 18 किलोमीटर पैदल चलकर घाटमपुर तहसील पहुंची थी। महिला की बात सुनने के बाद जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह को उसी दिन मौके पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रशासन की टीम शाम तक महिला के घर पहुंच गई। कच्ची दीवारों और जर्जर टीन की छत वाले घर में रह रहे परिवार के पास बिजली जाने पर रोशनी की समुचित व्यवस्था भी नहीं थी। जांच में सामने आया कि महिला का राशन कार्ड नहीं बना था, जबकि सास के नाम बने अंत्योदय राशन कार्ड का हस्तांतरण लंबे समय से लंबित था। महिला रिंकी मिश्रा (41) की सबसे बड़ी चिंता उसकी दोनों बेटियां हैं। बड़ी बेटी 17 वर्ष की है, जो पूर्णतः दिव्यांग है और उसे निरंतर देखभाल की जरूरत है।

वहीं 15 वर्षीय दीक्षा ने अभावों के बीच भी पढ़ाई नहीं छोड़ी। रिंकी मिश्रा के पति राजीव मिश्रा की लगभग 10 वर्ष पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद से पूरा परिवार कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहा है। दीक्षा ने कक्षा छह की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अधिकारियों के पहुंचने पर परिवार की स्थिति बताते बताते महिला भावुक हो उठी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी अबिचल प्रताप सिंह ने तत्काल राहत के रूप में राशन, रसोई का आवश्यक सामान, सब्जियां, फल, मिठाई, बिस्किट सहित अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई। इसके साथ ही परिवार को पांच हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। मौके की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने महिला की विधवा पेंशन स्वीकृत कराने, सास के नाम बने अंत्योदय राशन कार्ड का नियमानुसार हस्तांतरण कराने तथा परिवार को अन्य पात्र सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से समयबद्ध रूप से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बीएसए को निर्देशित किया कि दीक्षा की पढ़ाई आर्थिक अभाव के कारण प्रभावित न होने पाए।

### संयुक्त कार्यवाही में साइबर फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश, 6 अभियुक्त गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना नवाबगंज पुलिस एवं सेंट्रल जोन की साइबर क्राइम टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए, साइबर फ्रॉड के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मुख्य सरगना क्षितिज वर्तमान में फरार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बैंकिंग दस्तावेज, कई एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, 58,800 नकद, एक कार एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जांच में यह भी प्रकाश में आया है कि अभियुक्तों से संबंधित बैंक खातों के विरुद्ध एनसीआरपी (NCRP) पोर्टल पर 50 से अधिक साइबर शिकायतें दर्ज हैं। प्रारंभिक विवेचना में ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते थे तथा उन्हीं खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन एवं हेराफेरी के लिए करते थे। प्रकरण में पुलिस गिरोह के संपूर्ण नेटवर्क की पड़ताल कर रही है तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## खेतों से लौटी युवती की रहस्यमई मौत

### श्मशानघाट पहुंची पुलिस, परिजन कर चुके थे अंतिम संस्कार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत महाराज पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमन पुर मजरा गौशाला में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, परिजनों का दावा है कि बीमारी के कारण जान गई, जबकि चर्चा है कि उसने ज़हरीला पदार्थ खाया था,, आपको बताते चलें कि डोमन पुर मजरा गौशाला में रविवार सुबह 18 वर्षीया युवती मानसी के ज़हरीला पदार्थ खाकर जान देने की सूचना से हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस तों पता चला कि परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए गौशाला घाट ले जा चुके हैं,,जब तक पुलिस घाट पहुंची, अंतिम संस्कार हो चुका था, परिजनों ने बताया कि मानसी पुत्री सभाजीत शनिवार को खेतों से धान लगाकर लौटी थी घर आते ही उसने कोल्डड्रिंक पी लिया, जिससे उसे लूज मोशन शुरू हो गया,उपचार उसे अस्पताल ले गए, जहां देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई,,मानसी तीन भाइयों में सबसे छोटी और एकलौती बहन थी,दो भाई विक्की और धीरज बाहर रहने के कारण नहीं आ सके, वहीं मां प्रेमा और पिता सभाजीत का रो रो कर बुरा हाल है, महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार युवती की मौत बीमारी के कारण हुई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

## सरसौल बाजार में नालियों की सफाई शुरू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** सरसौल बाजार में नालियों के ओवर फ्लो होने और सड़कों पर फैल रही गंदगी को लेकर व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए विभाग ?हरकत में आया,और रविवार को बाजार की सफाई शुरू कर दी गई,, आपको बताते चलें कि कानपुर नगर जनपद की तहसील नरवल के कस्बा सरसौल बाजार में नालियों के ओवरफ्लो होने से पिछले कई दिनों गंदगी और बदबू का आलम था, नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था,, जिससे ग्राहक आने से कतरा रहे थे,और दुकानदार बदबू के बीच व्यापार करने को मजबूर थे, गंदगी के चलते बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया था,, व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए विभाग हरक़त में आया,और रविवार को रोस्टर लगवा कर सरसौल बाजार की सफाई शुरू कर दी, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के महामंत्री रजत पांडेय ने बताया कि इस संबंध में कई बार लिखित और मेल से भी शिकायत की गई थी,, पहले ही सफाई कर दी जाती तों, विभाग की फजीहत न होती,, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि यदि शिकायत के समय ही सफाई करा दी जाती,तो विभाग की फजीहत न होती।

### दीपू पेंटर बने बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष



**कोंच(जालौन)-** नगर के समाजसेवी, दलित चिंतक और स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ दीपू पेंटर के राष्ट्रीय दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक मोर्चा में बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष मनोनीत होने पर शुभचिंतकों एवं समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे का मुँह मीठा कराया। शनिवार को मंडल मुख्यालय झांसी में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय चोरिया के आवास पर भी कार्यकर्ताओं ने दीपू पेंटर सहित नव नियुक्त बुंदेलखंड प्रभारी अशोक प्याल का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान दीपू पेंटर ने मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूर्ण मनोयोग और लगन निष्ठा के साथ मोर्चा को आगे ले जाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे और वंचितों शोषितों के हक की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे।

## कलक्ट्रेट गेट पर हुई घटना का जिलाधिकारी ने लिया त्वरित संज्ञान

### उपजिलाधिकारी को तत्काल ग्राम मे भेजकर मामले की करायी जाँच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलक्ट्रेट गेट पर हुई घटना का त्वरित संज्ञान लिया और संबंधित को बुलाकर बात कर प्रकरण को जाना और उपजिलाधिकारी मीरगंज को तुरंत मौके पर भेजकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली । उपजिलाधिकारी ने अपनी जाँच मे अवगत कराया कि तहसील मीरगंज के ग्राम खमरिया सानी में आबादी क्षेत्र से रास्ते की मांग संबंधी प्रकरण है द्य उक्त शिकायत का पूर्व में निस्तारण किया जा चुका था, किन्तु शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं था। उक्त प्रकरण की स्थलीय व अभिलेखीय जाँच की गई। जॉच से विदित हुआ कि संदर्भित प्रकरण ग्राम खमरिया सानी तहसील मीरगंज के गाटा सं0 371 श्रेणी 6(2) आबादी के अन्दर का है। वर्तमान में जो खड़ंजा चल रहा है उसके बराबर में कुछ अन्य भूमि है जिस पर चन्द्रपाल व राम प्रकाश पुत्रगण भूपराम आदि के द्वारा पशु बांधकर व लकड़ी रखकर उपयोग में लाया जा रहा है। उक्त भूमि पर बहुत पुराना कुआँ भी बना हुआ है। इसी से सटे मन्दिर से संलग्न एक पारम्परिक रास्ता लगभग 35-40 वर्षों से चल रहा है जो मौके पर रिक्त है एवं समस्त ग्रामवासी मन्दिर आने-जाने के लिये आवागमन में प्रयोग कर रहे है। इसी रास्ते को लेकर लाल सिंह पक्ष आपत्ति कर रहा है व कुएँ की ओर व रामप्रकाश के घर के सामने से रास्ता चाह रहा है मंदिर भी लगभग 60-70 वर्ष पुराना है। शिकायतकर्ता लाल सिंह का घर रास्ते से होकर थोड़ा अन्दर जाकर तीसरे नम्बर पर स्थित है। इसके घर के पीछे एक वैकल्पिक चकमार्ग भी मौजूद है, जिसका उपयोग इनके द्वारा आवगवन हेतु किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में पूर्व में भी तत्कालीन उपजिलाधिकारी, वर्तमान उपजिलाधिकारी, तहसीलदार मीरगंज व नायब तहसीलदार मीरगंज के द्वारा भी स्थल पर जाकर जॉच की जा चुकी है। आज पुनः राजस्व टीम द्वारा जॉच की गई। शिकायतकर्ता उक्त भूमि (आबादी) से रास्ते की मांग कर रहा है। मौके पर विवाद का सहमति के आधार पर समाधान कराने का अथक प्रयास किया गया परन्तु शिकायतकर्ता व विपक्षी चन्द्रपाल आदि के परिवार के बीच सहमति नहीं बन सकी। दोनों परिवार में आपसी कसीदगी है। प्रार्थी लाल सिंह के पास निकास हेतु अन्य वैकल्पिक रास्ता चकमार्ग गाटा संख्या 553 घर के पीछे मौजूद है। प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है कि प्रकरण आबादी की भूमि श्रेणी 6 (2) का है। राजस्व मानचित्र में भी आबादी के गाटा में रास्ता अंकित न होने के कारण कोई कार्यवाही किया जाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त यह भी संज्ञानित करना है कि गाटा सं0 371 से सम्बन्धित वाद सं0 515/2026 चन्द्रपाल बनाम लाल सिंह सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन बरेली में विचाराधीन है, जिसमें नियत तिथि दिनांक 30 जुलाई .2026 है। शिकायतकर्ता को अवगत करा दिया गया है सिविल न्यायालय में पैरवी कर अनुतोष प्राप्त करें। सक्षम न्यायालय के आदेश के क्रम में कोई कार्यवाही किया जाना विधि संगत होगा। फिर भी दोनो रास्ते मौके पर बदस्तूर चल रही है। मौजूद अन्य ग्राम वासियों को कोई समस्या नहीं है। आवागमन में कोई बाधा नहीं है। दो दिन पूर्व उपजिलाधिकारी मीरगंज, तहसीलदार मीरगंज द्वारा इनके अधिवक्ता राजेन्द्र गंगवार एवं प्रार्थी को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर समझाया भी था। जिलाधिकारी ने प्रकरण से अपर जिला मजिस्ट्रेट विजय व तहसीलदार मीरगंज को मामले की पुनः जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## केन-बेतवा जुड़ने के बाद बुंदेलखंड में होगी तीन-तीन फसलें-स्वतंत्र देव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**उरई (जालौन)-** प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य में जुटी राज्य सरकार अब परियोजनाओं को पूरा कर ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने में जुट गई है। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के कदौरा विकास खंड के चमारी गांव में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम में ग्रामवासियों को नल से जल पहुंचाने वाली इस योजना की कमान सौंपी। जल अर्पण कार्यक्रम के मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि राज्य सरकार घरों तक नल से जल की सप्लाई के साथ-साथ परिवारों को फ्री में राशन, घर तक बिजली, पक्की सड़क, किसान सम्मान निधि और बच्चों को पोषण आहार की सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नल से जल आप लोगों के घरों तक पहुंचा दिया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप पानी का इस्तेमाल भी करें और संरक्षण भी करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसी तरह घर तक पानी की सप्लाई मिलती रहे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि केन-बेतवा को जोड़ने का काम किया जा रहा है। दोनों नदियों को जोड़ने के बाद बुंदेलखंड की सिंचाई व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा। किसान तीन-तीन फसलों का उत्पादन कर सकेंगे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि चमारी गांव में 10 घर ऐसे हैं, जिन्हें शिफ्ट किया गया है। उन घरों में भी जल्द ही पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए राज्य सरकार सरकारी भवनों में रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दे रही है। 35 हजार से अधिक भवनों पर रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की गई है। खेत में तालाबों का निर्माण किया जा रहा है, 6500 चैकडैम बनाए गए हैं। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि वह और जल जीवन मिशन की पूरी टीम गांव-गांव जाकर जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत जान रही है। यह सुनिश्चित कर रही है कि हर घर तक नल से जल पहुंचे और इसमें किसी भी तरह का भेदभाव न हो। इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने ग्रामवासियों से पौधे लगाने की भी अपील की। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने ग्रामवासियों को बताया कि किस तरह से सरकार ने बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को साकार किया है। वहीं गांव में नलों से पानी की सप्लाई पाकर ग्रामीण भावुक नजर आए। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वो अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण करेंगे जिससे पानी का जो दुख और संकट उन्होंने झेला, वो उनकी आने वाली पीढ़ियों को न भुगतना पड़े। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी रमा निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में जल जीवन मिशन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्त्री आर्य समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** स्त्री आर्य समाज, गोविंद नगर ब्लॉक-2 की आयोजित आम एवं अंतरंग सभा में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने वैदिक धर्म, सामाजिक समरसता, शिक्षा, संस्कार एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में वीरा चौपड़ा, चंद्रकांता गेरा एवं शकुंतला मेहन्दीरत्ता, प्रधान पद पर डॉ. संतोष अरोड़ा, उपप्रधान पद पर सरोज खन्ना, कविता कपूर एवं सुमन चौपड़ा, मंत्री पद पर शिवांगी अरोड़ा (मोंगा), उपमंत्री पद पर पूजा आर्या, श्वेता सचदेव एवं निधि गेरा, कोषाध्यक्ष पद पर मीनाक्षी दुआ, लेखा निरीक्षिका पद पर कमल दीवान तथा अंतरंग सभा के सदस्य के रूप में कृष्णा आनंद, बबीता गोस्वामी, ममता चौपड़ा, रानी मोंगा, पूनम मोंगा, जनक दुआ, प्रतीक्षा गेरा एवं प्रिया गेरा को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने तथा महर्षि दयानंद सरस्वती के वैदिक सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने समाज में शिक्षा, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक रूप से संचालित करने का विश्वास दिलाया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम स्त्री आर्य समाज, गोविंद नगर को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई पहचान प्रदान करेगी। कार्यक्रम का समापन वैदिक मंगलकामना एवं समाज हित में निरंतर कार्य करने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोंच(जालौन)-** मंदिर में झाड़ू सही से लगाने की बात पर हुए विवाद में ग्रामीण के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमेंड निवासी महेंद्र कुशवाहा पुत्र ठाकुर प्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार की शाम करीब 5 बजे वह गांव में ही कारसदेव के स्थान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान आकाश पुत्र शिवाकांत झाड़ू लगाते समय धूल उड़ाने लगा जिस पर उसने ठीक से झाड़ू लगाने का लिए कह दिया तो आकाश के पिता शिवाकांत और भाई आलोक सहित आकाश ने मिलकर गाली गलौच करते हुए उसे लाठी डंडों और लात घूसों से मारापीटा जिससे वह घायल हो गया। उक्त लोगों ने उसे धमकी दी की पुलिस से यदि शिकायत की तो जान से मार देंगे। घटना को लेकर पुलिस ने उपरोक्त तीनों के खिलाफ दफा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### कानपुर में ओवर स्पीड 340 वाहनों पर कार्यवाही

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 19.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 33 ट्रक, 4 बस, 130 चार पहिया/दो पहिया 167 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 ट्रक, 03 बस, 104 चार पहिया/दो पहिया 110 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । गंगा बैराज पर 63 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

## बरामद कच्ची शराब की पूरी की नष्टीकरण कार्यवाही





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद की गई अवैध कच्ची शराब की नष्टीकरण कार्यवाही की। पूरी कार्यवाही कोतवाली क्षेत्र के पहाड़गांव-कैलिया बाईपास रोड पर क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में की गई। जानकारी के अनुसार, बीते वर्ष 2024 में आबकारी अधिनियम के तहत कोतवाली में दर्ज किए गए 37 मुकदमों में पुलिस द्वारा कुल 467 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई थी। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कोतवाली पुलिस ने रविवार की दोपहर क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में उक्त सारी शराब की नष्टीकरण कार्यवाही पूरी की। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व में बरामद की गई अवैध कच्ची शराब सुरक्षित एवं नियमानुसार नष्ट कराई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह समेत पुलिस टीम मौजूद रही।

## अब कानपुर के खेतों, तालाबों में खिल रहे हैं मोती

### मत्स्य पालन के साथ मोती उत्पादन का अभिनव प्रयोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** खेत तालाब अब केवल सिंचाई और वर्षा जल संचयन तक सीमित नहीं रह गए हैं। कानपुर नगर के बिधनू विकासखंड स्थित ग्राम सम्भुआ में एक खेत तालाब में मोती उत्पादन और मत्स्य पालन का अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। लगभग 30 हजार सीपियों पर आधारित इस परियोजना में प्रति सीपी दो मोती तैयार किए जा रहे हैं। इनमें चयनित सीपियों में विशेष मोल्ड तकनीक के माध्यम से स्वस्तिक, भगवान गणेश, पुष्प, पत्तियों तथा अन्य कलात्मक आकृतियों वाले डिजाइनर पर्ल विकसित किए जा रहे हैं। लगभग 18 से 20 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना से तैयार होने वाले मोती करीब 50 लाख रुपये में बिकने का अनुमान है, जबकि मत्स्य पालन से प्रतिवर्ष लगभग चार लाख रुपये की अतिरिक्त आय होने की संभावना है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियों को इसे जनपद के अन्य खेत तालाब लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भूमि संरक्षण अनुभाग द्वारा ग्राम सम्भुआ निवासी श्रीमती रश्मि वर्मा के खेत में 22 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा एवं तीन मीटर गहरा खेत तालाब निर्मित कराया गया है। योजना के तहत उन्हें खेत तालाब निर्माण पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 52,500) का अनुदान डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। कृषि विभाग एवं मणि एग्रो हब के सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने तालाब में मोती की खेती शुरू की। वर्तमान में इस परियोजना को लगभग नौ माह पूरे हो चुके हैं तथा करीब 18 माह में मोती तैयार हो जाएंगे। इस परियोजना की विशेषता यह है कि चयनित सीपियों में विशेष साँचे (मोल्ड) प्रत्यारोपित किए गए हैं, जिन पर सीपी प्राकृतिक रूप से मोती की परतें चढ़ाती है। इसी प्रक्रिया से स्वस्तिक, भगवान गणेश, पुष्प, पत्तियों तथा अन्य कलात्मक आकृतियों वाले डिजाइनर पर्ल तैयार किए जा रहे हैं। सामान्य गोल मोतियों



की तुलना में ऐसे डिजाइनर पर्ल आभूषण एवं सजावटी बाजार में अधिक मांग वाले उत्पाद माने जाते हैं, जिससे बेहतर मूल्य मिलने की संभावना रहती है। वहीं सामान्य सीपियों में प्रति सीपी दो मोती तैयार किए जा रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता भी बढ़ रही है। परियोजना के साथ मत्स्य पालन को भी जोड़ा गया है। रश्मि वर्मा ने बताया कि उनके दूसरे खेत तालाब में मत्स्य पालन किया जा रहा है और अब तक तीन बार मत्स्य उत्पादन किया जा चुका है। इससे प्रतिवर्ष लगभग चार लाख रुपये की अतिरिक्त आय होने की संभावना है। उन्होंने अन्य किसानों से भी खेत तालाबों का उपयोग केवल सिंचाई तक सीमित न रखकर मत्स्य पालन, मोती की खेती तथा अन्य आयवर्धक गतिविधियों से जोड़ने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने सिद्धनाथ दरी का किया निरीक्षण

**सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधाओं का लिया जायजा।**



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील क्षेत्र में पर्यटन स्थल जल प्रपात की लम्बी श्रृंखला है। मानसून के दौरान जल प्रपात पर लगातार दुर्घटनाएं बढ़ने के कारण तहसील प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। अत्यधिक फिसलन तेज़ बहाव और सेल्फी लेने के जोखिम को देखते हुए क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव ने शुक्रवार की देर शाम सिद्धनाथ दरी का निरीक्षक किया। बिते बुधवार को स्नान करते समय गहरे कुंड में गिर जाने से मौत हो गई थी। हादसे के कारण क्षेत्राधिकारी के निर्देशन पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। उन्होंने सक्तेशगढ़ चौकी इंचार्ज राजेश पांडे से कहा कि घटना न हो सके जिसके लिए बैरिकेटिंग लगाने व जलप्रपात पर कोई भी व्यक्ति नशीली प्रदार्थ का सेवन न करें। और सायं पांच बजे तक कोई भी शैलानी जलप्रपात पर मौजूद न रहे। अगर कोई भी व्यक्ति नशीली प्रदार्थ जलप्रपात पर लेजाकर प्रयोग करता है उसके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान हेड कांस्टेबल राम औतार सिंह ,जयप्रकाश सिंह, पंकज सिंह कुशवाहा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का विंध्याचल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत




**मीरजापुर।** शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के माँ विंध्यवासिनी धाम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की खुशहाली एवं विकास की कामना की।जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री का विंध्य धाम आगमन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने माँ विंध्यवासिनी से प्रार्थना की कि दिल्ली सहित पूरे देश की जनता सुखी, समृद्ध और खुशहाल रहे। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इसकी जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने दी।

### टूटते रिश्तों को मिला नया जीवन, परिवार परामर्श केंद्र ने 5 दंपतियों का कराया समझौता

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के तहत महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र लगातार पारिवारिक विवादों के समाधान की दिशा में कार्य कर रहा है। जुलाई 2026 में अब तक केंद्र की काउंसलिंग के माध्यम से पांच बिछड़े दंपतियों के बीच आपसी समझौता कराकर उन्हें दोबारा साथ रहने के लिए तैयार किया गया। परिवार परामर्श केंद्र में महिलाओं द्वारा पति एवं ससुराल पक्ष के खिलाफ पारिवारिक विवाद संबंधी प्रार्थना पत्र दिए गए थे। इसके बाद दोनों पक्षों को नोटिस और मोबाइल फोन के माध्यम से बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। केंद्र की टीम ने धैर्यपूर्वक काउंसलिंग कर दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराया, जिससे गलतफहमियां दूर हुई और सभी दंपतियों ने बिना किसी दबाव के नए सिरे से साथ रहने पर सहमति जताई। पुलिस के अनुसार, इस पहल से न केवल टूटते परिवारों को नया जीवन मिला, बल्कि बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित दिशा मिली। समझौते के बाद सभी दंपतियों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, मुख्य आरक्षी विद्यानंद सिंह, महिला मुख्य आरक्षी कुमारी अंजनी तथा महिला आरक्षी प्रीति यादव, ममता चौहान, नेहा सिंह एवं आरक्षी विवेक कुमार उपस्थित रहे।

# हलिया के एक अध्यापक के व्यवहार से शिक्षा जगत शर्मसार

» बच्चों को पढ़ाने के बजाय पत्रकारों को 'दलाल' साबित करने में जुटे

» हलिया के एक अध्यापक ग्रुप में पढ़ाई के बजाय अब व्हाट्सपग्रुप पर अनर्गल बहस और चर्चा इन दिनों काफी सुर्खियों में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत गलरिया पूर्वा के एक प्राथमिक विद्यालय में के एक परिषदीय विद्यालय के शिक्षक का कथित व्यवहार इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि विद्यालय और शिक्षण व्यवस्था से जुड़ी खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित शिक्षक पत्रकारों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और शिक्षक के आचरण पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

**शिष्टाचार को ताक पर रखकर की अभद्र टिप्पणी**

भारतीय संस्कृति में शिक्षक को गुरु का दर्जा प्राप्त है। शिक्षक से समाज सदैव मर्यादित व्यवहार, संयमित भाषा और आदर्श व्यक्तित्व की अपेक्षा करता है। लेकिन हलिया क्षेत्र के एक शिक्षक पर आरोप है कि उन्होंने पत्रकारों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। लोगों का कहना है कि यदि शिक्षक ही शालीनता की सीमाएं लांघेंगे तो समाज में गलत संदेश जाएगा और शिक्षा जगत की गरिमा भी प्रभावित होगी।

**खबर प्रकाशन से आहत हुए अध्यापक**

बताया जा रहा है कि विद्यालय की व्यवस्थाओं, बच्चों की पढ़ाई और शिक्षकों की कार्यप्रणाली को लेकर एक समाचार प्रकाशित किया गया था। इसी खबर के बाद संबंधित शिक्षक नाराज हो गए। आरोप है कि उन्होंने पत्रकारिता पर सवाल उठाते हुए पत्रकारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शिक्षक के व्यवहार को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

**पद की गरिमा का नहीं रखा ध्यान**

शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने का कार्य नहीं करता, बल्कि वह बच्चों के चरित्र निर्माण और संस्कारों का भी आधार होता है। ऐसे में किसी शिक्षक द्वारा सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करना उसके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं माना जा रहा है। शिक्षाविदों का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर शिक्षक, को अपनी भाषा और व्यवहार में संयम बनाए रखना चाहिए ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए।

**अभिभावकों में आक्रोश** मामले को लेकर स्थानीय अभिभावकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि जिस शिक्षक से बच्चों को नैतिक शिक्षा, अनुशासन और शिष्टाचार सीखना चाहिए, यदि वही सार्वजनिक रूप से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करेगा तो बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अभिभावकों ने ऐसे मामलों में जिम्मेदार व्यवहार अपनाने



की आवश्यकता पर बल दिया है।

**विभाग से कार्रवाई की मांग** घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था और पत्रकारिता–दोनों की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया और शिक्षा, दोनों महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और दोनों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार आवश्यक है।

# जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम का किया निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** शनिवार को गुरु पूर्णिमा पर परमहंस आश्रम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम चुनार पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आश्रम परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग स्थल तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षित आने जाने, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी तथा चिकित्सा एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिया, साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से मिलकर कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, कोतवाल विजय शंकर सिंह प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

## जलालपुर माफी गांव के विभु सिंह ने पहले प्रयास में नीट क्वालीफाई, क्षेत्र का बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार।** क्षेत्र के जलालपुर माफी गांव के होनहार छात्र विभु सिंह पुत्र अजय सिंह ने 6053 रैंक प्राप्त कर राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट क्वालीफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी की लहर है। विभु ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। शुरुआती पढ़ाई सनबीम स्कूल वाराणसी से हुई है। उन्होंने कोचिंग के साथ स्व-अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया। नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के दम पर उन्होंने नीट जैसी कठिन परीक्षा पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त की।

पिता अजय सिंह एचडीएफसी बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। माता सुनीता कुशल गृहिणी हैं और उन्होंने घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ बेटे की पढ़ाई में पूरा सहयोग दिया। दादी बालिका इंटर कालेज जलालपुर माफी से अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य हैं, उन्होंने जलालपुर माफ़ी इंटर कालेज में 35 वर्ष तक सेवाएं दी हैं। परिवार में शिक्षा का माहौल होने के कारण विभु को बचपन से ही पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलती रही। सफलता के बाद विभु ने कहा कि लक्ष्य तय करके लगातार मेहनत करने से कोई भी परीक्षा पास की जा सकती है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, दादी और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। विभु अब एमबीबीएस में प्रवेश लेकर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहते हैं। गांव के लोगों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने विभु को बधाई दी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभु की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। विधायक अनुराग सिंह ने भी विभु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जलालपुर माफ़ी जैसे छोटे गांव से निकलकर नीट क्वालीफाई करना बड़ी बात है। इससे क्षेत्र के बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना।**



**सीखड़ मीरजापुर,** शनिवार को विकास खण्ड मुख्यालय सीखड़ से पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली को खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विकास खण्ड मुख्यालय से प्रारंभ होकर बगहा, खैरा बाजार होते हुए पुनः विकास खण्ड मुख्यालय आ कर समाप्त हुआ।छात्र छात्राओं द्वारा अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने एवं नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। उक्त अवसर पर प्रा0 अध्यापक आनन्द सिंह प्रा0 अध्यापिका ललिता मौर्या, अध्यापक संतोष सिंह, लक्ष्मण सिंह, राकेश सिंह, शशिकांत सिंह, धीरज कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

## हनुमान गढ़ी के महंत श्री राजू दास जी महाराज का मनाया गया जन्म दिवस

सीखड़ विकास खण्ड क्षेत्र के विट्ठलपुर गांव स्थित विट्ठलेश्वर महादेव मंदिर पर राम दरबार का भव्य श्रृंगार के पश्चात हुआ विभिन्न आयोजन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ मीरजापुर,** मां गंगा के पुनीत पावन तट पर बसा विठ्ठलपुर ग्राम पंचायत में स्थित विठ्ठलेश्वर महादेव के मंदिर प्रांगण में अयोध्या धाम स्थित हनुमान गढ़ी के महंत श्री श्री 1008 श्री राजू दास जी महाराज का जन्मदिन शनिवार को सायं काल में बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर प्रांगण में स्थापित भगवान श्री राम लक्ष्मण माता जानकी , भगवान शिव शंकर , हनुमान जी महाराज के भव्य श्रृंगार से हुई। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। पूरे मंदिर परिसर में जय श्रीराम जय बजरंग बली के नारों से गूंज उठा। भक्तों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और हनुमान जी महाराज से महंत श्री राजू दास जी महाराज के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।




वहीं वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महंत श्री राजू दास जी महाराज सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में निरंतर लगे हैं तथा सकल हिंदु समाज को धर्म और संस्कार की राह दिखा रहे हैं। उक्त अवसर पर मुख्य आयोजक हिंदू सुरक्षा सेवा संघ सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या के क्षेत्रीय प्रभारी काशी प्रांत, अनुराग पाठक जी, जिला प्रभारी महेंद्र कुमार पाठक, जिला अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह 'मोनू सिंह' जिला उपाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, जिला मंत्री अनुराग मिश्रा, शिक्षक संभाग अध्यक्ष नील कमल मिश्रा, जिला मिडिया प्रभारी रतन पांडेय, भगवान के युगल अर्चक आयांश पाठक पार्थ ,मुकेश पाठक, मनोज पांडेय एडवोकेट, समीर पाठक, दुर्गेशमणि पाठक, गौतम पाठक, भास्कर पांडेय, देवेंद्र उपाध्याय, कमलेश पाठक, धीरज चौबे , छुन्ना उपाध्याय, बाबा त्रिपाठी, दीपक दुबे, गोलू मिश्रा, विकास राज अहिर सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## फ्लोरोसिस प्रभावित क्षेत्रों में जल जीवन मिशन फ्लाप, ग्रामीणों ने किया ज़ोरदार प्रदर्शन

लोराइड युत और नदी-नाले का पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद** जनपद के नव सृजित विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई हर्रा कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। फ्लोरोसिस से प्रभावित क्षेत्रों में भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लि. की मनमानी और उदासीनता के कारण सरकारी धन का खुलेआम बंदरबांट किया गया है जिसका जीता जागता उदाहरण लोग आज भी फ्लोराइड युक्त या नदी-नालों का दूषित पानी पीने को विवश है। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी और स्थानीय स्थिति के अनुसार सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल योजना धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हो सका है, लेकिन संबंधित संस्था के कुछ कारखासों कागजों पर इसे पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों के बार-बार प्रदर्शन के बाद संस्था ने सच्चाई छिपाने के लिए आनन-फानन में सड़कों के किनारे पाइप ढकने और नल कनेक्शन की मरम्मत का काम शुरू किया था किंतु वह भी धरा रह गया। बतादें कि कई जगहों पर डीआई पाइपलाइन, एच डी पी, एमडीपीई पाइपलाइन की गहराई मानक के अनुरूप नहीं है बल्कि पाईप की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाना लाजिमी है। जिसकी वजह से हल्की बरसात या अन्य कारणों से पाइपलाइन आए दिन ध्वस्त हो जाता है । बल्कि संबंधित संस्था द्वारा यह कार्य उच्च स्तरीय जाँच का विषय है। ग्रामीणों ने का आरोप है कि प्रोजेक्ट लगाने से पहले तैयार होने वाली जीए ड्राइंग के बावजूद नदी की धारा बार-बार क्यों बदल रही है। आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन कई वर्षो से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। संस्था के चुनिंदा कर्मचारियों पर संबंधित विभाग व आम जनता को गुमराह करने, तथा कनेक्शन व मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर कागजी कोरम पूरा करने का आरोप है। फ्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा, कुड़वा जैसे क्षेत्रों में यह योजना अभिशाप बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार, संस्था द्वारा वर्षो से कचनरवा के टोला असनाबांध लिंक रोड वार्ड नंबर 3 में आज तक जलापूर्ति नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने सीएम हेल्प लाइन पर भी शिकायत की, लेकिन संबंधित विभाग ने बिना कार्य पूरा किए ही जाँच आख्या लगा दी, जिससे विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज भी सिधवादामर, कुड़वा सहित अन्य स्थानों के लोग नदी-नाले और चुआंड से पानी पीने को मजबूर हैं। सामाजिक कार्यकर्ता गंगा प्रसाद यादव ने संस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि नदी नाले के दूषित पानी पीने से जवान बूढ़े दिखने लगे हैं, बच्चों के दांत पीले पड़ रहे हैं, और लोग फ्लोरोसिस की चपेट में आकर काल के मुँह में समा जा रहे हैं। कचनरवा ग्राम पंचायत के असनाबांध वार्ड-3, बड़ाप, मधुरी, नरोइयादार्म, रोहिनवादाम, बागेसोती, सिंगा, डुबवा, धौरवादामर,सेमरवादामर, गोबरदाहा, रोरवा, खरौंधी, चांचीकला, नकतवार, बहुआरा सहित लगभग 32 गांवों में जलापूर्ति वर्षो से ठप है। बतादें कि टंकी से सटा गांव बड़ाप आज तक कनेक्शन से वंचित है। जिसके क्रम में रविवार को समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव की अगुवाई में कुड़वा में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नियमित पानी आपूर्ति की मांग करते हुए जल निगम और कार्यदायी




संस्था के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया। समाजसेवी गंगा यादव, जयराम, कलावती देवी ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लगभग दो वर्षो से जला पूर्ति नहीं हो पा रही है लोग नदी नाले का पानी पीने को मजबूर हैं और फ़्लोरो सिस की चपेट में आकर अपनी जान तक गवां दे रहे हैं लेकिन गरीबों की आवाज उन संस्था के भ्रष्ट अधिकारियों तक नहीं पहुँच रही है और वहीं संबंधित संस्था ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए अधिकांश ग्राम प्रधानों और पंचायत की जल समितियों से झूठे प्रमाण पत्र बनवाकर शासन स्तर पर भेजे और सरकारी धन का बंदरबांट किया गया।

ग्रामीणों ने सूबे के मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और भ्रष्ट कार्यदायी संस्था को तत्काल ब्लैक लिस्टेड कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो। इस बावत ए ई ममूर अली (जल निगम) ने कहा कोन विंढमगंज मुख्य मार्ग पर मेन पाईप डैमेज होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है, जिसे पी डब्लू डी से मिलकर जल्द ही बनवा दिया जायेगा। उसके बाद ही लोगों को नियमित पानी मिलने लगेगा। अब देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की यह महत्वाकांक्षी परियोजना, जो जनहित में बड़ी तेजी से शुरू की गई थी, ग्रामीणों तक पानी पहुंचा पाएगी या यह संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर केवल कागजों में सिमट कर रह जाएगी।

## साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से तीन पीड़ितों को लौटे 67 हजार रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना भदोही ने तीन पीड़ितों के खातों में कुल 67,147 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के बाद पीड़ितों ने भदोही पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार, नई बाजार निवासी मनीष कुमार मौर्य से यूपीआई के माध्यम से ठगी कर 5,000 रुपये निकाल लिए गए थे। साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एमआरएम पोर्टल के माध्यम से पूरी धनराशि वापस करा दी। दूसरे मामले में मो. जफर अंसारी से बस बुकिंग के नाम पर एडवांस भुगतान के दौरान 31,995 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। मामले में न्यायालय की प्रक्रिया के माध्यम से पूरी राशि वापस कराई गई।

वहीं, घमहापुर निवासी सुनीता देवी को अज्ञात कॉलर ने आंगनबाड़ी योजना का पैसा मिलने का झांसा देकर यूपीआई के जरिए




78,880 रुपये की ठगी कर ली थी। साइबर हेल्प डेस्क के प्रयास से पीड़िता को 30,152 रुपये वापस दिलाए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर ऐप डाउनलोड न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और बिना सत्यापन के किसी को ऑनलाइन भुगतान न करें। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार राय, साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी बुद्धिसागर यादव, महिला कांस्टेबल आश्रुति सिंह एवं प्रीति यादव की प्रमुख भूमिका रही।

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता व मासूम से मारपीट, तीन पर आरोप

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के चन्द्रपुरा निवासी उमाशंकर ने अपने दामाद सहित तीन पर आरोप लगाया है कि 7 जुलाई 2026 की शाम करीब 5 बजे हरियांव निवासी राहुल, बाबूलाल और लल्ला उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि राहुल ने अपनी पत्नी मीरा को डंडे चैला से मारकर घायल कर दिया तथा उनकी एक वर्षीय पुत्री मुस्कान को पटक दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित के अनुसार मीरा का विवाह 2 जून 2024 को हुआ था। विवाह में सामर्थ्य अनुसार दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करता रहा। उमाशंकर ने आरोप लगाया कि ससुराल में भी कई बार मीरा के साथ मारपीट की गई और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी।

## दोस्तपुर में शोरूम पर तोड़फोड़ एवं मारपीट करने वाले 07 अभियुक्तों पर हुई एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दोस्तपुर/ सुल्तानपुर** दोस्तपुर नगर पंचायत आलू मंडी स्थित प्रतिष्ठित व्यवसायी भगवान दास पवन कुमार के शोरूम पर कथित रूप से हुई तोड़फोड़, मारपीट एवं धमकी की घटना को लेकर व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है। यह घटना कानून-व्यवस्था तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय बन गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत दोस्तपुर निवासी रजनीश गुप्ता, मनीष गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अवनीश गुप्ता पुत्रगण सीताराम गुप्ता सीमा देवी व डॉली सहित अन्य सहयोगियों पर आरोप है कि वे एक राय होकर उक्त शोरूम पर पहुंचे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही उन्होंने शोरूम के शटर में तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया तथा वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान शोरूम को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। अराजकता की सारी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। तहरीर व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 07 अभियुक्तों पर एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा कुछ अभियुक्तों को पकडकर जेल में बंद किया गया है।

बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है। व्यापारिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारियों का प्रशासन पर विश्वास प्रभावित हो सकता है। विदित हो कि अभियुक्तों द्वारा आलू मंडी स्थित प्राचीन सार्वजनिक कुआं को पाट कर कब्जा कर लिया गया है व कुएं के पीछे मदरसे की जमीन को भी कब्जा किया गया है। व्यापारियों की मांग है कि पुराने कुंए के स्थान पर नगर पंचायत दोस्तपुर द्वारा सौंदर्यीकरण कर पेयजल की व्यवस्था किया जाए जिससे आने वाले व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों को पेयजल की सुविधा पूर्व की भातिं मिल सके। बच्चों के शिक्षा के केंद्र मदरसे की जमीन को कब्जा करने के संदर्भ में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुल्तानपुर को प्रार्थना पत्र देकर विधिक कार्रवाई की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन से मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही,



पीड़ित व्यवसायी को हुए आर्थिक नुकसान का उचित आकलन कर न्याय दिलाया जाए। व्यापारियों का कहना है कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, हिंसा, धमकी अथवा अभद्र व्यवहार किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। इसलिए आवश्यक है कि इस घटना में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई कर दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों में सुरक्षा, विश्वास एवं कानून के प्रति आस्था बनी रहे। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की सफलता को लेकर भाजपा सीखड़ मंडल की बैठक संपन्न



**सीखड़ (मिर्जापुर)।** भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल की बैठक विकासखंड के धनैता पचराव सीखड़ अदलपुरा मगरहा आदि विभिन्न सेक्टरों में सेक्टर प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों के साथ आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 जुलाई को कैलहट में आयोजित होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं बूथ अध्यक्षों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी राज बहादुर सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राज बहादुर सिंह ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ अध्यक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही होती है और प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की योजनाओं एवं सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। रणवीर प्रताप सिंह संजय मिश्रा राजेश सिंह ज्ञानधर शुक्ला शीतलेश्वर प्रसाद पाठक भूपेश पांडेय वंश बहादुर सिंह दिनेश मिश्रा शिवम सिंह सुनील कुमार बिंद रवि शंकर मिश्रा जयप्रकाश त्रिपाठी हिमांशु त्रिपाठी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गलती से दूसरे खाते में भेजे गए 6 हजार रुपये साइबर सेल ने लौटाए

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल थाना की साइबर सेल ने तत्परता दिखाते हुए गलती से दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए 6 हजार रुपये पीड़ित को वापस दिलाकर राहत पहुंचाई है। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने मीरजापुर पुलिस और साइबर टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की सराहना की। जानकारी के अनुसार, नौगांव निवासी आकाश विश्वकर्मा ने 26 दिसंबर 2025 को गलती से 6,000 रुपये किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। काफी प्रयास के बावजूद संबंधित व्यक्ति ने रकम वापस नहीं की। इसके बाद आकाश ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में विन्ध्याचल थाना की साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए एमआरएम (MRM) पोर्टल के माध्यम से पूरी 6 हजार रुपये की धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करा दी गई। राशि वापस मिलने के बाद आकाश विश्वकर्मा थाना विन्ध्याचल पहुंचकर पुलिस अधिकारियों और साइबर सेल टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी बरतने, किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल एनसीआरपी पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

## संक्षिप्त खबरें

### एक ही रात दो घरों में चोरी, मचा हड़कंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक ही रात दो घरों में बदमाशों ने हाथ साफ करते हुए नकदी व जेवरात उड़ा लिये। एक साथ हुई दो दो चोरी की घटना से लोगों में भय व दहशत का माहौल बना हुआ है। लीलापुर थाना क्षेत्र के खरगपुर के पंडित का पुरवा गांव में अज्ञात बदमाशों ने शनिवार की रात छत के रास्ते गांव के सुरेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र स्व. जमुना प्रसाद के घर घुस गये। चोरों ने पेटी व आलमारी का ताला तोड़कर करीब पन्द्रह हजार नकदी व महिलाओं के सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। वहीं गांव के ही भीम मिश्रा के घर में भी चोरों ने एक हजार नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ किया। बदमाशों ने बगल के शीतला मिश्र के घर में भी घुसने का प्रयास किया। हालांकि जगहट होने के कारण बदमाश भाग निकले। रविवार की सुबह दोनों घरों में परिजन सो कर उठे तब चोरी का माहौल देख आवाक रह गये। पीड़ित सुरेन्द्र मिश्र के घर नवम्बर में बेटी की शादी भी तय है। इससे परिवार के सदस्य गहरे सदमें में देखे गये। थाना प्रभारी गिरिजाशंकर यादव का कहना है जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर शीघ्र खुलासा किया जायेगा।

### युवती का अपहरण, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज


**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के सराय संग्राम सिंह निवासी शाहरूख अंसारी पुत्र सफीक अंसारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी 19 वर्षीया बहन बीती 18 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे घर से निकली। तहरीर में कहा गया है कि बिहार प्रदेश के पुर्णिया जिले के थाना डगरूवा के बारी गांव निवासी जसीम उसकी बेटी से मोबाइल पर बातचीत किया करता था। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि जसीम उसकी बहन को बहलाफुसला कर कहीं भगा ले गया है। तहरीर में युवती के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जसीम के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### भाजपा की बैठक, बूथ सम्मेलन की सफलता पर जोर



**सिद्धार्थनगर** जिले के इटवा नगर पंचायत के सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें 22 जुलाई को होने वाले बूथ सम्मेलन की सफलता के लिए के जोर दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने कहा पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर बूथ स्तर की मजबूती को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के साथ इटवा में 22 जुलाई को बूथ सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी सफलता के लिए सभी पदाधिकारी आज से लग जाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने का काम करें। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, स्वामी प्रसाद मौर्या, राकेश मिश्रा, माया मिश्रा, शिवकुमार, तिवारी, लल्लन गुप्ता, रामजी मौर्य, पूजन गुप्ता आदि भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सिद्धार्थनगर में करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र एक गांव में करेंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के अजिगरा गांव निवासी रविन्द्र प्रताप यादव (32)पुत्र चीनक करेन्ट लगने से मौत हो गई।युवक। मृतक रवींद्र दोपहर बाद करीब 2बजे के आसपास घर में टीवी पर कुछ कर रहे थे तभी यह घटना हुई। स्वजन आनन - फानन मे 50शैय्या अस्पताल बासी ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रवीन्द्र तीन भाई मे सबसे बडे थे घर की पूरी जिम्मेदारी इनके ऊपर था। रवीन्द्र की शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व में हुआ था इनके पास दो बच्चे हैं, जिसमें एक लडका जिसकी उम्र दो वर्ष व एक लडकी जिसकी उम्र 4 वर्ष है। यह मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के कोल्हूई में एक प्राइवेट विद्यालय में अध्यापन का कार्य करते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# इटवा में बसपा ने किया सेक्टर बूथ गठन

**भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कई पदाधिकारी हुए शामिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिले की 305 इटवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबहा में रविवार को बहुजन समाज पार्टी द्वारा सेक्टर बूथ गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशानुसार विधानसभा के सेक्टर संख्या-35, नवेल क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बस्ती मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी राजकुमार कुरील ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी लगातार संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बसपा का होगा और पार्टी सामाजिक न्याय तथा सर्वजन हिताय की नीति के साथ आगे बढ़ रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश कुमार गौतम ने की। इस दौरान भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी से जुड़े कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें अतहर खान ने विधानसभा महासचिव के रूप में, जबकि मंगेश राव और दिनेश, शिवा राव सहित अन्य साथियों ने बहन मायावती की नीतियों और नेतृत्व में आस्था जताते हुए बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा। पार्टी नेताओं ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम में पूर्व मंडल प्रभारी मुनीराम राजभर, विधानसभा प्रभारी पिंगल प्रसाद गौतम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम अचल गौतम, सेक्टर अध्यक्ष वीरेंद्र गौतम, पूर्व प्रधान ठिक्के, बुधराम, संजीव, राजेश, कौशल कुमार गौतम, सरबजीत, विकास राव, आसरे, धर्म सागर, पिंटू गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा आगामी चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया गया।

## संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत, कोहराम मचा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली बाजार में संदिग्ध दशा में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब कोहराम मच गया। बाजार निवासी जय गोविन्द अग्रहरि की पत्नी निशा (32) की शुक्रवार की शाम अचानक तबीयत बिगड़ गयी। परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज मेडिकल कालेज पहुंचे।इलाज के दौरान विवाहिता की शनिवार की रात मौत हो गयी। मृतका अपने पीछे आठ वर्ष के मासूम पुत्र आदिल को निराश्रित छोड़ गयी है। घटना को लेकर बाजार में दबी जुबान से मृतका के जहरीला पदार्थ निगलने की भी चर्चा है। एसएसआई अरूण सिंह का कहना है घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलेगी तब जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## चढ़ावा चोरी और पेपर लीक पर कांग्रेस का हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संसद के मानसून सत्र में विपक्ष की ओर से अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावे में हुई चंदा चोरी तथा नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में हुए पेपर लीक व पेट्रोल में एथनॉल को चर्चा के लिए अहम मुद्दे का एलान किया है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों भगवान श्रीराम के भक्तों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भगवान श्रीराम के मंदिर का चन्दा ही नहीं चुराया गया है बल्कि जनता के विश्वास और आस्था पर भी डाका डाला गया है।वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने संसद सत्र में नीट सहित तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक पर भी विपक्ष की ओर से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित कराने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नीट जैसे तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होना महज इत्तेफाक नहीं था, बल्कि जान बूझकर सुनियोजित ढंग से पेपर लीक कराया गया है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने



पेट्रोल में एथनॉल मिलाया जा रहा है, जबकि देश में उसके लायक वाहनों के इंजन नहीं है। उन्होंने कहा कि एथनॉल युक्त पेट्रोल से वाहनों के इंजन खराब हो रहे है। सांसद प्रमोद तिवारी के मुताबिक यह मिलावट केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा साजिशन पैसा कमाने के लिये किया जा रहा है। उन्होंने मणिपुर में फिर से हिंसा भड़कने और किसानों के फसल उत्पादन को लेकर हो रही अव्यवस्था एवं महंगाई तथा बेरोजगारी पर भी संसद सत्र में मोदी सरकार की घेराबंदी का एलान किया। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## टेट अनिवार्यता के मुद्दे पर टीएफआई ने सांसद को मांग पत्र सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** टीचर्स फेडरेशन आफ़ इंडिया (टीएफआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल के आवास पर उनसे मुलाकात की।इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता को समाप्त कराने से जुड़े मुद्दे को लेकर सांसद को एक मांग पत्र सौंपा।यह मांग पत्र राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा 23 अगस्त 2010 को निर्धारित की गई न्यूनतम योग्यता के नियमों से संबंधित है, जिसमें संगठन ने संसद द्वारा इसे निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) में पूरी तरह सम्मिलित कराने की मांग की है। ज्ञापन में द गैजेट ऑफ इंडिया के सेक्शन 23 का संदर्भ दिया गया है, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को शिक्षक के रूप में नियुक्त होने के लिए तय शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होता है परंतु पहले से नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता नहीं है। इसके साथ ही पत्र में 10 अगस्त 2017 को किए गए संशोधन का भी विशेष उल्लेख किया गया



है। सांसद ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा बेहद संवेदनशील विषय हैं। वह हमेशा शिक्षकों के संघर्ष में साथ रहे हैं। सांसद ने विश्वास दिलाया कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से उत्पन्न विसंगतियों को दूर कराने के लिए वह संसद में मुद्दा उठाएँगे और संसद से बाहर भी पूरा सहयोग करेंगे। टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि सांसद ने हमेशा शिक्षक हितों की सुरक्षा के लिए कार्य किया है। दिल्ली धरने में भी पहुंचकर सांसद ने शिक्षकों को संबल प्रदान किया था। कहा कि शिक्षकों को विश्वास है कि सांसद के सहयोग से 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम में भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केवटालिया में बारात घर का मरम्मत कराने की मांग



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्षनपुर के टोला केवटलिया में वर्षो पूर्व बना सरकारी बारात घर अब जर्जर हो गया है। पूर्व विधायक स्वर्गीय ईश्वर चंद्र शुक्ल द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान इस बहुउद्देशीय सार्वजनिक बारात घर का निर्माण कराया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दो दशक से इसका मरम्मत कार्य नहीं हुआ। वर्तमान में इसका दरवाजा, जंगला, फर्श, शौचालय आदि जर्जर हो गया है।गांव के लोग सुख-दुख में होने वाले सामूहिक कार्य मुख्यतः बरसात में इसी भवन में करते है।ग्रामीण शिव प्रकाश पाण्डेय, सत्यानंद पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, घनश्याम दुबे, प्रेम दुबे, सतीश पाण्डेय, रामसुभग पाण्डेय, धनई शर्मा, रामसरन गौड़, दीपक पाण्डेय आदि लोगों ने इस भवन का मरम्मत कराने की मांग की है।

# योग शिविर और साइकिल रैली का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/ रायबरेली:** स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और ग्रामीणों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज के अंतर्गत ग्राम ओथी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रविवार को 'करो योग, रहो निरोग' संकल्प अभियान के तहत विशेष योग शिविर एवं सद्भावना साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ऱ्ढ्ढ) एवं फिट इंडिया मिशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आपको बता दें कि, सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में उन्होंने स्वयं उपस्थित ग्रामीणों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के दौरान उन्होंने सही तरीके से आसन करने की विधि बताते हुए नियमित योग के स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

डॉ. गणनायक पांडेय ने कहा कि, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने बताया कि नियमित योग और प्राणायाम से मानसिक तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है तथा अनेक जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने सभी से अपील की कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव में सद्भावना साइकिल रैली भी निकाली गई। रैली में




शामिल प्रतिभागियों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित योग करने तथा स्वच्छ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। पूरे गांव में निकली रैली के दौरान लोगों ने उत्साह के साथ अभियान का स्वागत किया और योग को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी समाज की परिकल्पना को साकार करना रहा।

## सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली-** मिल एरिया थाना क्षेत्र के जमलापुर कचौंदा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। घटना में 55 वर्षीय रामआसरे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हे नाजुक हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। घटना के संबंध में पीड़ित के पुत्र शैलेंद्र ने मिल एरिया थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना 11 जुलाई की रात की है पूरे ककई मजरे थुलवासां निवासी रामआसरे 55 वर्ष भवानी पेपर मिल में मजदूर हैं। ड्यूटी के बाद राम आसरे रात करीब ग्यारह बजे घर वापस लौट रहे थे। जमलापुर कचौंदा गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि राम आसरे सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए और उन्हें



गंभीर चोटें आई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। एम्स में भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को बुजुर्ग की मौत हो गई। रविवार को अंतिम संस्कार के बाद मृतक बुजुर्ग के बेटे ने मिलएरिया थाना पुलिस को तहरीर देकर वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मिल एरिया थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया घटना के सम्बन्ध वाहन चालक की तलाश की जा रही है कार्यवाही की जाएगी।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर मवेशियों से भरा ट्रक पलटा, चार भैंसों की मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बिलंद गांव के निकट गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार को मवेशियों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई अन्य घायल हो गई। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार ट्रक प्रयागराज से उन्नाव जा रहा था। पूरे बिलंद मजरे देवगांव के पास अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में 31 भैंसों को ठूंसकर लादा गया था। हादसे के बाद चार भैंसों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कई अन्य घायल हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से क्रेन के जरिए ट्रक में फंसे मवेशियों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर मौजूद है। मामले की जांच की जा रही है।

# झुकी बाउंड्रीवाल बनी खतरा, हादसे की आशंका से सहमे नौनिहाल

**बरगदी प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट की चहारदीवारी करीब 75 डिग्री तक झुकी, बारिश में कभी भी गिरने का खतरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भरावन।** विकासखंड भरावन के प्राथमिक विद्यालय बरगदी की जर्जर बाउंड्रीवाल नौनिहालों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गई है। विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित चहारदीवारी एक ओर करीब 75 डिग्री तक झुक गई है। बारिश के मौसम में इसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है, जिससे छात्र-छात्राओं के साथ बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद रावत ने बताया कि मुख्य गेट सहित चहारदीवारी लंबे समय से आगे की ओर झुकी हुई है। कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में लगातार चिंता बनी हुई है।

अभिभावक विपिन शुक्ला ने बताया कि बच्चे प्रतिदिन इसी दीवार के पास से होकर विद्यालय में प्रवेश करते हैं। वहीं पंकज का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण दीवार कभी भी गिर सकती है, जिससे गंभीर हादसा होने की आशंका है। प्रधानाध्यापक मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश का यही एकमात्र गेट है और उसके पास की बाउंड्रीवाल पूरी तरह टेढ़ी होकर आगे की ओर झुक गई है। इसकी मरम्मत के लिए प्रधान एवं उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह 'बीरू' ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही चहारदीवारी की मरम्मत नहीं कराई गई तो संगठन जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि नौनिहालों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का सरकार पर हमला

**राम मंदिर चंदा चोरी आरोप पर पूछा- भगवान का घर सुरक्षित नहीं तो क्या कर रही सरकार?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने राम मंदिर में चंदा चोरी के आरोपों को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। विश्वनाथ पाल ने अपनी क्षेत्रीय भाषा (अवधी) में तंज कसते हुए कहा, 'चोरी चाहे आपके घर हो या हमारे, यहाँ तो भगवान के घर ही चोरी हो गई। अगर सरकार भगवान का घर भी सुरक्षित नहीं रख पा रही है, तो वह आखिर क्या कर रही है, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बैठक किसी विशेष सुरक्षित सीट के लिए नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में ओबीसी सामाजिक भाईचारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में बसपा को सत्ता में वापस लाने के लिए बहन कुमारी मायावती जी के निर्देशों पर पूरे प्रदेश में ऐसी बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि ओबीसी और अन्य पिछड़े समाजों को बसपा द्वारा किए गए कार्यों के प्रति जागरूक किया जा सके।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार बसपा के बढ़ते जनाधार को देखकर घबरा गई है। इसी घबराहट के चलते बसपा के जिला संयोजकों और कार्यकर्ताओं को 'हाउस अरेस्ट' (नजरबंद) कर दिया गया था। विश्वनाथ पाल ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर पहले कप्तान से बात करने की कोशिश की, लेकिन वे व्यस्त रहे। बाद में उन्होंने डीआईजी से संपर्क किया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं को रिहा किया गया। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र के लिए बेहद




दुखद बताया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र अंबेडकर, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अमेठी एवं जिला संयोजक नन्हे सिंह चौहान, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी उदयराज वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश गौतम, दीपक भारती, वरिष्ठ बसपा नेता अली रिजवान राणा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अजीत कुमार विक्की सहित पिछड़ा वर्ग के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर पिछड़े वर्ग के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अन्य दलों को छोड़कर बसपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवागतों को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई।

# उमरा यात्रा के नाम पर 2.40 लाख की ठगी, ट्रैवल कंपनी संचालक पर केस

**फर्जी एयर टिकट भेजकर रकम हड़पने का आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक परिवार को उमरा धार्मिक यात्रा कराने के नाम पर 2.40 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने टूर एंड ट्रैवल कंपनी के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के चिकवाही मंडी निवासी आफताब हसन नजर ने अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्हें परिवार के साथ उमरा यात्रा पर जाना था। इस दौरान फतेहपुर जिले के अलीपुर भादर सोहदमऊ निवासी बिलाल अहमद ने खुद को टूर एंड ट्रैवल कंपनी का संचालक बताते हुए फ्लाइट टिकट, होटल और वीजा की पूरी व्यवस्था कराने का भरोसा दिया। भरोसा होने पर आफताब ने आरोपी के खाते में ऑनलाइन माध्यम से 2.40 लाख रुपये भेज दिए।

कुछ समय बाद आरोपी ने एयर टिकट भेजा लेकिन जांच कराने पर वह फर्जी निकला। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद उन्होंने आरोपी से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उनका कहना है कि आरोपी ने धोखाधड़ी की नीयत से फर्जी टिकट भेजकर उनकी रकम हड़प ली। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के इंजन सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** वादी निवासी सेवकराय का पुरवा, थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा 15 जुलाई को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि घर के बाहर खड़ी उसकी प्लेटिना मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में थाना अन्तू में धारा 303(2)का मुकदमा अज्ञात के नाम पंजीकृत था। विवेचना के दौरान मोटरसाइकिल प्लेटिना का इंजन बरामद होने पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्त मुन्ना लाल प्रजापति के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल प्लेटिना का इंजन बरामद किया गया।

# बेमतलब साबित हो रहे ग्राम पंचायतों में लगे सीसीटीवी कैमरे

**जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते वर्षों से खराब पड़े हैं, पंचायत भवनों पर लगे सीसीटीवी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** पंचायती राज व्यवस्था को साकार करने के लिए सरकार ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके तहत विकास खण्ड लोटन के अधिकांश ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक रास्तों एवं पंचायत भवनों का निर्माण भी कराया गया है। हालांकि सरकारी कर्मचारी पंचायत भवनों में बैठकर योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाते हैं। जबकि सार्वजनिक रास्तों पर भी गांवों की सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाए गए हैं।

लेकिन सरकार की यह मंशा कामयाब नहीं हो सकी और इन भवनों एंव रास्तों में खर्च हुआ कैमरे का बजट किसी काम नहीं आ सका है। उक्त कार्य में चौकसी को लेकर करीब दो वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।लेकिन कुछ ही दिनों में ये कैमरे बंद होकर अब शो पीस बनकर रह गए हैं। एक साल से भी अधिक समय से बन्द पड़े इन सीसीटीवी कैमरे कहीं दीवाल पर लटक रहे हैं तो कहीं बिजली के पोल पर निष्प्रभावी है।जिसको दुरुस्त करवाने के लिए जिम्मेदार सीसीटीवी कैमरों की हाईटेक सुविधा को दुरुस्त कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जिससे साफ है कि जिम्मेदार लोग ही सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। इस सम्बंध में बीडीओ सर्वेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि अगर किसी पंचायत भवन एवं सार्वजनिक रास्तों पर लगा सीसीटीवी खराब है।तो उसे ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित कर जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

# सई नदी में नहाने गए तीन किशोरों की डूबने से गई जान, मचा कोहराम

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के अचलपुर लेखपाल कालोनी निवासी रामजी सोनी के दो पुत्र कृष्णा सोनी 13 व अनुराग सोनी 15 तथा राजू सोनी का 16 वर्षीय पुत्र अमित सोनी रविवार की सुबह किशुनदासपुर के खीरी बीर सई नदी के घाट पर नहाने गए।तीनों किशोर नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए और डूब गए।काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया तो ज्ञात हुआ कि किशोर स्कूटी से सई नदी की तरफ गए थे।नदी के दूसरे किनारे पर मौजूद मछुवारों ने किशोरों को देख लिया था।सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की



मदद से डूबे किशोरों की तलाश कर रही है।बताया जा रहा है कि पुलिस ने स्कूटी की तलाशी ली तो कुछ आभूषण भी मिले हैं।काफी देर के बाद किशोर अमित सोनी का शव मिल गया है,बाकी दो सगे भाई की तलाश की जा रही है।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सड़क पार करते समय घायल




**गोपीगंज।** नगर स्थित बस स्टैंड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय शुभम यादव 50 वर्ष घायल हो गए, नगर बस स्टैंड निवासी शुभम किसी काम से सड़क पार कर रहे थे बाइक के टक्कर से घायल हो गए, घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## संविधान बचाओ संवाद में भाजपा पर जमकर बरसे अजय राय

**मोहम्मदी, खीरी।** नगर के सिटी पैलेस, बरवर रोड पर रविवार को आयोजित कांग्रेस पार्टी के 'संविधान बचाओ संवाद' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अजय राय ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर, पूर्व सांसद रवि वर्मा, आयोजक रविंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कांग्रेस को क्षेत्र में नई राजनीतिक ऊर्जा देने का प्रयास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और जनता के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास हो रहा है। कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान इसी सोच के खिलाफ जनजागरण का अभियान है। अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, रोजगार और विकास के नाम पर जनता को केवल आश्वासन मिले हैं। उन्होंने कहा कि गेरुआ वस्त्र धारण करने वाले लोगों को सत्य और नैतिकता का मार्ग अपनाना चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे का जिक्र करते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश की गरीब महिलाओं ने अपने घरों की बचत और पल्लू में रखे पैसों तक को राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पित किया था, लेकिन आज उन्हीं लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने भाजपा नेताओं को 'चंदा चोर' बताते हुए कहा कि जनता की आस्था का राजनीतिक लाभ उठाया गया।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 हेतु पंजीकरण जरूरी, डी आई ओ एस

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के अग्रणी कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस- 2026 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। जिला एकेडमिक समन्वयक विनोद कुमार ने बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल वैज्ञानिकों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां वह अपनी स्थानीय समस्या को लेकर शोध कार्य का प्रदर्शन कर सकें और समस्याओं को वैज्ञानिक विधि से हल करने की दिशा में सीखने समझने का प्रयास करें। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह ने बताया कि 2026 के आयोजन के लिए मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार है इसके तहत 5 उपविषयों पहला अपशिष्ट प्रबंधन (कम करना, पुनः उपयोग, पुन प्राप्त करना, पुनः डिजाइन और पुनः चक्रण) दूसरा ऊर्जा (अन्वेषण, प्रयोग, सुधारना और विकसित करना) तीसरा जल (संचयन, उपयोग, पुनः चक्रण और संरक्षण) चौथा खाद्य कृषि एवं स्वास्थ्य और पांचवा सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली का अनुप्रयोग है। जिला एकेडमिक समन्वयक एवं जिला समन्वयक विज्ञान क्लब सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग (10 से 14 वर्ष) और सीनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष) में विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। इसके तहत पांच उपविषयों में से किसी एक पर दो सदस्यीय विद्यार्थियों की टीम शोध परियोजना प्रस्तुत कर सकती है।

## बिहार के 2702 पंचायत भवनों में लगेंगे स्वचालित वर्षा मापक यंत्र

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम संबंधी सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य के 2702 पंचायत सरकार भवनों में स्वचालित वर्षा मापक यंत्र (ऑटोमैटिक रेन गेज) लगाए जाएंगे। पंचायती राज विभाग ने सांख्यिकी निदेशालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुजफ्फरपुर जिले के 108 पंचायत सरकार भवनों का भी इस योजना के लिए चयन किया गया है। इन आधुनिक यंत्रों के माध्यम से गांव स्तर पर वर्षा की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे कृषि योजना बनाने, बाढ़ प्रबंधन, मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

## मुजफ्फरपुर में आखिर STF के शिकंजे में आया अपहरण का आरोपित

**मुजफ्फरपुर।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं सिवान जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुजफ्फरपुर जिला के वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसकी पहचान पंचदेव बढ़ई उर्फ पंचदेव प्रसाद के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सिवान का रहने वाला है। 23 वर्ष पूर्व अपहरण के मामले में वह शामिल था। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गिरफ्तारी की जानकारी दी गई है। बताया गया कि मुजफ्फरपुर के सदर थाना में 2003 में अपहरण के लिए फिरौती का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले वह फरार चल रहा था। इस मामले में वांछित पंचदेव बढ़ई उर्फ पंचदेव प्रसाद को सिवान के अंदर थाना क्षेत्र में छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में और कई बदमाशों के बारे में पता चला है। पुलिस टीम उसकी निशानदेही कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# होमगार्ड फूट-फूटकर रोई....

### चार माह से मानदेय नहीं मिलने पर आर्थिक तंगी से परेशान होकर आत्महत्या की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** एमजीएम अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला होमगार्ड फूलकुमारी की पीड़ा सोमवार को उस समय सबके सामने आ गई, जब वह अस्पताल परिसर में भावुक होकर रो पड़ीं। चार माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रही महिला जवान ने बकाया राशि जल्द दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वह अस्पताल की छत से कूदकर आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएंगी। फूलकुमारी ने बताया कि लगातार कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उनकी मां गंभीर रूप से बीमार हैं, लेकिन इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। बेटे की स्कूल फीस भी जमा नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के चलते उन्हें कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। महिला होमगार्ड ने यह भी बताया कि वह रीढ़ की हड्डी की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और नियमित उपचार की आवश्यकता है, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण इलाज भी प्रभावित हो रहा है। मानसिक और आर्थिक दबाव के बीच उन्होंने अस्पताल परिसर में अपनी व्यथा सुनाते हुए जल्द मानदेय भुगतान की मांग की। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने उन्हें समझाकर शांत कराया। इस घटना ने सरकारी व्यवस्था और संविदा व होमगार्ड कर्मियों के समय पर मानदेय भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से कर्मियों और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक एवं मानसिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## वार्ड 16 में SIR फॉर्म भरने उमड़ी भीड़, पार्षद सलाउद्दीन उर्फ संजू ने संभाली व्यवस्था

**रांची, झारखंडः-** रांची नगर निगम के वार्ड संख्या 16 स्थित 239 वार्ड कार्यालय में रविवार को स्ढ्ढक्रसे संबंधित फॉर्म भरवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सुबह से ही कार्यालय में लोगों की भीड़ लगी रही। इस दौरान वार्ड पार्षद सलाउद्दीन उर्फ संजू स्वयं मौके पर मौजूद रहे और लोगों को फॉर्म भरने में सहयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने में जुटे रहे। पार्षद के सहयोगी मोहम्मद इमरान उर्फ सोनू भी पूरे समय लोगों का मार्गदर्शन करते और आवश्यक दस्तावेजों की जांच में व्यस्त दिखाई दिए। उनकी सक्रियता से फॉर्म भरवाने पहुंचे लोगों को काफी सुविधा मिली और लंबी कतारों के बावजूद प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से चलती रही। स्थानीय लोगों ने पार्षद सलाउद्दीन उर्फ संजू के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी और सक्रिय पहल से उन्हें बिना किसी परेशानी के फॉर्म भरने में मदद मिली। लोगों ने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह जनहित के कार्यों में वार्ड प्रशासन का सहयोग मिलता रहेगा।

## बेहराबाद में युद्ध स्तर पर चल रहा एसआईआर कार्य

### सार्वजनिक अवकाश के दिन भी डटे रहे कर्मी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पूरे जोर-शोर के साथ चलाया जा रहा है। मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने अभियान को युद्ध स्तर पर संचालित किया है। यही कारण है कि सार्वजनिक अवकाश के दिन भी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं पंचायत सहायक अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर मतदाताओं का सत्यापन और आवश्यक प्रपत्रों का संकलन करते रहे।

पूरे अभियान की लगातार निगरानी प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो द्वारा की जा रही है। उनके निर्देशन में सभी संबंधित कर्मी निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए तथा मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित तैयार हो। इसी क्रम में बरही प्रखंड के भंडारो पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेहराबाद स्थित बूथ संख्या-400 पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। इस कार्य को बीएलओ पुष्पा देवी, निरंजन पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, पंचायत सहायक पंकज कुमार पाण्डेय एवं पंचायत सहायक धनंजय कुमार की टीम ने समर्पण और मेहनत के साथ संपन्न किया। बीएलओ पुष्पा देवी बूथ संख्या-400 पर कुल 1,151 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 70 प्रतिशत से अधिक सत्यापन कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। उन्होंने ऐसे मतदाताओं से विशेष अपील की है जो रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से अपने गांव से बाहर रह रहे हैं कि वे यथाशीघ्र अपने गृह क्षेत्र में पहुंचकर अथवा संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके और भविष्य में मतदान के अधिकार से वे वंचित न रहें।

## हजारीबाग आयुष भवन के हर्बल गार्डन से प्रभावित हुए निदेशक आयुष

### बोले- हर जिले और हर आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष में हो ऐसा मॉडल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड सरकार के आयुष निदेशक शशि प्रकाश झा ने हजारीबाग स्थित आयुष विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयुष भवन परिसर में विकसित हर्बल गार्डन एवं बागवानी का अवलोकन किया तथा उसकी सुंदरता, सुव्यवस्थित रखरखाव और औषधीय पौधों के संरक्षण की सराहना की। निरीक्षण के दौरान हर्बल गार्डन को देखकर निदेशक आयुष काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस. एन. तिवारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग का यह हर्बल गार्डन राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक मॉडल है। उन्होंने निर्देश दिया कि झारखंड के प्रत्येक जिले एवं प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष में भी इसी प्रकार का हर्बल गार्डन विकसित किया जाए, ताकि आम लोगों को औषधीय पौधों की जानकारी मिल सके और आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर आयुष विभाग के पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने निदेशक शशि प्रकाश झा का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय व्यवस्थाओं, स्वच्छता, औषधीय पौधों के संरक्षण तथा जनहित में संचालित विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी ली और उनके प्रभावी संचालन की सराहना की। निदेशक ने कहा कि आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ औषधीय पौधों का संरक्षण समय की आवश्यकता है। हर्बल गार्डन न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा एवं औषधीय वनस्पतियों के महत्व से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने सदर अस्पताल एवं एसबीएमसीएच मेडिकल कालेज के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आह्वान किया।निदेशक के इस दौरे से आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

विभाग के अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में राज्य में आयुष सेवाओं का और अधिक विस्तार होगा तथा हर्बल गार्डन की यह पहल पूरे झारखंड में एक नई पहचान स्थापित करेगी। इस अवसर पर जिला प्रबंधक जमाल रिज़वी, आयुष नोडल पदाधिकारी डॉ. आनन्द कुमार शाही, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ. रंजीत दांगी, राजनंदनी एवं हरिनंदन सहित आयुष विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बलिया में झमाझम बारिश से बदला मौसम का मिजाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे और करीब 10 बजे के बाद जिले के विभिन्न हिस्सों में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। यह सिलसिला दोपहर लगभग तीन बजे तक रुक-रुक कर जारी रहा। बारिश के चलते लोगों को भीषण उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं कई इलाकों में जलभराव से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालय सहित शहर के कई प्रमुख मार्गों, बाजारों और आवासीय कॉलोनियों में अच्छी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। कई मोहल्लों की गलियां जलमग्न हो गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालक पानी से लबालब सड़कों पर सावधानी के साथ गुजरते नजर आए, जबकि पैदल चलने वालों को भी जलभराव के बीच रास्ता तय करना पड़ा। लगातार कई दिनों से गर्मी और उमस से बेहाल लोगों ने बारिश का खुलकर आनंद लिया। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के दौरान कई जगहों पर साइकिल और बाइक सवार भीगते हुए सफर का आनंद लेते दिखाई दिए। बच्चों और युवाओं में भी बारिश को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बारिश को किसानों के लिए राहत भरी माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आई है, जिससे धान सहित खरीफ की फसलों को लाभ मिलेगा और सिंचाई की आवश्यकता भी कुछ समय के लिए कम हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में अगले तीन दिनों तक मौसम का यही मिजाज बने रहने की संभावना है। विभाग ने बीच-बीच में बारिश होने और आसमान में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात से ही रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था, जो रविवार को भी जारी रहा। बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं शहर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोल दी। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति ने नगर निकाय की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए।

## एक महीने बाद चोरी का खुलासा, दो आरोपी चोरी के माल और अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**नीमगांव खीरी-** नीमगांव थाना टीम, स्वाट और सर्विलांस सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सिकन्द्राबाद स्थित बर्तन की दुकान में हुई चोरी का सफल खुलासा किया। पुलिस ने दो कथित शातिर अंतरजनपदीय चोरों को चोरी किए गए सामान, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, 14 जून 2026 को सिकन्द्राबाद कस्बे की एक बर्तन की दुकान में चोरी की घटना हुई थी, जिसके संबंध में थाना नीमगांव में मु0अ0सं0 218/ 2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। 19 जुलाई 2026 को दौदापुर-बिल्लाई रोड से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस भी बढ़ाई गई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विपिन मौर्य उर्फ विवेक उर्फ पिंटू (निवासी गोरिया, थाना पढुआ) और लवकुश (निवासी जोखीपुरवा, थाना निघासन) के रूप में हुई है।

## जांच में अनियमितता मिलने के बाद भी कार्रवाई न करने के आरोप

**पलिया कलां खीरी-** स्वास्थ्य विभाग के मुखिया के संरक्षण में पलिया में चल रहा शिव आशीर्वाद के नाम से फर्जी अस्पताल संचालित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है !आरोप है कि खीरी जिले के ईमानदार सीएमओ संतोष गुप्ता जहां एक तरफ अपनी ईमानदारी की बड़ी बड़ी बातें करते हैं वहीं पलिया में फर्जी तरीके से चल रहे शिव आशीर्वाद अस्पताल का निरीक्षण करने गए एडिशनल सीएमओ डाक्टर रवि मोहन गुप्ता ने गुरुवार को पलिया पहुंचे थे शिव आशीर्वाद अस्पताल के निरीक्षण के मौके पर न कोई डॉक्टर न ही कोई उच्च स्टाफ मिला और अस्पताल के अंदर ऑपरेशन हुए मरीज भी लेटे हुए थे, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।सवाल यह उठता है कि सीएमओ साहब ईमानदार फिर इस अस्पताल पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई? जबकि एड. सीएमओ रवि मोहन गुप्ता फर्जी अस्पताल में ऑपरेशन किए हुए मरीज भी भर्ती मिले। पहले यह हॉस्पिटल दुधवा रोड पर संचालित किया जा रहा था अब यह दूसरी रोड पर पलिया में जगह बदलकर संचालित किया जा रहा है। कुल मिलाकर एडिशनल सीएमओ डॉक्टर रवी मोहन गुप्ता की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है?

## सावन की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

### पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सावन माह को लेकर रविवार को पहाड़ी मंदिर पहुंचकर तैयारियों एवं चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सावन में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने तथा नियमित रूप से कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सावन पर्व के दौरान पहाड़ी मंदिर परिसर में शीशे की किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने मंदिर परिसर के आसपास के दुकानदारों से अपील की कि वे श्रद्धालुओं को शीशे में पैक या शीशे से बनी कोई भी पूजन सामग्री उपलब्ध न कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि सावन मेले के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## बरसोत में मत्स्य पालन प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरसोत में एनएफडीबी के तहत मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हेचरी संचालक देवानंद प्रसाद के आह्वान पर किया गया, जिसमें बरही, बरकट्ठा, चौपारण, हजारीबाग एवं गिरिडीह जिले से पहुंचे बड़ी संख्या में मत्स्य कृषकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य पालकों को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य उत्पादन, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज तैयार करने, मछलियों के पोषण एवं रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गई। देवानंद प्रसाद ने बताया कि उन्नत तकनीक अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।उन्होंने विभिन्न प्रजातियों की मछलियों की प्रजनन क्षमता की जानकारी देते हुए बताया कि कतला मछली प्रति किलोग्राम वजन पर लगभग 80 हजार अंडे, रेहू प्रति किलोग्राम लगभग 1 लाख अंडे, मृगल प्रति किलोग्राम करीब 1.20 लाख अंडे तथा पहाड़ी प्रजाति की मछली प्रति किलोग्राम 1.25 लाख से 1.50 लाख तक अंडे देती है।प्रशिक्षण के दौरान कृत्रिम प्रजनन की पूरी प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि मादा मछली को हार्मोन का इंजेक्शन (सुई) देने के 10 से 12 घंटे बाद वह हैचरी के ब्रीडिंग पूल में अंडे छोड़ती है। इसके बाद अंडों को हैचिंग पूल में स्थानांतरित किया जाता है, जहां लगभग 12 घंटे के भीतर अंडों से बच्चे निकल आते हैं। इसके बाद करीब 60 घंटे में तैयार स्पॉन किसानों को आपूर्ति के लिए तैयार हो जाता है। उन्होंने कहा कि मत्स्य बीज वितरण पूरी तरह वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। पहले इच्छुक मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, उसके बाद उनके तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी (बायोडाटा एवं तकनीकी मूल्यांकन) लेने के उपरांत ही गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसानों को बेहतर उत्पादन मिल सके और बीज का सही उपयोग सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में किसानों को मत्स्य पालन को स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बताते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। किसानों ने प्रशिक्षण को काफी उपयोगी बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। इस अवसर पर पंसस जितेंद्र गिरी, रामचंद्र राणा, संतोष कुमार सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, बसंत पांडे, प्रदीप राम, विनोद पांडे, राजेंद्र प्रसाद यादव, इंद्र कुमार, उमेश यादव, अन्तानी होरो सहित बड़ी संख्या में मत्स्य कृषक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का संदेश देकर किया गया।

## सकुशल मिली दो दिनों से लापता वृद्ध महिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण थाना क्षेत्र के चपरीकला गांव की रहने वाली करीब 70 वर्षीय वृद्ध महिला शकुनवा देवी, जो पिछले दो दिनों से लापता थीं, आखिरकार स्थानीय लोगों की सतर्कता और सोशल मीडिया के सहयोग से सकुशल अपने परिजनों से मिल गईं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि समय पर की गई सूचना और सामाजिक सहयोग किसी भी संकट को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जानकारी के अनुसार, वृद्ध महिला पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता थीं। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। इसी बीच बरही के तिलैया रोड ओवरब्रिज के समीप एक दुकान के पास वृद्ध महिला अकेली बैठी हुई दिखाई दीं। उसी दौरान वहां से गुजर रहे पंचायत सहायक बजरंगी प्रसाद केसरी की नजर महिला पर पड़ी। उन्हें महिला की स्थिति संदिग्ध लगी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना बरही के पत्रकार धनंजय कुमार को दी, ताकि महिला की पहचान कर उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। सूचना मिलने के बाद पत्रकार धनंजय कुमार ने महिला की पहचान कराने के उद्देश्य से सोशल मीडिया का सहारा लिया। सोशल मीडिया पर महिला की तस्वीर और जानकारी साझा किए जाने के कुछ ही समय बाद लोगों की ओर से प्रतिक्रिया आने लगी। समाजसेवी रवीश सिंह एवं जितेंद्र यादव ने महिला की पहचान चौपारण थाना क्षेत्र के चपरीकला गांव निवासी शकुनवा देवी के रूप में की और उनके परिजनों की जानकारी उपलब्ध कराई एवं परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने वृद्ध महिला की पहचान की और उन्हें सकुशल अपने साथ घर ले गए। दो दिनों से लापता महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और सभी सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कतरास के केशलपुर में भीषण भू-धंसान, आधा दर्जन आवास जमींदोज

**कतरास (धनबाद)।** झरिया कोयलांचल में भूमिगत आग और भूधंसान की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार सुबह एक बार फिर भूधंसान की घटना हुई। कतरास के केशलपुर मुंडा धौड़ा में सुबह करीब साढ़े सात बजे तेज आवाज के साथ लगभग 60 फीट व्यास में जमीन धंस गई। इस घटना में करीब आधा दर्जन खाली आवास जमींदोज हो गए, जबकि आसपास की जमीन में भी दरारें पड़ गईं। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन समीप रहने वाले लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के समय आस पास के लोग अपनी-अपनी आवासों से निकाल कर चिल्लाने लगे। जिसकी आवाज सुनकर कतरी नदी के दूसरी छोर पर स्थित धान मील, पंजाबी मोहल्ला से लोग जुट गए। लोगों ने घटना की सूचना कोलियरी प्रबंधन एवं रामकनाली ओपी पुलिस को दी। घटना में कुछ आवासों में रखा सामान भी जमींदोज हो गया। जिन लोगों का सामान अभी तक खाली आवासों में रखा था, उनका काफी नुकसान हुआ। जिनके खाली आवास थे, उनमें अनवर अंसारी, गीता देवी, राजू गुप्ता, विंदा देवी सहित अन्य शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री द्वारा 551 प्रखंडो में सरस्वती विद्या निकेतन का किया गया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**गोपालगंज (बिहार)-** बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा रविवार को राज्य के सभी 551 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का ऑनलाइन माध्यम से लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में गोपालगंज जिले के सभी 14 प्रखंडों में भी सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का विधिवत उद्घाटन किया गया। सभी विद्यालयों में उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक देखा। थावे प्रखंड के सेमरा स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं मांझा प्रखंड के आदर्श विद्यालय में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार तथा कुचायकोट प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय शामिल हुए। जिले के सभी 14 प्रखंडों में उद्घाटन कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिले के प्रत्येक सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में कक्षा 9 में कुल 40 विद्यार्थियों का नामांकन राष्ट्रीय आय एवं मेधा आधारित छात्रवृत्ति (NMMS) परीक्षा के माध्यम से किया गया है। इन विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर की गई है, ताकि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। थावे के सेमरा स्थित आदर्श विद्यालय में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्य सरकार के 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय स्थापित करने की पहल के लिए आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आदर्श विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राएं स्वयं को एक आदर्श विद्यार्थी के रूप में विकसित करें तथा अपने प्रखंड के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा, रोल मॉडल और मार्गदर्शक बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया जाएगा। विद्यालय में ललित कला, संगीत, खेलकूद तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारा जाएगा, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस नई पहल से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षण पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा एवं समावेशी शैक्षणिक वातावरण का लाभ मिलेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कोतवाल शिवा जी दुबे ने आधा दर्जन ड्रग्स माफियाओं को भेजा जेल

**लखीमपुर खीरी।** तेज तर्रार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग के निर्देशन में पलिया पुलिस की शक्त कार्यवाही शुरू।नवागत कोतवाल शिवा जी दुबे के आगमन के करीब 15 दिन के अंदर ही 06 नामचीन ड्रग माफियाओं को भारी मात्रा की बरामदगी के साथ भेजा गया जेल। अपराधियों में मचा हड़कंप, पलिया क्षेत्र छोड़ कर होने लगे फरार ! वाह्य जनपदों और पलिया आने वाले जनपदीय सभी मार्गों पर भारी पुलिस फोर्स के साथ हो रही गहरी चेकिंग ! ड्रग माफियाओं, गौ तस्करों और अन्य अपराधियों की नहीं होगी खैर, पलिया कोतवाल की चप्पे चप्पे पर नजर, कोतवाल के न्यायप्रिय और शख्स कार्य शैली की हो रही सराहना।

## जितेन्द्र वर्मा बने समाजवादी पार्टी के जिला सचिव

**गोला गोकर्णनाथ-** समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की है।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से लखीमपुर-खीरी के भदूरी गांव निवासी ,जितेन्द्र वर्मा, को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने बुधवार को जारी मनोनयन पत्र में कहा कि पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने जितेन्द्र वर्मा से अपेक्षा जताई कि वे अपनी कर्मठता से पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

## एक तरफ करोड़ों पौधरोपण का दावा, दूसरी तरफ प्रतिबंधित हरे-भरे आम के पेड़ों की कटान का आरोप

**लखीमपुर खीरी-** धौरहरा रेंज में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर विभाग द्वारा लाखों पौधरोपण का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 12 जुलाई को प्रतिबंधित हरे-भरे आम के कई पेड़ों की अवैध कटान किए जाने का आरोप सामने आया है।बताया जा रहा है कि कुछ पेड़ों की कटाई 10 जुलाई से ही शुरू हो गई थी और उनका चिरान भी कर दिया गया। आरोप है कि इस दौरान संबंधित बीट प्रभारी व सेक्शन प्रभारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। वहीं 12 जुलाई, जब पूरे प्रदेश में पौधरोपण अभियान चल रहा था, उसी दिन कथित रूप से मशीनों से पेड़ों की कटाई होती रही और रात में जेसीबी से जड़ें तक उखाड़ दी गई।मामले से जुड़े साक्ष्य उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है।अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि वन विभाग धौरहरा रेंज इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करेगा या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## उचौलिया पुलिस एक सप्ताह के भीतर फर्जी मुठभेड़ एनकाउंटर की कर रही संरचना

**लखीमपुर खीरी:** जनपद के उचौलिया थाना क्षेत्र में एक खास मुखबिर से सूचना मिलने के बाद यह दावा किया गया है कि अगले एक सप्ताह के भीतर पुलिस किसी फर्जी मुठभेड़ की साजिश रच सकती है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह फर्जी एनकाउंटर कराया जा सकता है, वह उचौलिया थाना क्षेत्र के भीतर ही कोई संवेदनशील इलाका हो सकता है, जबकि अभियुक्त पहले से पुलिस कस्टडी में मौजूद बताया जा रहा है। मामले को लेकर संबंधित क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अब सभी की निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। इन सभी घटनाओं की बारीक से जांच की जाए की गोली कितनी दूर से मारी जाती है वह अन्य बिंदु भी इसके कंगाल जा सकते हैं तो सभी संदिग्ध जिम्मेदार अपराध के घेरे में आ जाएंगे।देश में कानून व्यवस्था व मानवाधिकार आयोग व डीजीपी के आदेश निर्देश का सही से पालन नहीं किया जा रहा है मानव अधिकारों का लगातार उल्लंघन खनन किया जा रहा है मानव अधिकारों की कोई रक्षा करने वाला नजर नहीं आ रहा जेल व न्यायालय की अवहेलना भी की जा रही है !

# संसद मार्च की अनुमति नहीं

## धारा 163 BNSS के तहत निषेधाज्ञा लागू है, प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** संसद की ओर 20 जुलाई को प्रस्तावित सीजेपी (CJP) के मार्च को लेकर दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इसके लिए न तो कोई अनुमति मांगी गई है और न ही दी गई है। पुलिस ने कहा कि बिना अनुमति किसी भी मार्च या जुलूस की अनुमति नहीं होगी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, नई दिल्ली जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। इसके तहत विरोध मार्च, जुलूस, प्रदर्शन और पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है। केवल जंतर-मंतर स्थित निर्धारित स्थल पर पूर्व अनुमति लेकर ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा सकता है। पुलिस ने बताया कि 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए जनता, विशिष्ट व्यक्तियों और महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। किसी भी अनधिकृत गतिविधि को अनुमति नहीं दी जाएगी। दिल्ली पुलिस ने चेतावनी दी है कि निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनधिकृत सभा, मार्च या प्रदर्शन में शामिल न हों तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देकर केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। पुलिस का कहना है कि राजधानी में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना अनुमति किसी भी संगठन या व्यक्ति को मार्च या प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कानूनी कार्रवाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाएगी।

## काकादेव पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह का खुलासा

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना काकादेव पर एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि उसने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु एक जनसेवा केंद्र पर आवेदन किया था, किन्तु उसे दिल्ली नगर निगम के नाम से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। सहायक पुलिस आयुक्त स्वरुप नगर ज्योति श्री ने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना काकादेव पुलिस द्वारा जांच की गई, जिसमें शास्त्री नगर स्थित एक जनसेवा केंद्र, संचालक अखिलेश गुप्ता पुत्र गणेश प्रसाद गुप्ता, की संलिप्तता प्रकाश में आई। जांच में पाया गया कि अभियुक्त अपने दो साथियों के साथ मिलकर फर्जी एवं कूटरचित जन्म, मृत्यु, आय तथा निवास प्रमाण पत्र तैयार करता था। इन फर्जी दस्तावेजों पर दिल्ली नगर निगम का विवरण अंकित कर उनका उपयोग आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में संशोधन कराने के लिए किया जाता था। उक्त तथ्यों के आधार पर दिनांक 18.07.2026 को थाना काकादेव पर अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त अखिलेश गुप्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दिल्ली नगर निगम के नाम से तैयार 27 फर्जी एवं कूटरचित जन्म प्रमाण पत्र बरामद किए हैं।

# पानी के लिए तरसती पटेल नगर की जनता

## बच्चों के स्कूल में पानी गंभीर समस्या बनी बच्चे घर वापस लौटने को मजबूर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

एक तरफ जहां देश के विभिन्न हिस्सों में पानी एक गंभीर समस्या बन रही है खेत खलिहान सब डूबे हुए है घर मकान डूब रहे है तास के पत्ते की तरह गिर रहे है वही दिल्ली के पटेल नगर में पानी पीने के लिए भी बड़ी मुश्किल से मिल पा रहा है। पटेल नगर का वार्ड 85 और वार्ड 88 जो भौगोलिक रूप से पहाड़ी पर बसा हुआ है जहां पर पानी की आपूर्ति टैंकरों से होती है लेकिन विगत 15 दिनों से टैंकर का पानी भी मिल पाना बहुत मुश्किल हो गया है। जिन क्षेत्रों में नल से जल आता था वहां भी पानी मिल पाना बहुत मुश्किल हो गया है अधिकतर बोरिंगे बंद हो चुकी है। इस गंभी समस्या पर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों की लापरवाही सीधे तौर पर देखी जा सकती है। समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि वार्ड 88 में दो सरकारी विद्यालय एक बारहवीं तक दूसरा 5 वीं तक है बच्चे स्कूल से घर भेज दिए जा रहे है क्योंकि उनको पीने और शौचालय जाने के लिए पानी स्कूल में नहीं है। जिसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल बच्चों को घर भेज दे रहे है। क्षेत्रीय समाज



सेवक एस के चौबे ने बताया कि पानी एक गंभीर समस्या बन गई है जिसके कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है लोग मजबूर है और लाचार है। दिल्ली जल बोर्ड के शीर्ष अधिकारी इस गंभीर समस्या पर मानो विचार ही नहीं कर रहे है। मेरे 24 वर्ष के सामाजिक जीवन में पानी की इतनी बड़ी गंभीर समस्या कभी नहीं देखा गया।क्षेत्रीय लोग जल बोर्ड के अधिकारियों नेताओं के चक्कर लगा लगा कर थक गए हैं लेकिन निदान नहीं मिल पाया।जल बोर्ड के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार का व्यवहार भी जनता के साथ ठीक नहीं है, जनता से कोई अधिकारी बात करने के लिए तैयार ही नहीं है। अब राम ही बचाये पटेल नगर की जनता को और बच्चों के कैरियर को जो स्कूल में भी नहीं पढ़ने पा रहे है।

## विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चंडीगढ़/** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस एक बार फिर आंतरिक कलह से जूझ रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थकों ने खुला मोर्चा खोल दिया है। इस बीच पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने अपनी रिपोर्ट कांग्रेस हाईकमान को सौंपते हुए राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने की सिफारिश की है। इससे पार्टी के भीतर नेतृत्व विवाद और तेज हो गया है।सूत्रों के अनुसार, भूपेश बघेल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पंजाब के अधिकांश जिला अध्यक्ष और सांसद राजा वड़िंग के साथ हैं। वहीं चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा और कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि प्रदेश संगठन को नए नेतृत्व की जरूरत है। उनका आरोप है कि मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष राज्य सरकार के खिलाफ प्रभावी विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं।रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पंजाब के हालात पर मंथन किया। बैठक में पार्टी की बढ़ती गुटबाजी, संगठनात्मक स्थिति और



आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। राहुल गांधी ने चुनाव से पहले नेताओं के सार्वजनिक मतभेदों पर नाराजगी भी जताई और सभी को एकजुट होकर चुनाव लड़ने का संदेश दिया।भूपेश बघेल ने चंडीगढ़ में छह दिनों तक विभिन्न नेताओं से अलग-अलग और सामूहिक बैठकें की थीं। इसके बाद उन्होंने हाईकमान को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। हालांकि पार्टी के भीतर विरोध अभी भी थमा नहीं है और अंतिम फैसला राहुल गांधी व कांग्रेस नेतृत्व के हाथ में माना जा रहा है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंजाब में कांग्रेस पहले भी आंतरिक कलह का नुकसान उठा चुकी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच टकराव के बाद पार्टी सत्ता से बाहर हो गई थी। ऐसे में यदि मौजूदा नेतृत्व विवाद जल्द नहीं सुलझा, तो आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एक बार फिर राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। फिलहाल सभी की निगाहें कांग्रेस हाईकमान के अंतिम फैसले पर टिकी हैं।

## नवीन मंडी राजापुर बनी तालाब,किसान व आढ़ती बेहाल

**लखीमपुर खीरी-** विकास के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। नवीन मंडी राजापुर की तस्वीरें खुद चीख-चीख कर सरकारी व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। जरा सी बारिश में मंडी तालाब में तब्दील हो गई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि नवीन मंडी राजापुर के अंदर भारी बारिश के बाद पानी भर गया है। जगह-जगह गंदगी का अंबार और कीचड़ लगा हुआ है मंडी में आए किसान अपनी उपज बेचने को तरस रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मंडी से निकलने वाले नाले का गंदा पानी मंडी परिसर में भर गया है। बदबू और गंदगी की वजह से बैठना भी मुश्किल है। आढ़तियों का कहना है कि पानी और कीचड़ के कारण न तो माल की लोडिंग हो पा रही है और न ही बिक्री। मंडी समिति के लोगों का आरोप है कि आगे नाला बंद कर दिया गया है। उसी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही और पूरा पानी मंडी में भर गया है। वही करोड़ों की लागत से बनी 'नवीन मंडी' में अगर पहली बारिश में ही ये हाल है तो किसानों के लिए विकास कहां है !

## जनगणना फॉर्मों का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा करने वाले 27 बीएलओ सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कपूरथला-** डिप्टी कमिश्नर -कम- जिला चुनाव अधिकारी आकाश बांसल ने मतदाता सूचियों की चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण मुहिम के तहत इन्यूमरेशन फॉर्मो का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 27 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया। डिप्टी द्वारा सम्मानित किए गए बूथ लेवल अधिकारियों में अभिषेक, सुरजीत सिंह, प्रीत हरविंदर सिंह, भूपिंदर कौर, मोहम्मद यासीन अंसारी, अतिंदर पाल सिंह, अमनदीप, मोनिका, सीमा रानी, शालू सूद, कपिल नाहल, निशांत कुमार, परमजीत सिंह, शिखा, मीनू, बिक्रमजीत सिंह, टोनी कौड़ा, शरणजोत सिंह, प्रदीप कुमार, हरप्रीत कौर, विजय कुमार गुप्ता, मनजीत सिंह, अश्वनी ग्रोवर, रमणदीप सिंह, जसवंत कुमार, मीना कुमारी और ज्योति रानी शामिल हैं। इन सभी को डिजिटलीकरण की प्रक्रिया समय पर पूरा करने में निभाई गई बेहतरीन कार्यक्षमता और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। बीएलओ को बधाई देते हुए डिप्टी कमिश्नर आकाश बांसल ने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और दक्षता ने जिले में कार्यरत अन्य बूथ लेवल अधिकारियों के लिए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने अन्य बीएलओ से अपील की कि मतदाता सूचियों के बचे हुए फॉर्मों के डिजिटलीकरण के कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि जिला निर्धारित समय से पहले 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण का लक्ष्य हासिल कर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए मतदाता सूचियों की सही और समय पर तैयारी बेहद जरूरी है। डिप्टी कमिश्नर ने आगे बताया कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण मुहिम को पूरा करने के लिए जिले भर में 791 बूथ लेवल अधिकारी तैनात किए गए हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से भी अपील की कि वे चल रही पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दें और यह सुनिश्चित करें कि उनके वोट संबंधी विवरण सही ढंग से अपडेट किए जाएं, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन टोल-फ्री नंबर 1950 या जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 01822-233777 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चेक बाउंस मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत

### 15,036 मामलों का हुआ समाधान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के मार्गदर्शन में दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण डीएसएलएसए ने बीते शनिवार को दिल्ली के सभी जिला न्यायालय परिसरों में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत चेक बाउंस मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया। इस विशेष लोक अदालत में कुल 15,036 मामलों का निपटारा किया गया तथा 1.31 करोड़ रुपये (?1,31,40,000) से अधिक की राशि के समझौते संपन्न हुए। यह पहल लंबित मामलों का बोझ कम करने और लोगों को त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।डीएसएलएसए के अनुसार, देशभर की अदालतों में चेक बाउंस से जुड़े मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे मामलों में अधिकांश विवाद धन संबंधी होते हैं और आपसी सहमति के आधार पर उनका समाधान संभव होता है। इसी उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया, ताकि पक्षकारों को वर्षों तक मुकदमेबाजी का सामना न करना पड़े और उन्हें कम समय व कम खर्च में न्याय मिल सके। लोक अदालतें न केवल विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करती हैं, बल्कि न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए डीएसएलएसए ने सभी जिला न्यायालयों के साथ मिलकर व्यापक तैयारियां की थीं। इसके तहत धारा 138 के लंबित एवं वाद पूर्व मामलों की पहचान कर सूची तैयार की गई, संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस भेजे गए, बैंकों के अधिकृत अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई तथा पर्याप्त संख्या में लोक अदालत पीठों का गठन किया गया। साथ ही पक्षकारों को समझौते की प्रक्रिया में सहायता देने के लिए प्रशिक्षित मध्यस्थों की भी तैनाती की गई।अधिक से अधिक मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए विशेष लोक अदालत से पहले विभिन्न न्यायालयों में प्री-लोक अदालत बैठकें आयोजित की गई, जिनमें पक्षकारों को समझौते के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजन के दौरान डीएसएलएसए के वरिष्ठ अधिकारियों ने साकेत, तीस हजारी,



कड़कड़डूमा और पटियाला हाउस न्यायालय परिसरों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, मध्यस्थों और पक्षकारों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।वादकारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न न्यायालय परिसरों में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सहायता काउंटर स्थापित किए गए। न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, मध्यस्थों और पक्षकारों की सक्रिय भागीदारी के कारण बड़ी संख्या में मामलों का आपसी सहमति से समाधान संभव हो सका। कई वादकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से उनके विवादों का शीघ्र और सरल समाधान हुआ, जिससे उन्हें लंबी मुकदमेबाजी, अतिरिक्त खर्च और अनिश्चितता से राहत मिली।

## 129 खोए व चोरी हुए मोबाइल मालिकों को लौटाए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खन्ना (लुधियाना)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) खन्ना डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में खन्ना पुलिस ने 129 खोए व चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पंजाब पुलिस का आभार जताते हुए इस पहल की सराहना की। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने कहा कि यदि किसी का मोबाइल फोन खो जाए या चोरी हो जाए, तो इसकी सूचना बिना विलंब निकटतम सांझ केंद्र में दर्ज करानी चाहिए। इसके बाद साइबर अपराध थाना की सहायता से सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल पर मोबाइल को ब्लॉक कराया जा सकता है, जिससे उसका दुरुपयोग रोका जा सके। उन्होंने बताया कि ब्लॉक किए गए मोबाइल का कोई भी व्यक्ति उपयोग करता है तो उसकी जानकारी पुलिस को मिल जाती है, जिससे उसकी बरामदगी आसान हो जाती है। उन्होंने मोबाइल प्राप्त करने वाले सभी लोगों से अपने-अपने सांझ केंद्र जाकर मोबाइल अनलॉक कराने की अपील की, ताकि वे उनका सामान्य रूप से उपयोग कर सकें। एसएसपी ने लोगों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत 1930 टोल-फ्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं या साइबर अपराध पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी के शुरुआती कुछ घंटे 'स्वर्णिम समय' (गोल्डन आवर) होते हैं। इस दौरान शिकायत दर्ज होने पर ठगी की गई राशि को रोकने और कानूनी प्रक्रिया के तहत पीड़ित के खाते में वापस दिलाने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी अथवा अन्य गोपनीय सूचनाएं किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पंजाब पुलिस को दें।

## मेयर ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**लुधियाना।**'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के क्रम में मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने शनिवार सुबह जवद्दी क्षेत्र और मिनी सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की तथा स्थानीय लोगों से सफाई व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर नगर निगम के सहायक आयुक्त जसदेव सेखों, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपल मल्होत्रा, अमरिंदरपाल सिंह, पार्षद गोलू बाजवा, सनी बेदी, काका माछीवाड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मेयर इंदरजीत कौर ने जवद्दी क्षेत्र के एक पार्क में पौधारोपण कर लोगों को अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना प्रशासन और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। स्वच्छ शहर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को सक्रिय सहभागिता निभानी होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आसपास कहीं भी खुले में कचरा दिखाई देने पर नगर निगम की मानसून हेल्पलाइन 90867-91867 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## वन तारापुर में असम विश्वविद्यालय के आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग का जनसंपर्क अभियान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि-** असम विश्वविद्यालय के आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग ने कछार जिले के वन तारापुर में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता, आतिथ्य संस्कृति, पर्यटन विकास, स्थानीय विरासत संरक्षण और सतत ग्रामीण विकास के प्रति लोगों को जागरूक किया। विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. एस. एन. विश्वास, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. प्रणबेश चक्रवर्ती एवं विभाग के शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जिम्मेदार नागरिक व्यवहार तथा पर्यटकों के स्वागत में आतिथ्य एवं शिष्टाचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से रोजगार के अवसर, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय बुनकरों और




हस्तशिल्प कारीगरों से संवाद कर हथकरघा एवं हस्तनिर्मित उत्पादों को पर्यटन से जोड़ने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने बराक संग्रहालय एवं पुस्तकालय का भ्रमण किया और क्षेत्र के इतिहास, साहित्य एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में इन संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से उत्तरदायी पर्यटन एवं सतत विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## सरकारी स्कूल खड़कां में 'मिशन समर्थ' ने छुई नई ऊंचाइयां

### बाल कलाकारों ने दिखाई अपनी साहित्यिक प्रतिभा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**होशियारपुर-** शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया 'मिशन समर्थ' अब सफलता की नई बुलंदियों को छू रहा है। ब्लॉक होशियारपुर 2 बी के अंतर्गत आते सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खड़कां में प्रिंसिपल तरलोचन सिंह की कुशल और संजीदा रहनुमाई में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में, स्कूल के छठी से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के भीतर कहानी और कविता रचना की क्षमता को बखूबी प्रफुल्लित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की इस साहित्यिक प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक मंच प्रदान करने के लिए हाल ही में स्कूल में एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस पूरे आयोजन में यह बात विशेष रूप से उल्लेखनीय रही कि



शिक्षक विजय कलसी ने छात्रों के मन में कविता और रचनात्मक लेखन के प्रति गहरी रुचि पैदा करने के लिए विशेष प्रयास किए। उनके इसी मार्गदर्शन की बदौलत बच्चों ने इस प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ अपनी कलम का जादू बिखेरा। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें आठवीं कक्षा की होनहार छात्राएं– दीया, रौन और सोना मुख्य रूप से विजेता रहीं। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल तरलोचन सिंह ने कहा कि विद्यालय में भाषा और शिक्षा की महक अब तेजी से आगे बढ़ने लगी है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे निरंतर प्रयासों से साहित्य के ये बाल कलाकार भविष्य में और अधिक चमकेंगे। इस गरिमामयी कार्यक्रम के अवसर पर स्कूल स्टाफ से परमिंदर सिंह, रवि कुमार, सुखवीर सिंह, विजय कलसी, मीनाक्षी, दलजीत किंद, निधि शर्मा, अमनप्रीत कौर, सुषमा देवी, मोनिका राणा, अजय कुमार और रमणीक घुम्मन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## अलमस्त बापू मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**जालंधर।** सालाना अलमस्त बापू लाल बादशाह जी मेले के मद्देनज़र जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरविंदर सिंह विर्क ने मेला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक (जांच) मंजीत कौर, पुलिस अधीक्षक (स्थानीय) डॉ. मुकेश कुमार, सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा पूरे मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजपत्रित अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर निगरानी रखने और उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) को अपने-अपने उपमंडलों में सुरक्षा व्यवस्था की लगातार समीक्षा करने के लिए कहा। उन्होंने प्रभावी नाकाबंदी, नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में



विशेष निगरानी, पार्किंग एवं यातायात प्रबंधन तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने, गश्त बढ़ाने, खुफिया तंत्र को मजबूत करने तथा फील्ड स्टाफ के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जालंधर ग्रामीण पुलिस ने मेला स्थल और आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, नाकाबंदी, गश्त और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की है। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पुलिस के निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का उपयोग करें तथा मेले के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन में सहयोग करें।

# खेल प्रतियोगिताएं में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, टीम भावना और आपसी समन्वय को मजबूत करती है : पंकज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइंस, कमिश्नरेट प्रयागराज में 74वीं अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 18 जुलाई से 20 जुलाई 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें कमिश्नरेट प्रयागराज सहित सात जनपदों की महिला एवं पुरुष टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) पंकज ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, टीम भावना और आपसी समन्वय को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में कमिश्नरेट प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा, महोबा और चित्रकूट की टीमों सहित कुल 90 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता टीमों का चयन उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक लाइंस प्रथम विनोद कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग का मुकाबला जनपद प्रतापगढ़ और जनपद फतेहपुर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद फतेहपुर की टीम ने जीत दर्ज कर अगले चरण में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के कई मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस बल के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के साथ-साथ आपसी समन्वय, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना है। पुलिस विभाग को उम्मीद है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगी।

# राम मंदिर चंदा चोरी मामले में युवा कांग्रेस का आंदोलन का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मामले में प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के विरोध में 27 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सौरभ पांडेय एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आयुष नारायण मिश्रा ने कहा कि मंदिर में हुए कथित चंदा चोरी प्रकरण के दोषियों को जनता के सामने लाने के लिए व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सावन माह के दौरान कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे और प्रतीकात्मक रूप से दोषियों तथा उन्हें संरक्षण देने वालों की 'सद्बुद्धि' एवं 'मन की शुद्धि' के लिए प्रार्थना करेंगे। युवा नेताओं ने कहा कि यदि इसके बाद भी प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई तो लखनऊ जाकर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण का श्रेय लेने वाले प्रधानमंत्री को इस मामले में भी अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। उनके अनुसार, इस मामले में प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष शिवम पांडेय सहित रोहित सिंह एवं आदर्श शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नैनी स्टेशन रोड पर बीच सड़क बना गड्ढा , बैरिकेडिंग से बढ़ी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी के चक रघुनाथ व्यस्त स्टेशन रोड पर पिछले कई दिनों से सड़क के बीच बना गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पाइपलाइन फटने के कारण सड़क पर लगातार पानी बहता रहता है, जिससे सड़क धंसकर गहरे गड्ढे में तब्दील हो गई। लोगों का कहना है कि सूचना मिलने पर जल निगम की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया, लेकिन कार्य अधूरा छोड़कर कर्मचारी चले गए। गड्ढे की समुचित मरम्मत नहीं की गई, जिससे समस्या पहले की तरह बनी हुई है।वर्तमान में सड़क के बीचों-बीच बैरिकेडिंग लगा दी गई है, जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है।स्थानीय नागरिकों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि न तो क्षेत्रीय पार्षद इस समस्या पर ध्यान दे रहे हैं और न ही जल निगम के अधिकारी स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठा रहे हैं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** हण्डिया पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से जुड़े गंभीर मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार, 19 जुलाई 2026 को थाना क्षेत्र के फौजी ढाबा के पास से दबोचते हुए उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास यादव (19 वर्ष) पुत्र राम दुलार यादव, निवासी ग्राम नंदापुर, थाना ज्ञानपुर, जनपद भदोही के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध थाना हण्डिया में दर्ज मुकदमा संख्या 353/2026 में कार्रवाई की जा रही है। मामले के अनुसार, पीड़िता की तहरीर पर आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग पुत्री को उसके ननिहाल से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। इस शिकायत के आधार पर थाना हण्डिया में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस/भा.न्या.सं.) एवं पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पीड़िता के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में धाराओं में संशोधन किया। जांच में धारा 70(2) भा.न्या.सं. एवं 5(छ)/6 पॉक्सो एक्ट को हटाते हुए धारा 65(1) भा.न्या.सं. तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी और मुखबिर की सूचना पर फौजी ढाबा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# धोखाधड़ी फ्रॉड जालसाज़ी का मास्टरमाइंड महेंद्र गोयनका गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कल रात कोलकत्ता पुलिस ने कटनी निवासी संजय पाठक की पारिवारिक कंपनियों से 1000 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में रायपुर निवासी षड्यंत्रकारी महेन्द्र गोयनका को फ़र्ज़ीवाडा धोखाधड़ी मामले में दिल्ली से गिरफ्तार कर कोलकत्ता ले गए हैं । गोयनका पर फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से पाठक परिवार के स्वामित्व वाली कई कंपनियों पर नियंत्रण स्थापित करने का आरोप है। इस संबंध में कोलकत्ता में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120बी 467/468/471 सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके परिपालन में महेंद्र गोयनका की गिरफ्तारी की गई है। महेंद्र गोयनका, रायपुर निवासी है और पूर्व में एम?पी के विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनी में काम करता था। यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में एक प्रमुख प्रबंधकीय पद पर कार्यरत रहा है, गोयनका पर जालसाजी एवं धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोपों के अनुसार, यह मामला सैकड़ों करोड़ रुपये के कथित वित्तीय अनियमितताओं और कंपनी के बिके हुए माल को छल-कपट करके बेचने से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त, गोयनका के डायरेक्टर्स के विरुद्ध भी कटनी मप्र में दो अलग-अलग प्रकरण 420/ 120B /467/468/471 की प्राथमिकी दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार, उनके सहयोगियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज की जा चुकी हैं, उसके बाद भी वे पिछले लगभग डेढ़-दो वर्ष से फरार बताए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

# एक नदी, तीन जिलाधिकारी: गोमती उद्गम पुनरुद्धार पर ड्रीम मैंगोज की संस्थापिका दीपिका चतुर्वेदी ने उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** ड्रीम मैंगोज की संस्थापिका दीपिका चतुर्वेदी ने गोमती नदी के उद्गम स्थल पीलीभीत में हो रहे पुनरुद्धार कार्यों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, क्योंकि यह वही स्थल है जहाँ 2018 और 2020 में भी बड़े पैमाने पर काम किया जा चुका है। चतुर्वेदी, जो पर्यावरण कार्यकर्ता, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर, पोडकास्टर और - अलॉन्ग द बैंक?स ऑफ रिवर गोमती- की लेखिका हैं, उनका कहना है कि वैज्ञानिक दृष्टि पर आधारित योजना हो ताकि बार-बार अविरल धारा में बाधा ना उत्पन्न हो। वह कहती हैं कि सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी और जनता की बनती है। क्यूंकि अधिकारी आते जाते रहते है और वो हमेशा अपने कार्यकाल में अपना काम करते है, लेकिन उनके काम को सँजो के रखने की जिम्मेदारी हमारी है। दीपिका चतुर्वेदी जानकारी देते हुए बताती है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ0 अखिलेश मिश्रा, एसडीएम पुष्पा देवरार, तहसीलदार विवेक मिश्रा के नेतृत्व में फुलहर झील की श्रमदान से सफाई में लगभग 10,000 स्थानीय लोगों ने भाग लिया था। गांवों ने प्रशासन के आग्रह पर करीब 10 मीटर भूमि दान की, पुराने मंदिरों का उद्धार, माँ गोमती की प्रतिमा स्थापना और 10 एकड़ में पौधारोपण किए गए। तत्कालीन डीएम पीलीभीत व एसडीएम की माने तो उस अभियान में सरकारी धन का उपयोग नहीं हुआ और बताया जाता है कि इसे लेकर नदी का लगभग 49 किलोमीटर तक अविरल प्रवाह बहाल हुआ। वर्ष 2020 में तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे, एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने अवैध अतिक्रमण हटाने, ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पदयात्रा कराई और फुलहर झील के आस-पास क्षेत्र का पुनरुद्धार किया। इस चरण में ट्री हाउस, रेस्टोरेंट, गौशाला, रास्ते और वाराणसी-प्रेरित नियमित आरती शुरू की गई। तत्कालीन डीएम व एसडीएम के बताये अनुसार यह कार्य मनरेगा के माध्यम से संपन्न हुआ। वर्तमान में विधायक बाबू राम पासवान और पीलीभीत के वर्तमान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में अप्रैल-मई-जून 2026 के महीनों में उद्गम स्थल और आस-पास कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कई गतिविधियाँ कराई गईं। इनमें माधोटांडा, शाहबाजपुर, फुलहर, गोमती गुरुद्वारा, शेरपुर, गोपालपुर, बंजार घाट आदि शामिल हैं। उक्त कार्यों की निगरानी सीडीओ सतीश प्रसाद मिश्रा व डीसी मनरेगा हेमंत कुमार यादव पीलीभीत कर रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, एडीओ कोऑपरेटिव पूरनपुर, राम किशोर विलेज डेवलपमेंट ऑफिसर उपास्थित रहे।

# आगरा प्रभारी मुकेश कुमार, हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** पत्रकार विकास काउंसिल भारत के राष्ट्रीय कार्यालय, प्रयागराज में संगठन के आगरा प्रभारी एवं अधिवक्ता मुकेश कुमार के आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव डी.के. मिश्र तथा प्रदेश कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह के सानिध्य में उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर, बैज लगाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया बताया गया कि राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं राष्ट्रीय संरक्षक लखन लाल मिश्र की सहमति से मुकेश कुमार को आगरा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश पूर्वांचल सचिव डॉ. अरविंद कुमार, मंडल प्रभारी आशीष मिश्र एवं बुंदेलखंड प्रदेश प्रभारी अरुणेश त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से जुड़े मामले में , वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना हण्डिया पुलिस ने नाबालिग से संबंधित एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरूकी पुलिस के अनुसार, 19 जुलाई 2026 को थाना हण्डिया की पुलिस टीम ने सैदाबाद बाजार स्थित सिरसा तिराहा के पास से वांछित अभियुक्त विनोद यादव उर्फ मारकण्डेय (20 वर्ष), पुत्र साहबलाल यादव, निवासी ग्राम तेलियातारा, थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि थाना हण्डिया में मु0अ0सं0–588/2026 के तहत धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# लेखपालों की लेटलतीफी पर फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर लेखपालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि उ0 प्र0 राजस्व संहिता की धारा– 80, धारा–76 और धारा–34 के तहत होने वाली कार्यवाहियों में लेखपालों द्वारा समय पर बयान दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। इस लेटलतीफी और कथित अवैध धन उगाही के कारण दाखिल–खारिज (म्यूटेशन) और बेनामे से जुड़े मामलों में भारी विलंब हो रहा है, जिससे आम जनता और वादकारियों को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना और महामंत्री सुशील कुमार सक्सेना ने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे।

# संदीप ने जन्मदिन पर मनाया कर्मयोगी सम्मान दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** सदैव कुछ अलग सोच, कार्य करते हुए अपने जन्मदिन को कर्मयोगी सम्मान दिवस के रूप में गायत्री परिवार के संदीप खंडेलवाल ने मनाया। शनिवार को उन्होंने अपने वार्ड के सफाई कर्मियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस चालक योद्धाओं (जो की 24 घंटे जन सेवा में लगे रहते हैं) के साथ-साथ गौ रक्षक दल व बेजुबान पशुओं की देखभाल करने वाले कार्यकर्ताओं सहित सभी 16 लोगों नारायण टावर स्थित मोहमाया कैफे पर प्रशस्ति पत्र, पटका प्रदान कर सम्मानित किया, सभी को जलपान कराके अपना जन्मदिन मनाया। यहां नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, रोटरी क्लब पूरनपुर के संस्थापक डॉ0 दिनेश गुप्ता, समाजसेवी नवीन अग्रवाल, सौरभ पांडेय, विजयपाल विक्की, राजीव खंडेलवाल, कन्हैया सौभाग्य, स्पर्श, शिवकांत, परख, सचिन, यश सहित दर्जनों लोगों उपस्थित रहे। उनके द्वारा इस प्रकार से जन्मदिन मनाने के अंदाज को सभी के द्वारा बहुत सराहा जा रहा है।

# ऑपरेशन 'दहन' के तहत 5.57 करोड़ रुपये का 1115.95 किलो गांजा किया गया नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** ऑपरेशन दहन' के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 1115.95 किलोग्राम अवैध गांजा, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 5 करोड़ 57 लाख 97 हजार 500 रुपये आंकी गई है, का विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दहन कर विनष्टीकरण कर दिया।यह कार्रवाई नारकोटिक्स टास्क फोर्स (अपराध शाखा), थाना नैनी एवं थाना औद्योगिक क्षेत्र की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा उच्च स्तरीय समिति की निगरानी में की गई। नष्ट किए गए गांजे में थाना नैनी से बरामद 892.85 किलोग्राम तथा थाना औद्योगिक क्षेत्र से बरामद 223.10 किलोग्राम गांजा शामिल था।पुलिस के अनुसार, पूर्व में दोनों थानों की टीमों ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया था तथा संबंधित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। बरामद मादक पदार्थ को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया, जहां परीक्षण में उसके गांजा होने की पुष्टि हुई। पुलिस आयुक्त प्रयागराज द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की मौजूदगी में करीब छह घंटे तक चली प्रक्रिया के दौरान वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मान्यता प्राप्त व्यवस्था के माध्यम से पूरे 1115.95 किलोग्राम अवैध गांजे का सुरक्षित तरीके से दहन कर नष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त करछना, थाना नैनी प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, थाना औद्योगिक क्षेत्र के थानाध्यक्ष कमलेश पटेल, नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश गिरि सहित दोनों थानों एवं एनटीएफ के अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल द्वारा पूरनपुर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के मुख्य आयोजन तथा उत्तर प्रदेश सिख पंजाबी संगत के सहयोग से गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब, गोमती पुल, पूरनपुर में कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 मेधावी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकृति माधव, पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया तथा दिल्ली से विशेष रूप से पधारे सरदार बलविंदर सिंह उपस्थित रहे। हरपाल सिंह जग्गी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) का संबोधन ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि तराई क्षेत्र की जनसांख्यिकी में परिवर्तन का कारण केवल धर्म परिवर्तन नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं का विदेशों की ओर पलायन भी है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे मेधावी विद्यार्थी सिविल सर्विसेज, प्रशासनिक सेवाओं तथा अन्य राष्ट्रीय सेवाओं में आगे बढ़ेंगे तो वे समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल आने वाले समय में सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए नियमित मार्गदर्शन शिविर, कार्यशालाएँ एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करेगी, ताकि ग्रामीण एवं सीमांत क्षेत्रों के युवाओं को उचित दिशा मिल सके। यहां प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की वास्तविक शक्ति है। संस्था का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का सम्मान करना नहीं, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को प्रशासनिक सेवाओं, रक्षा सेवाओं तथा अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा कि आज अधिकांश युवा विदेश जाने की परीक्षाओं को ही अपना प्रमुख लक्ष्य मानने लगे हैं, जबकि सिविल सर्विसेज में सफलता प्राप्त कर देश की सेवा करना कहीं अधिक गौरवपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य बड़े रखने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जो छात्र सिविल सेवा की तैयारी करना चाहते हैं, उनके मार्गदर्शन के लिए वे समय-समय पर अपना समय देंगी। उन्होंने संस्था से आग्रह किया कि नियमित रूप से सिविल सर्विसेज मार्गदर्शन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित अध्ययन, समाचार पत्रों का अध्ययन तथा आधुनिक तकनीक, गूगल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सकारात्मक उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान का अवसर है। संगठनात्मक घोषणा इस अवसर पर सोनी दुष्यंत को ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब की प्रबंधक कमेटी, विशेष रूप से जथेदार सरदार बलबीर सिंह, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह, ग्रंथी सिंह साहिब तथा समस्त सेवादारों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# डॉ0 सरफराज़ अहमद खान पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर।** निजी चिकित्सक पर एलोपैथ से उपचार करते हुए रोगी को गलत इंजेक्शन लगाने के चलते आधा शरीर सुन्न होने तथा हालत बिगड़ने के मामले में मुख्यमंत्री से ऑनलाइन शिकायत की गई है। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां निवासी नजीब खान ने मुख्यमंत्री के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि दिनांक-16-07-2026 को पैर में तेज दर्द की शिकायत पर वह पूरनपुर के ब्लॉक रोड पीरानी के मजार के पास स्थित डॉक्टर सरफराज अहमद खान के क्लीनिक पर गया था। आरोप है कि जहां डॉ0 सरफराज़ अहमद खान ने एलोपैथी से उसका उपचार करते हुए इंजेक्शन लगाया। जिसके बाद उसका आधा शरीर सुन्न हो गया और हालात बिगड़ने के चलते वह चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गया। जिसके बाद हालत इतनी बिगड़ गई कि वह खड़े होने में भी असमर्थ हो गया। इसके बाद मरीज को गाड़ी पर लादकर घर ले जाना पड़ा। बताया जाता है कि मरीज की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए परिजनों ने उन्हें तुरंत पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि गलत उपचार के कारण उनकी जान पर बन आई है। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर सरफराज अहमद खान द्वारा किए गए गलत उपचार के कारण पीलीभीत के अस्पताल में इलाज कराने पर प्रतिदिन 3000 से 4000 रुपये के बीच खर्च आ रहा है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पीड़ित परिवार इस भारी-भरकम खर्च को उठाने के लिए विवश है। पीड़ित नजीब खान ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि मामले की गंभीरता की जांच कर आरोपी डॉक्टर सरफराज अहमद खान पर कार्यवाही करते हुए उसका क्लीनिक तत्काल बंद कराया जाए ताकि कोई अन्य व्यक्ति इलाज के नाम पर मौत के मुहाने तक न पहुँच सके।

# अमेरिका-ईरान संघर्ष तेज: तेहरान का परमाणु संयंत्र निशाने पर होने का दावा



**संगठन ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया। वर्ष 2022 में शुरू हुई इस परियोजना को ईरान की महत्वपूर्ण परमाणु परियोजनाओं में शामिल माना जाता है। उधर, अमेरिकी सेना ने शनिवार को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) से जुड़े ठिकानों पर नए हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक यह कार्रवाई जॉर्डन में हुए हमले के जवाब में की गई, जिसमें दो अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई थी। अमेरिका का कहना है कि इन अभियानों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करना है।**

**तेहरान/वॉशिंगटन(एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य तनाव लगातार गहराता जा रहा है। ईरान ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने खुजेस्तान प्रांत स्थित निर्माणाधीन दरखोविन परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला किया है। वहीं, कुवैत ने भी आरोप लगाया है कि ईरान ने उसके क्षेत्र पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसके बाद उसकी वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय करनी पड़ी। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के अनुसार स्थानीय समयानुसार तड़के करीब 3:39 बजे दरखोविन परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर में कई मिसाइलें गिरीं। संगठन ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया। वर्ष 2022 में शुरू हुई इस परियोजना को ईरान की महत्वपूर्ण परमाणु परियोजनाओं में शामिल माना जाता है। उधर, अमेरिकी सेना ने शनिवार को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) से जुड़े ठिकानों पर नए हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक यह कार्रवाई जॉर्डन में हुए हमले के जवाब में की गई, जिसमें दो अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई थी। अमेरिका का कहना है कि इन अभियानों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करना है। इस बीच, कुवैत ने आरोप लगाया कि ईरान ने उसके क्षेत्र पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिससे कुछ रणनीतिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा। हमले के बाद देश की वायु रक्षा प्रणाली को तत्काल सक्रिय कर दिया गया। तनाव के बीच ईरान के वरिष्ठ नेता इब्राहिम अजीजी ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अमेरिकी सैनिक अपनी सुरक्षा चाहते हैं तो उन्हें क्षेत्र छोड़ देना चाहिए। वहीं, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका पर हालिया समझौता तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि हमले जारी रहे तो ईरान करारा जवाब देगा। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार विकसित नहीं करने देगा। उन्होंने जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर हुए हमले के बाद सैन्य कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए। बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा क्षेत्र पर भी दिखाई देने लगा है। अमेरिकी ऊर्जा कंपनी एचकेएन एनर्जी ने सुरक्षा कारणों से इराक के कुर्दिश क्षेत्र में तेल उत्पादन का कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया है। इससे पहले यूएई की कंपनी दाना गैस भी क्षेत्र में बढ़ते सुरक्षा जोखिमों के चलते अपना परिचालन स्थगित कर चुकी है। पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते सैन्य टकराव के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता भी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ तो इसका असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर पड़ सकता है।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का नियमित संचालन शुरू, पहले दिन 15 यात्रियों ने किया सफर



जींद। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का रविवार से जींद-पिंडारा रेलखंड पर नियमित संचालन शुरू हो गया। ट्रेन निर्धारित समय सुबह 7:45 बजे जींद रेलवे जंक्शन से रवाना होकर करीब 10 मिनट में 5 किलोमीटर दूर पिंडारा रेलवे जंक्शन पहुंची। नियमित परिचालन के पहले दिन पिंडारा स्टेशन से करीब 15 यात्रियों ने इस ट्रेन में सफर किया। पहले दिन ट्रेन का संचालन सामान्य रूप से हुआ और इसके स्वागत के लिए कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों ने इसकी साफ-सफाई, आरामदायक सीटों और आधुनिक सुविधाओं की सराहना की। यात्रियों का कहना था कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में सफर करना उनके लिए यादगार अनुभव रहा और यह भारतीय रेलवे के भविष्य की नई तकनीक की झलक है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार पहले दिन यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहने का मुख्य कारण ट्रेन के नए समय की जानकारी का लोगों तक नहीं पहुंच पाना रहा। इससे पहले इसी रेलखंड पर ट्रेन सुबह 5:35 बजे संचालित होती थी, जिसके कारण कई यात्री पुराने समय के अनुसार स्टेशन पहुंचे। पिंडारा रेलवे जंक्शन के सहायक स्टेशन मास्टर कुलदीप जागलान ने बताया कि जैसे-जैसे लोगों को ट्रेन के नियमित संचालन और समय की जानकारी मिलेगी, यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई को जींद रेलवे जंक्शन से देश की पहली तथा दुनिया की सबसे लंबी और शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। नियमित परिचालन शुरू होने के बाद अब इस अत्याधुनिक ट्रेन की सफलता का आकलन यात्रियों की संख्या और इसके नियमित उपयोग के आधार पर किया जाएगा।

# मलिहाबाद में एक्सीडेंट मामले में नया मोड़,लल्ला यादव पर झूठे मुकदमे की साजिश रचने का आरोप

## ....... 'राज यादव ने कहा साहब मै निर्दोष हूं ',निष्पक्ष जांच की मांग !

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मलिहाबाद, लखनऊ।** 16 जुलाई 2026 की रात लगभग 9 बजे गांव के मंदिर के पास हुए एक्सीडेंट मामले में अब नया विवाद सामने आया है। तिलसुवा निवासी सरला पत्नी कालवीर यादव ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में निरंजन सिंह उर्फ लल्ला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थना पत्र में दावा किया गया है कि शिकायतकर्ता निरंजन सिंह उर्फ लल्ला ने रंजिश के चलते उनके दोनों बेटों को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, एक्सीडेंट की घटना में शिकायतकर्ता ने सरला के पुत्र रजत यादव और राज यादव का नाम लिखवा दिया, जबकि परिवार का कहना है कि घटना के समय दोनों मौके पर मौजूद ही नहीं थे। सरला का आरोप है कि उनका छोटा बेटा रजत यादव उस समय लखनऊ के पारा क्षेत्र स्थित अपने बड़े भाई के मेडिकल स्टोर पर मौजूद था, जबकि बड़ा बेटा राज यादव घर पर किसानों का हिसाब-किताब कर रहा था। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि निरंजन सिंह उर्फ लल्ला ने पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत दोनों युवकों को मामले में फंसाने का प्रयास किया है। सरला ने यह भी कहा है कि शिकायतकर्ता पहले भी गांव के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने का प्रयास करता रहा है और इसी मंशा से इस घटना का सहारा लिया गया। वहीं राज यादव का लगातार यही कहना है कि उसका इस घटना से कोई भी दूर दूर तक लेना देना नहीं, साज़िशन उसे अपराधी बनाया जा रहा है द्य वह लगातार उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रहा है कि साहब मै निर्दोष हूं द्य निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसे सजा मिलनी चाहिए प्रार्थिनी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच की जाती है तो सच्चाई सामने आ जाएगी और निर्दोष लोगों को न्याय मिलेगा। प्रार्थना पत्र में यह भी मांग की गई है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो निरंजन सिंह उर्फ लल्ला के खिलाफ कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# कायस्थ पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव का फूंका बिगुल, 100 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों में जुटने का किया आह्वान उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए किसान आम जन युवा शोषित ट्रेडर्स हमारी पार्टी (कायस्थ पार्टी) ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया है। राजधानी लखनऊ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का भव्य उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अजय शंकर श्रीवास्तव के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही पार्टी ने 2027 विधान सभा चुनाव की तैयारियों का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है। उन्होंने घोषणा की कि कायस्थ पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में कम से कम 100 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी किसानों, आम जनता, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों तथा समाज के शोषित और उपेक्षित वर्गों की आवाज बनकर कार्य कर रही है। प्रदेश में बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान तथा विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुट जाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है। इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करना होगा तथा जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव मिलिंद श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, जौनपुर की भावी विधानसभा प्रत्याशी अंजनी तथा उनके साथ आए जौनपुर के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा प्रांतीय महिला अध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीरज मिश्रा, लखनऊ जिला अध्यक्ष, बस्ती जिला अध्यक्ष डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव एवं उनके साथ आए कार्यकर्ता, अयोध्या से आए जिला अध्यक्ष तथा विभिन्न जिलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन समारोह में उपस्थित नेताओं ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी प्रदेश के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर राजनीति करेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश महासचिव बी.के. श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती और 2027 विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य को लेकर पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही कायस्थ पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने और प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है।

# मलिहाबाद: प्रधान का कार्यकाल खत्म, सचिव और ब्लॉक अधिकारियों की लापरवाही से चाँदपुर गंदगी में डूबा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत सुरगौला के ग्राम चाँदपुर की स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। गांव में जगह-जगह खुली नालियां, रास्तों पर फैली गंदगी और उगी झाड़ियां ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब प्रधान का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, जिसके बाद सफाई व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे दिखाई दे रही है। आरोप है कि सफाईकर्मी मनमानी कर रहे हैं और नियमित सफाई नहीं की जा रही है, जिससे गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सचिव गांव की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और पंचायत का रुख करना भी पसंद नहीं करते। वहीं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों पर भी लापरवाही के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो निरीक्षण किया गया और न ही समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम उठाया गया। गांव की बदहाल तस्वीरें यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सफाई व्यवस्था और विकास कार्य धरातल पर क्यों दिखाई नहीं दे रहे हैं। यदि समय रहते नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई और रास्तों की साफ-सफाई नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम चाँदपुर की स्थिति का तत्काल संज्ञान लेकर पंचायत सचिव, सफाई व्यवस्था और ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा गांव में युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को गंदगी और संभावित बीमारियों से राहत दिलाई जाए।

# याद ए सकीना बिन्तुल हुसैन में शहादत का ग़मगीन तज़केरा सुन अक़ीदतमंदों के छलके आंसू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** हैदरी पत्थर गली शहनूर अलीगंज प्रयागराज की जानिब से शनिवार रात यादे सकीना बिन्तुल हुसैन (स.अ.) के अवसर पर एक मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। कार्यक्रम में दिल्ली से आए मौलाना सैयद कल्बे रुशैद साहब क़िबला ने ख़िताब करते हुए हज़रत सकीना (स.अ.) की ज़िंदगी,सब्र और करबला के पैगाम पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि करबला का संदेश इंसानियत, सब्र और सच्चाई पर डटे रहने की सीख देता है। मजलिस की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन ए पाक से हुई, जिसके बाद नज़राना-ए-अक़ीदत और मर्सिया पेश किया गया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और पूरे अदब व एहतराम के साथ मजलिस को सुना।ताबूत ए सकीना व अलम भी निकाला गया।जिसकी जियारत को अक़ीदतमन्दों का सैलाब उमड़ पड़ा। अन्जुमन हैदरिया रानी मण्डी के नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

आखिर में मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और इंसानियत की भलाई के लिए दुआ की गई।

# कोर्टरूम में रील बनाने वाले वकीलों पर होगी कार्रवाई, बार काउंसिल का सर्कुलर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने वकीलों के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल नैतिकता के नियमों को लेकर सर्कुलर जारी किया है। इसके तहत वकीलों के कोर्टरूम या अदालत परिसर में सोशल मीडिया के लिए रील बनाने पर रोक लगाई गई है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वकीलों, कानून के छात्रों और इंटर्न के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीसीआई ने सभी राज्य बार काउंसिल को वकीलों के सोशल मीडिया इस्तेमाल और डिजिटल आचरण से जुड़े नए नियम तुरंत लागू करने का निर्देश दिया है। 17 जुलाई को जारी पत्र में बीसीआई ने सभी राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और सचिवों से कहा कि इन दिशा-निर्देशों को वकीलों, लॉ फर्मों, बार एसोसिएशनों और कानूनी संस्थानों तक व्यापक रूप से पहुंचाया जाए, ताकि इनका सख्ती से पालन हो। नए नियमों के अनुसार, वकीलों को सोशल मीडिया पर पेशेवर आचरण बनाए रखना होगा। अदालतों के खिलाफ अपमानजनक, भ्रामक या मानहानिकारक पोस्ट करने पर रोक रहेगी। साथ ही, मुवक्किल की गोपनीय जानकारी और अदालत की गोपनीय कार्यवाही सार्वजनिक नहीं की जा सकेगी। बार काउंसिल ने वकीलों से डिजिटल माध्यम में भी अदालत की गरिमा बनाए रखने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से तैयार सामग्री का अनैतिक उपयोग न करने और सभी ऑनलाइन संवाद को पेशे की नैतिक मर्यादा के अनुरूप रखने को कहा है। बीसीआई ने राज्य बार काउंसिल को निर्देश दिया है कि वे इन नियमों को अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया और नोटिस बोर्ड पर जारी करें। साथ ही वेबिनार, कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वकीलों को नए नियमों की जानकारी दें। नामांकन या नवीनीकरण के समय वकीलों से इन दिशा-निर्देशों का पालन करने का लिखित घोषणा-पत्र भी लिया जाएगा।

# राम मंदिर ट्रस्ट को 'पब्लिक ट्रस्ट' के तौर पर फिर से बनाया जाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** निर्मोही अखाड़े ने सुप्रीम कोर्ट से 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के पुनर्गठन के लिए निर्देश देने की मांग की। अखाड़े का तर्क है कि ट्रस्ट का मौजूदा स्वरूप सुप्रीम कोर्ट के 2019 के अयोध्या फैसले की भावना के खिलाफ है और इसमें जवाबदेही की कमी है। यह मिसलेनियस एप्लीकेशन (विविध याचिका) अयोध्या टाइटल विवाद की उस कार्यवाही में दायर की गई, जिसका निपटारा हो चुका है। इसमें संविधान पीठ द्वारा 9 नवंबर, 2019 के फैसले में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई। अखाड़े का कहना है कि फैसले में मंदिर के मैनेजमेंट में उसकी 'उचित भूमिका' की परिकल्पना की गई थी, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजना ने उसे ट्रस्ट के कामकाज और धार्मिक कार्यों, दोनों से ही बाहर कर दिया। यह याचिका 'श्री पंच रामानंदी निर्मोही अखाड़ा' की ओर से उसके सरपंच, महंत और सर्वाकार, महंत राजा रामचंद्रचार्य अतीत गुरु रघुनाथ दास ने दायर की। उनका दावा है कि उन्हें 5 जुलाई, 2026 के एक प्रस्ताव के जरिए नियुक्त और मान्यता दी गई। याचिका में कहा गया कि अखाड़ा एक 'पंचायती मठ' है, जिसके फैसले उसकी पंचायत द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से लिए जाते हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि वह अयोध्या टाइटल विवाद में मुख्य पक्षों में से एक था याचिका के अनुसार, ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट के फैसले की मंशा के विपरीत बिना किसी प्रभावी कानूनी निगरानी के एक 'प्राइवेट ट्रस्ट' के तौर पर काम कर रहा है। इसमें ट्रस्ट को 'पब्लिक ट्रस्ट' के तौर पर फिर से बनाने और इसके कामकाज में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र निगरानी तंत्र बनाने की मांग की गई। अखाड़े ने कोर्ट से आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार को ट्रस्ट डीड में उचित संशोधन करने और 'बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज' का पुनर्गठन करने का निर्देश दे। इसमें 'रामानंदी बैरागी संप्रदाय' के सदस्यों वाला एक निगरानी बोर्ड शामिल करने की बात कही गई। साथ ही यह भी मांग की गई है कि ट्रस्टियों का चयन 'उच्च ईमानदारी' वाले उन लोगों में से किया जाए जिनका श्री राम जन्मभूमि या रामानंदी परंपराओं से ऐतिहासिक, कानूनी या धार्मिक संबंध रहा हो। भक्तों के चढ़ावे की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के हालिया आरोपों का ज़िक्र करते हुए अखाड़े का कहना है कि ट्रस्ट के कामकाज में जवाबदेही की भारी कमी दिखी। इसने एक स्वतंत्र समिति नियुक्त करने की मांग की, जो यह जांच करे कि क्या केंद्र ने 2019 के फैसले को ईमानदारी से लागू किया। साथ ही ट्रस्ट के वित्तीय और संपत्ति-संबंधी लेन-देन का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का भी अनुरोध किया।

# शंकरगढ़ मे खभे पर लगी स्ट्रीट लाइट बनी शो पीस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** शंकरगढ़ नगर पंचायत मे बिजली के खंभे लगे होने के बावजूद ज्यादातर खम्भे पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी है और जहाँ लगी है वो ख़राब है । इसके परिणामस्वरूप शाम होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है, जिससे स्थानीय निवासियों व राहगीरो को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में शाम होते ही अंधेरा छा जाने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। निवासियों का कहना है कि वार्ड मे , खासकर पंखा चौराहे, मे लगे खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइटें करीब एक महीने से ख़राब पड़ी जिसकी कई बार शिकायत के बाद भी सुधारा नहीं जा सका । वार्ड वासियो ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन व अधिशाषी अधिकारी से जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटें लगवाने, की मांग की है। '